e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 80
रविवार
23.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

रिश्तो की कदर भी पैसों की तरह करनी चाहिए क्योंकि, दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान!

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**

इफ्तार (23.03.25) : शाम 6.02 बजे
सेहरी (24.03.25) : सुबह 4.27 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## परिसीमन को लेकर चेन्नई में एकजुट हुआ विपक्ष, बैठक में सभी ने केंद्र पर साधा निशाना

# परिसीमन मामले में लिया जायेगा कानून का सहारा : स्टालिन

**एजेंसी**

**चेन्नई :** केंद्र की ओर से संसदीय सीटों के प्रस्तावित परिसीमन को लेकर तमिलनाडु में शनिवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की ओर से एक संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने स्पष्ट किया कि इस मामले में कानून का सहारा भी लिया जा सकता है. ये बैठक इस विवाद पर गंभीर चर्चा का हिस्सा रही और आगे की रणनीति तय की गई. बैठक में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर बिना किसी परामर्श के इस मुद्दे पर आगे बढ़ने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि लोकसभा सीटों के परिसीमन की तलवार लटक रही है और ये कदम संवैधानिक सिद्धांतों या लोकतांत्रिक अनिवार्यताओं से प्रेरित नहीं है बल्कि ये संकीर्ण राजनीतिक हितों से प्रेरित है. विजयन का मानना था कि यदि जनगणना के बाद परिसीमन किया जाता है तो उत्तरी राज्यों को ज्यादा सीटें मिलेंगी जबकि दक्षिणी राज्यों की सीटों में कमी आएगी जो भाजपा के लिए फायदेमंद होगा. बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एम द्यके स्टालिन ने राजनीतिक और कानूनी कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का समर्थन किया.

उन्होंने समिति का नाम निष्पक्ष परिसीमन के लिए संयुक्त कार्रवाई समिति रखने का प्रस्ताव दिया. स्टालिन ने कहा कि उनकी पार्टी परिसीमन के खिलाफ नहीं है बल्कि वे निष्पक्ष परिसीमन के पक्ष में हैं ताकि अधिकार बनाए रखे जा सकें. इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इस मुद्दे पर निरंतर कार्रवाई जरूरी है और लोगों में जागरूकता पैदा करना अहम होगा.बैठक में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी अपनी चिंता जाहिर की. उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत ने परिवार नियोजन में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उत्तर के बड़े राज्य इसमें विफल रहे हैं.

रेड्डी ने ये भी आरोप लगाया कि दक्षिण भारत राष्ट्रीय राजस्व में ज्यादा योगदान देता है, लेकिन इसके बावजूद उसे कम आवंटन मिलता है. उनके अनुसार ये असंतुलन उत्तर और दक्षिण के बीच भेदभाव को और बढ़ा सकता है.

### कई राज्यों ने सफलतापूर्वक जनसंख्या नियंत्रण किया : नवीन पटनायक

इस बैठक में वर्चुअली तौर पर शामिल होते हुए बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण बैठक है। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने जनसंख्या को नियंत्रित करने और स्थिर करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। जनसंख्या नियंत्रण हमारे देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एजेंडा है। एक राष्ट्रीय एजेंडा को राज्यों के हस्तक्षेप में विकेंद्रीकृत किया गया था और पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार ने इसे उच्च प्राथमिकता दी है।उन्होंने आगे कहा कि राज्यों ने भी अपनी पहल की और राष्ट्रीय एजेंडे को सफलतापूर्वक लागू करने में शामिल हुए, और केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा राज्य इस संबंध में बहुत सफल रहे हैं। यदि इन राज्यों ने जनसंख्या को स्थिर करने में जो किया, वह हासिल नहीं किया होता, तो भारत में जनसंख्या विस्फोट हो जाता, जो हमारे देश के लिए सही नहीं होता।

### यह एक जनसांख्यिकीय दंड है : सीएम रेवंत रेड्डी

मीडिया से बातचीत करते हुए तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीजेपी जनसांख्यिकीय दंड की नीति लागू कर रही है। उन्होंने आगे कहा,परिसीमन प्रक्रिया में लोकसभा सीटों की संख्या न बढ़ाएं।




### परिसीमन का प्रस्ताव हमारे सिर पर तलवार की तरह : विजयन

बैठक में हिस्सा लेते हुए केरल के सीएम मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा,लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रस्ताव हमारे सिर पर तलवार की तरह लटक रहा है। विभिन्न रिपोर्टों से पता चलता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बिना किसी परामर्श के परिसीमन प्रक्रिया में आगे बढ़ रही है। यह अचानक उठाया गया कदम किसी सवैधानिक सिद्धांत या लोकतांत्रिक अनिवार्यताओं से प्रेरित नहीं है।

### भाजपा ने परिसीमन विवाद को बताया डीएमके का नाटक

चेन्नई : भाजपा की तमिलनाडु ईकाई ने शनिवार को सत्ताधारी दल डीएमके के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर राज्य के अधिकार दूसरे राज्यों को देने का आरोप लगाया। साथ ही भाजपा ने परिसीमन विवाद को डीएमके का नाटक करार दिया। तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया। इस प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को भी काले झंडे दिखाए और नारेबाजी की। तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि तमिलनाडु के पड़ोसी राज्यों के साथ कई मुद्दे लंबित हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन मुद्दों को नहीं उठाते। केरल के साथ मुल्लापेरियार बांध का मुद्दा है। कर्नाटक की सरकार कर्नाटक से होकर गुजरने वाली होसुर मेट्रो लाइन का विरोध कर रही है, लेकिन हमारे सीएम जब पड़ोसी राज्यों का दौरा करते हैं तो इन मुद्दों को नहीं उठाते, लेकिन आज उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है और परिसीमन का नाटक कर रहे हैं। जबकि यह कोई समस्या भी नहीं है।

## परिसीमन को लेकर अनावश्यक आशंका जाहिर की जा रही है : आरएसएस



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में तीन दिवसीय बैठक हो रही है.मंथन का शनिवार को दूसरा दिन था. इस बीच, आरएसएस के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बांग्लादेश, परिसीमन जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी. उन्होंने परिसीमन पर कहा कि 2002 के बाद परिसीमन को फ्रीज कर दिया गया. तो सवाल ये है कि अभी कोई नया एक्ट आया क्या ? अरुण कुमार ने कहा कि परिसीमन को लेकर अनावश्यक आशंका जाहिर की जा रही है. समाज में सबको लेकर चलने की बात करनी चाहिए. अविश्वास खड़ा करने से बचना चाहिए.

उन्होंने कहा कि डिलिमिटेशन के लिए एक्ट आता है. पहले परिसीमन एक्ट 1979 बना. उसके बाद परिसीमन एक्ट 2002 आया. उसके बाद परिसीमन को फ्रीज कर दिया गया. तो सवाल ये कि अभी कोई नया एक्ट आया क्या ? अभी जो लोग इस मुद्दे को उठा रहे हैं, उनसे पूछिए कि परिसीमन से पहले जनसंख्या गणना होती है. उसके बाद परिसीमन एक्ट आता है. ऐसा कुछ हुआ भी नहीं है फिर वो इस मुद्दे को लेकर क्यों आगे बढ़ रहे हैं? जो लोग परिसीमन को मुद्दा बना रहे हैं, उनको इंट्रोइंस्पेक्शन करना चाहिए कि क्या जो वो कर रहे हैं वो सही है ? बीजेपी अध्यक्ष की नियुक्ति में हो रही देरी पर अरुण कुमार ने कहा कि संघ से जुड़े 32 संगठन हैं. हर संगठन स्वयं में स्वतंत्र और स्वायत्त है और उनकी अपनी निर्वाचन प्रक्रिया है.किसी भी संगठन में अध्यक्ष चुनाव के लिए संघ से कोई समन्वय नहीं होती. हमारी उनसे कोई ठनी हुई है ऐसा नहीं है. उनके यहां चुनाव की प्रक्रिया चल रही है. थोड़ा दिन धैर्य रखिए परिणाम सामने आ जाएगा. बैठक में बांग्लादेश को लेकर प्रस्ताव भी पास हुआ है. अरुण कुमार ने कहा कि आरएसएस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने प्रस्ताव पारित कर बांग्लादेश के हिंदू समाज के साथ एक जुड़ता से खड़े रहने का आह्वान किया. प्रस्ताव में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए. बैठक में यूनाइटेड नेशन के दखल की मांग की गई.कहा कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा लगातार हो रही सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करती है. यह स्पष्ट रूप से मानवाधिकार हनन का गंभीर विषय है.

## क्विक न्यूज

### नागपुर हिंसा में पहली मौत, आइसीयू में भर्ती इरफान अंसारी ने तोड़ा दम

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के बाद भारी तनाव देखने को मिला था, इस हिंसा में कई लोग घायल भी हुए थे. शहर में शांति बहाल करने के लिए पुलिस ने करीब 11 इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया था, घटना के 6 दिन बाद भी 9 इलाकों में अभी भी कर्फ्यू लगा हुआ है. इसी हिंसा के दौरान घायल हुए इरफान अंसारी की हुई मौत हो चुकी है. इरफान 17 तारीख को हुई हिंसा में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका नागपुर के मेयो अस्पताल में इलाज चल रहा था. घटना के दिन से ही उनकी हालत को देखते हुए आईसीयू में रखा गया था.

### छापेमारी में लाखों की नशीली दवा बरामद

**हरिद्वार :** पुलिस, ड्रग्स विभाग और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर चौक स्थित एक गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद की है। टीम की छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पकड़ी गई नशीली दवा की कीमत लाखों रुपये बतायी गई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को पुलिस, ड्रग्स विभाग और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर चौक स्थित बैरियर नंबर 6 के पास एक ट्रांसपोर्टर के गोदाम पर छापा मारा। गोदाम से टीम को 3 लाख 41 हजार 568 ट्रामाडोल टैबलेट्स बरामद हुईं। पकड़ी गई नशीली दवाओं की बाजार में कीमत 30 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

### अदाणी फाउंडेशन ने आदिवासी जैविक धरती प्रोड्यूसर कंपनी का किया गठन

**गोड्डा :** गोड्डा प्रखंड के डुमरिया गांव में किसानों को बढावा देने के उद्देश्य से आदिवासी जैविक धरती प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन करते हुए एफपीओ के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस एफपीओ के गठन में अदाणी फाउंडेशन की अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम में डुमरिया पंचायत के उपमुखिया, अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी, एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के सदस्य और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन गोड्डा के सीएसआर प्रमुख ने एफपीओ की महत्ता और सरकारी व कृषि विभागों से मिलने वाले संसाधनों के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जैविक खेती के फायदे बताते हुए किसानों को इसके प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों और एफपीओ सदस्यों ने नए कार्यालय के उद्घाटन पर खुशी जाहिर की और इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस पहल से जैविक खेती को बढ़ावा मिलने और किसानों को नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले जवानों से उप मुख्यमंत्री शर्मा ने की मुलाकात

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर में 26 नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले जवानों से आज मुलाकात कर उनके शौर्य की सराहना की ।श्री शर्मा ने कहा कि यह हमारे जवानों की भुजाओं की ही ताकत है कि मैं बेझिझक होकर सड़क मार्ग से बीजापुर आया हूं। उन्होंने कहा कि इससे पहले कोई भी गृहमंत्री कार उन्होंने बीजापुर नहीं पहुंचा होगा।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर से सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूं। आपके अद्भुत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है। भीषण मुठभेड़ में हमारे एक जांबाज जवान शहीद हुए, उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं।बस्तर शांति का टापू रहा है, लेकिन, कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण यहां की शांति भंग हुई है। हमारे सुरक्षा बल और पुलिस के जवान ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करके ही रहेंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## एक माह के अंदर बनेगी अनुसूचित जाति आयोग की नियमावली : चमरा लिंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को आश्वस्त किया है कि एक महीने के भीतर अनुसूचित जाति आयोग का गठन कर लिया जाएगा। इसकी नियमावली भी तैयार कर ली जाएगी।उन्होंने बताया कि पूर्व की नियमावली में विसंगतियां थी। इस कारण उसे फिर से बनाया जा रहा है। संविधान की विभिन्न धाराओं के मद्देनजर नियमावली बनाने में थोड़ा वक्त लग रहा है। उन्होंने अनुसूचित जाति के विधायकों से नियमावली को लेकर सुझाव देने का भी आग्रह किया। इससे पूर्व भाजपा विधायक मंजू देवी ने आयोग का गठन नहीं होने का सवाल खड़ा किया था। उनका कहना था कि 2020 के बाद से आयोग का गठन नहीं हुआ है। पांच साल से आयोग का गठन क्यों नहीं हो रहा है।

सरकार ने शनिवार को विधानसभा में आश्वासन दिया कि राज्य में होल्डिंग टैक्स व फ्लैट के निबंधन की दर संबंधी विसंगतियों को दूर किया जाएगा। खासकर कोडरमा जिले के प्रभारी मंत्री रामदास सोरेन ने सदन को बताया कि एक अगस्त से पहले बैठक बुलाकर कोडरमा जिले की होल्डिंग टैक्स और फ्लैट निबंधन संबंधी विसगतियों को अवश्य दूर कर लिया जाएगा।संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी विसंगतियों को दूर करने पर गंभीरता से प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया। इससे पहले भाजपा विधायक नीरा यादव अपने ध्यानाकर्षण के माध्यम से, खासकर कोडरमा जिले में फ्लैट और जमीन के होल्डिंग टैक्स एवं निबंधन दर में अत्यधिक वृद्धि किए जाने का सवाल उठाया। उनका कहना था कि हजारीबाग, धनबाद सहित अन्य जिलों में सर्किल रेट पर निर्धारित होल्डिंग टैक्स कोडरमा की अपेक्षा बहुत कम है। इसको लेकर कोडरमा में आंदोलन भी हो रहे हैं। उनका यह भी कहना था कि पिछले 5 वर्षों से वह सदन में कई बार इस विषय को उठा चुकी है।

# रांची बंद कर रहा व्यापक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य सरना स्थल के पास ओवरब्रिज के रैंप बनाने के विरोध में आहूत रांची बंद का व्यापक असर रहा. शनिवार की सुबह से शाम तक पूरी राजधानी जाम के कारण कराहती रही. सिरमटोली फ्लाईओवर के साथ-साथ राजधानी के हर चौक-चौराहे और गली-मोहल्ले में यातायात बंद समर्थकों के कारण प्रभावित रहा. बस, ट्रेन और यहां तक कि हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा.बंद के समर्थन में आदिवासी संगठन पारंपरिक हथियारों से लैस थे. बंद को लेकर आदिवासी संगठनों के नेताओं का कहना है कि सिरम टोली के पास स्थित सरना स्थल उनका मुख्य धार्मिक स्थल है. सरहुल के दिन निकाले जाने वाले सभी जुलूस यहीं समाप्त होते हैं, ऐसे में अगर वह स्थल छोटा हो गया तो पूजा करने में काफी दिक्कतें आएंगी.बंद के दौरान कई स्थानों पर समर्थकों के द्वारा काफी उत्पात भी मचाया गया.कई जगह पुलिस और बंद समर्थन के बीच तनातनी भी हुई. इस मामले को लेकर सिटी एसपी ने बताया कि वैसे तमाम तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्होंने बंद के दौरान कानून तोड़ा है. ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी.रांची बंद में केन्द्रीय सरना समिति एवं चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ रांची बंद कराने निकले जिसमे हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि रांची के चारों ओर सरना धर्मावालंबी ने सड़क पर उतरकर रांची बंद कराने का कार्य किया। सरना समाज अपने धर्म की रक्षा के लिए एकजूट है। तीन महीने से लगातार सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प का मामला को लेकर आदिवासी संगठनों द्वारा लगातार जोरदार प्रदर्शन एवं विरोध कर रही है। झारखंड विधानसभा में विधायकों ने केन्द्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प का मामला उठाया एवं विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा जांच समिति बनाकर समस्या का समाधान करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौन है। बंदी को सफल बनाने के लिए व्यवसाय प्रतिष्ठानों,बस ओटो ई-रिक्शा बंद में शामिल तमाम आदिवासी संगठनों एवं बंद को समर्थन देने वाले उन सभी राजनीति पार्टी को केन्द्रीय सरना समिति इन सभो का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती है।चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेन्द्र लिंडा ने कहा कि चडरी सरना समिति द्वारा बंद की शुरुआत लाइन टैंक रोड से लेकर अल्बर्ट एक चौक सर्जना चौक, डेली मार्केट चौक, शहीद चौक,अप्पर बाजार, महावीर चौक, सुभाष चौक, के सभी प्रतिष्ठानों को सुरेंद्र लिंडा ने शांति पूर्वक सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बंद कराया।

## आईईडी ब्लास्ट में सब इंस्पेक्टर शहीद, एक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के चाईबासा जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के एक सब इंस्पेक्टर शहीद हो गए हैं. चाईबासा में हुए आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल हुए थे, जिन्हें इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया था.सीआरपीएफ 193 बटालियन के सब इंस्पेक्टर जीडी सुनील कुमार मंडल अपनी टीम के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले हुए थे. इसी दौरान चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों ने पहले से लगाई गई आईईडी में विस्फोट किया, जिसकी चपेट में आने से सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और सीआरपीएफ जवान जीडी पार्थ घायल हो गए. ब्लास्ट की जानकारी मिलने के बाद आनन फानन में दोनों घायलों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल को मृत घोषित कर दिया.बता दें कि सारंडा जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था. इसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई. आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 193 बटालियन के एसआई सुनील कुमार मंडल एवं पार्थ प्रतिम डे जख्मी हो गए. प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया. रांची में इलाज के दौरान एसआई सुनील कुमार मंडल को बचाया नहीं जा सका.



## कांग्रेस की सरकार में था असली आत्मनिर्भर भारत : खरगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कथित गिरावट को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अब शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात का अहसास होगा कि असली आत्मनिर्भर भारत कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के समय था.खरगे ने यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी ने भारत को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का हब बनाने के लिए जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया,मोदी सरकार का मेक इन इंडिया जमीन पर क्रियान्वयन के बजाय प्रचार को महत्व देने का एक उत्कृष्ट मामला है.अपने 2014 के घोषणापत्र में भाजपा ने भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए 10 वादे किए थे, जिनमें से एक भी पूरा नहीं किया गया है.उन्होंने दावा किया कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी में भारी गिरावट से स्थिति और भी बदतर हो गई है. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,पीएसयू बेचे जा रहे हैं.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## उत्कृष्ट परिणाम से अभिभावक प्रसन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा शनिवार को की गई। विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बच्चों के शानदार प्रदर्शन एवं उन्नत प्राप्तांक को लेकर अभिभावक काफी प्रसन्न दिखे। बच्चों के चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि उनकी मेहनत, शिक्षकों के उत्कृष्ट शिक्षण एवं अभिभावकों के उचित मार्गदर्शन रंग लाया है। स्कूल के शानदार परिणाम को लेकर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षकों की लगन, मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि



बच्चे व अभिभावक मुस्कुरा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि पलामू के शिक्षा को ऊंची उड़ान देने के लिए संत मरियम निरंतर संघर्षरत है। विद्यालय प्रबंधन हमेशा प्रयासरत है कि देश के विभिन्न राज्यों से श्रेष्ठ शिक्षकों को नियुक्त कर बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे सके। स्कूल के तमाम व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, चाहे वह क्लासरूम को इंटरैक्टिव बोर्ड के माध्यम से स्मार्ट क्लास में तब्दील करना हो, स्कूल की बिल्डिंगों का विस्तार करना हो या खेल के मैदान को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना, लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल लैब या फिर स्कूल बस को सीसीटीवी एवं जीपीएस से लैस कर विद्यार्थियों की यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाना जैसे तमाम पहलुओं को नया रूप दिया जा रहा है। नए सत्र का प्रारंभ आगामी 27 मार्च को होने वाला है, जिसके लिए विद्यालय पूरी तरह तैयार है। नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अभिभावक काफी संख्या में अपने बच्चों का नामांकन कराने आ रहे हैं।

## विधायक ने विधानसभा में प्रखंड स्तरीय दमकल सेवा की मांग उठाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को विधानसभा सत्र के दौरान प्रत्येक प्रखंड में अग्निशमन सेवा (दमकल) उपलब्ध कराने की मांग उठाई। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि मझिआंव, बरडीहा, कांडी, विश्रामपुर, पांडू, ऊंटारी रोड और नवा बाजार प्रखंडों में दमकल सेवा उपलब्ध कराई जाए।विधायक ने कहा कि इन क्षेत्रों में आगजनी की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, लेकिन जिला मुख्यालय से दमकल के पहुंचने में देरी हो जाती है, जिससे भारी नुकसान होता है। अगर हर प्रखंड में दमकल सेवा उपलब्ध हो तो आग लगने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी और जान-माल की रक्षा संभव होगी।उन्होंने हाल ही में रंका अनुमंडल के गोदरमना गांव में पटाखों की दुकानों में लगी आग का जिक्र करते हुए



कहा कि अगर प्रखंड स्तर पर दमकल उपलब्ध होता तो पांच लोगों की जान बचाई जा सकती थी, जिसमें दो मासूम बच्चे भी शामिल थे। इसी तरह, 22 फरवरी को बरडीहा थाना क्षेत्र के बभनी गांव में भीषण आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई थी।विधायक ने सरकार से शीघ्र इस दिशा में कदम उठाने की अपील की ताकि आगजनी की घटनाओं में जान-माल के नुकसान को रोका जा सके।

## नवनियुक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने लिया योगदान



**नौड़ीहा पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड कर्यालय कार्यालय में नवनियुक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के रूप मे शनिवार को योगदान लिया। नवनियुक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने मनरेगा कार्यालय के जायजा लिया। इसके तत्पश्चात उन्होंने मनरेगा कर्मी से वार्तालाप कर अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक व जिम्मेवारी निभाए। नव नियुक्त प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि कार्य को निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेंगे। नव नियुक्त बीपीओ शर्मा को समाज सेवी श्री सुनेश्वर यादव ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

## रैयती जमीन पर बिना अधिकरण किये सड़क बना रही है ग्रामीण कार्य विभाग : शैलेश

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस नेता शैलेश कुमार सिंह ने चल रहें सड़क निर्माण कार्य कामगारपुर से गम्हरविघा मेन रोड तक को रद्द कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल पलामू को एक आवेदन देते हुए कहा की विभाग द्वारा जारी अल्पकालिक निविदा ई 04/2023-24 EE/RWD डाल्टेनगंज निविदा सूचना के पैजेज संख्या 08 के क्रम संख्या 06 जपला छत्तरपुर रोड के 23वे किमी से ग्राम गम्हरविघा मेन रोड तक विशेष मरम्मति कार्य का वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव द्वारा दिनांक 16 मार्च को शिलान्यास जो कराया गया है। उस सड़क निर्माण कार्य मे मेरा रैयती जमीन जिसका खाता न0 56, प्लॉट न0 1115, 1112, 1113, 1046 एवं प्लॉट 902, 906, 995 है। आगे उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सड़क निर्माण के न हमसे भूमि के लिए मांग किया गया है और न हमने रैयती भूमि को सरकार के नाम अधिकरण किया है और न मै अपनी रैयती भूमि को सड़क निर्माण में देना चाहता हूं।श्री सिंह ने विभाग से आग्रह किया है कि 15 दिनों के अंदर अंचलाधिकारी के उपस्थिति में मुबारकपुर दोमुहान से लेकर क्रेसर तक सड़क नापी करा कर सत्यता से अवगत हो ले। अन्यथा बाध्य होकर मै कनीय अभियंता कार्यपालक अभियंता के साथ साथ विधायक के विरुद्ध न्यायालय के शरण लेने की बात कही है।

## अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब को फूल माला पहनाकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के बरडीहा गांव स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार की रात में खत्म नमाजे -ए-तरावीह की नमाज मुकम्मल हुई। रमजान की 10 वीं रमजान से खत्म नमाजे -ए-तरावीह शुरू हुआ था।11 दिनों में नमाजियों ने मस्जिद में खत्म नमाजे -ए-तरावीह की नमाज पूरा किया। खत्म नमाजे -ए-तरावीह जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब के द्वारा संपन्न कराया गया।खत्म नमाजे-ए-तरावीह समापन के बाद फातिहा खानी किया गया।नमाजियो ने देश में अमन चैन,आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा हाफिज मनउव्वर अंसारी साहब को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उपहार से नवाजा। हाफिज मनउव्वर अंसारी ने माह - ए-रमजान और नमाजे -ए- तरावीह की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अल्लाह रमजान में अपने बंदों को काफी रहमत एवं बरकत देते हैं. अल्लाह के हुक्म का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि पवित्र माह -ए-रमजान महीना मोमिनो के लिए अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा है। उन्होंने कहा कि पवित्र माह -ए-रमजान में कुरान पाक की तिलावत का पुण्य 70 गुणा अधिक मिलता है।मौके पर सदर मुश्ताक अहमद शेख, मौलाना आबिद हुसैन, हाफिज सैफुल्लाह, सलाहुद्दीन, शमीम अख्तर, मकबूल अहमद, तौहीद आलम, राकिब अनवर, डॉ रिजवान अहमद, अमिर हसन, परवेज आलम, साजिद रजा, नसीम अंसारी, असलम आजाद, साबिद, सद्दाम अंसारी, इंतजार, महफूज, फैजान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धावाडीह बागीचा की भूमि होगी अतिक्रमणमुक्त, जनप्रतिनिधियों के साथ अंचलाधिकारी ने कराई मापी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह गांव के बागीचा में आम गैर मजरूआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर शनिवार को सतबरवा सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उक्त भूमि की मापी कराई।उन्होंने मापी के बाद चिन्हित व्यक्तियों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। मिली जानकारी के अनुसार धावाडीह पंचायत में वर्षों पूर्व एक आम का बगीचा होने की बात सामने आती है, जिसे वर्तमान समय में उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव एवं कई अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिलने पर सतबरवा सीओ श्री तिर्की ने आम गैर मजरूआ भूमि प्लॉट संख्या 252 रकबा 2 एकड़ 72 डीसिमल की मापी कर चिन्हित



किया। अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि बगीचे को कई लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिली थी जिसके आलोक में मापी की गई है। चिन्हित व्यक्तियों को अतिक्रमण मुक्त करने की नोटिस जारी किया जायेगा। तत्पश्चात प्रक्रिया के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मापी में सीआई अनीश कुमार सिंह, मीन हरिनंदन प्रजापति, लाल बाबू कर्मचारी विकास कुमार मिंज, कर्मचारी श्रीकांत दास के साथ उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, मुखिया रिंकी देवी, अशोक यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बारी मुखिया सम्मानित



**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बारी पंचायत की मुखिया निरोत्तमा देवी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए पलामू डीडीसी मो शब्बीर अहमद ने सम्मानित किया है। शुक्रवार को टाऊन हॉल मेदिनीनगर में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में निरोत्तमा देवी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए बारी पंचायत में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने हेतु अनेक सराहनीय प्रयास किया है।उन्होंने जिले के आला अधिकारियों से मिलकर तथा पत्र के माध्यम से पंचायत में हाई स्कूल खुलवाने की मांग कर चुकी हैं ताकि बारी पंचायत के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर दराज न जाना पड़े।उनकी शिक्षा के प्रति विशेष रुचि और पहल को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग ने उन्हें सम्मानित किया है।पुरस्कृत होने पर निरोत्तमा देवी ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि पंचायत क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना बाकी है।शिक्षा की बेहतरी के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर अनेक लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं व्यक्त की।

## गुरी ग्राम में चल रहा ज्ञान महायज्ञ में संगीतमय प्रवचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित प्रखंड विश्रामपुर के ग्राम गुरी में चल रहा सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ मे अयोध्या से आए हुए संत अनंताचार्य जी महाराज के द्वारा मार्मिक शिव पुराण की संगीत मैय प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा है। यह प्रवचन कार्यक्रम 4:00 से लेकर 6:00 बजे तक है, वही 6बजे से 8 तक गौरव कृष्ण पाठक के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा लोगों के बीच राम नाम की कथा का रसपान कराई जा रही है, यह यज्ञ कार्यक्रम रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित की गई है यज्ञ में काफी संख्या में अगल-बगल क्षेत्र के ग्रामीण प्रवचन सुनने को लेकर उपस्थित हो रहे है, शिव पुराण की कथा वाचक श्री अनंताचार्य ने श्रोताओं को बताया राम नाम की गर्जना करने वाले लोगों को कोई भय नहीं लगता, राम का नाम लेने से आराम ही मिलता है। कथा में दक्ष प्रजापति की चर्चा करते हुए बोले चंद्रमा को श्राप दक्ष प्रजापति ने दे दिया था श्राप से ग्रसित चंद्रमा ने शिव की आराधना कर श्राप से मुक्ति पाई, अवंतिकायम, विहिता अवताराम मुक्ति प्रदानाऐ च, संजना नाम अकाल मृत्यु प्रिकछनारथ, वंदे महाकाल माहा सुरेशम,,। भोले बाबा का आशीर्वाद पाकर पुणः चंद्रमा को पूर्ण शरीर की प्राप्ति हुई इसी दिन को पूर्णमासी के रूप में जाना जाता है। यज्ञ अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा ने बताया यह यज्ञ कार्यक्रम क्षेत्रीय जनता की आशीर्वाद से हर साल आयोजित कराई जाएगी।

## हुसैनाबाद नपं क्षेत्र में फॉगिंग से छिड़काव शुरू, मच्छरों से मिलेगा राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत ने मच्छरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कारवाई शुरू कर दी है।इसके लिए नगर पंचायत के द्वारा शहर के विभिन्न वार्ड में फॉगीग कराने का कार्य की शुरूआत किया गया है। प्रत्येक वार्ड में रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से फागिंग किया जाएगा। नगर पंचायत द्वारा मच्छर भगाने वाली फॉगिंग मशीन से क्षेत्र के लोगों को मच्छर से राहत मिलेगी। कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर मशीन की साफ-सफाई के बाद सभी वार्डो में रोस्टर के अनुसार छिड़काव का कार्य शुरू कराया गया है। शहर में फांगीग का छिड़काव करते देखा गया। इन दिनों जगह- जगह नाली का जमा पानी के कारण मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने बताया कि फॉगिंग मशीन से छिड़काव कराया जा रहा है, साथ ही रोस्टर के अनुसार शहर के सभी वार्ड में गली- गली में घूमकर छिडकाव कराया जाएगा। अब शहर वासियों को मच्छरों के आतंक से राहत मिलेगी। इसमें किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

## हुसैनाबाद में तीन निजी क्लीनिक को प्रशासन ने किया शील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिला प्रशासन के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित क्लिनिक पर बड़ी कार्रवाई की हौ, बीती शाम को मजिस्ट्रेट सह हुसैनाबाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा प्रभारी विनेश राम, डॉ. शशि भूषण, बीपीएम बिभूति कुमार सहित हुसैनाबाद थाना पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई की गई है। जिसमे तीन निजी क्लीनिकों को शील कर दिया गया है, जिसमे दुर्गाबाड़ी देवरी रोड के पास ममता मिश्रा के क्लीनिक, प्रीति क्लीनिक डॉ संतोष कुमार व महिला चिकित्सा केंद्र को शील कर दिया गया है, बतादे की शील के दौरान कई दवा व सामग्रियां को जब्त भी किया गया है। अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने बताया की जिला प्रशासन व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के निर्देश पर करवाई की गई है, फिलहाल डॉक्टरी व क्लीनिक से संबंधित उचित कागजात नही दिखाया गया है, आगे की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने तक अगले आदेश तक शील रहेगा।

## विधायक अनंत प्रताप देव ने सदन में उठाया सड़क चौड़ीकरण का मामला




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने सदन में गढ़वा जिले के दो प्रखंडों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग कीया कि केतार से राजी, खरौंधी होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा तक सड़क का चौड़ीकरण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। विधायक ने कहा कि यह सड़क न सिर्फ स्थानीय निवासियों के लिए अहम है, बल्कि व्यापार और परिवहन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस परियोजना को स्वीकृति देने की अपील की, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।स्थानीय लोगों ने विधायक की इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इस सड़क के चौड़ीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

# थाना प्रभारी समेत 3 पुलिस अधिकारी निलंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में आम लोगों से दुर्व्यवहार से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने एक थाना प्रभारी समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है. निलंबित होने वाले अधिकारियों में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, छत्तरपुर और पिपरा थाना में तैनात एक एक एएसआई शामिल हैं।दरअसल नावाबाजार थाना प्रभारी पर आरोप है कि लूटकांड के आरोपी की पिटाई की गई है. आरोपी का इलाज रांची में चल रहा है. वहीं आरोपी के परिजनों ने थाना प्रभारी के खिलाफ कोर्ट परिवाद किया है. वहीं होली के दौरान पलामू के



छत्तरपुर में एक वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम के द्वारा पिटाई की गई थी. वारंटी के द्वारा वरीय पुलिस अधिकारियों से शिकायत की गई थी।वहीं पलामू के पिपरा थाना में होली के दौरान एक एएसआई के द्वारा शराब के नशे में वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था एवं एक होमगार्ड के जवान के साथ भी दुर्व्यवहार हुआ. पूरे मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने उन्हें निलंबित कर दिया है।एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नावाबाजार थाना प्रभारी, छतरपुर में तैनात एक एएसआई और पिपरा थाना में तैनात एएसआई को निलंबित कर दिया गया है. दरअसल नावाबाजार थाना प्रभारी को निलंबित करने के बाद हुसैनाबाद थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर संजय कुमार को नावाबाजार का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।बता दें कि पलामू पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार का मामला सदन में भी उठा था. जिस पर कार्रवाई की बात कही गई थी।

# कुर्सी तोड़ने वालों पर एफआईआर, तोड़वाने वाले को पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के दौरान कुर्सी तोड़े जाने संबंधी मामले में प्रशासन की ओर से दस नामजद एवं 30 से 40 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज हुआ है। नामजद अभियुक्तों में कई नाबालिग भी शामिल हैं। आम दर्शक दीर्घा में विधि व्यवस्था संधारण के लिये तैनात मजिस्ट्रेट शैलेश कुमार ने नगर ऊंटारी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि सभी अभियुक्तों को थाने से बेल मिल गई है। उल्लेखनीय है कि जिसने कुर्सियां तोड़ी उनके साथ कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत जो हुआ वह बिल्कुल सही है, उसका बचाव



कोई कानून पसंद नहीं कर सकता। लेकिन कुर्सियों को तोड़ने के लिये उकसाने वाले पर कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई नहीं होने से गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संदर्भ में विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआर दर्ज कराने के पूर्व यह भी देखना जरूरी था जिसने कुर्सियां तोड़ी क्या वे कार्यक्रम में सिर्फ कुर्सी तोड़ने के इरादे से आये थे या संगीत सरिता में सराबोर उनलोगों को स्टेज पर से किसी ने उकसाया भी था।जल्दबाजी में एफआईआर न कराकर शायद इस पर गौर किया गया होता तो नेम्ड एफआईआर में मशहूर कलाकार पूजा चटर्जी का नाम शामिल रहता। कार्यक्रम सरकारी एवं विभिन्न गैर सरकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाईव चल रहा था जिसमें कलाकार पूजा चटर्जी स्टेज से दर्शकों को कुर्सियां तोड़ने के लिये उकसाते हुये यह कहते हुये दिख रही हैं कि कुर्सी टूटना सक्सेसफुल इवेंट माना जाता है। अभी इंज्वॉय कीजिये बाद में तोड़ दीजियेगा। हुआ भी यही आम दर्शकों ने कार्यक्रम की समाप्ति के दौर में कुर्सियां तोड़ दी। किरकिरी होने पर एक ओर नाबालिग बच्चों समेत 10 लोगों के विरुद्ध नगर ऊंटारी थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया गया। किंतु कुर्सी तोड़ने के लिये प्रेरित करने वाली कलाकार पूजा चटर्जी व उन्हें स्टेज से इस तरह उकसाने से मना नहीं करने के आरोप में कार्यक्रम की इवेंट कंपनी के लोगों पर एफआईआर नहीं हुआ।श्री बंशीधर नगर की संस्कृति पर चोट कर महोत्सव पर कुर्सी तोड़ डांस जैसे बदनुमा दाग लगाने के आरोप में कार्रवाई के बदले उन्हें सम्मानित किया गया और मोटी रकम दी गई। मतलब कुर्सी तोड़ने वालों पर एफआईआर और तोड़वाने वाले को पुरस्कार। प्रशासन की ओर से अब तक इस दोहरी कार्रवाई से उस पर सवाल उठना भी लाजिमी है। जानकारों का कहना है कि कुर्सी तोड़ना बच्चों की गलती है इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### संथाल और कोल्हान के जिलों में 23 को होगी गर्जन और बारिश

**रांची :** राज्य में निम्न दबाव के चलते बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि हुई। सबसे अधिक बारिश चाईबासा में 54 मिमी रिकॉर्ड की गई। 23 जून को भी राज्य के पूर्वी जिले विशेषकर संथाल और कोल्हान के जिले और पश्चिम बंगाल से सटे रांची के इलाकों में रविवार को गर्जन और बारिश की आशंका व्यक्त की गई है। इन इलाकों में 30-40 किमी की गति से हवा चलने की संभावना है। वहीं 24 मार्च से मौसम साफ होगा। इससे धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। विभाग के अनुसार राजधानी रांची, खूंटी और लोहरदगा में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि हुई है। ओला के बड़े आकार की वजह से लोगों के घरों और फसलों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में बारिश हुई, लेकिन बाद मौसम साफ हो गया और हल्की धूप भी खिली। हालांकि दिन में बदल छाए रहे।

### रांची में दो गुटों के बीच झड़प, फायरिंग में तीन घायल, कई हिरासत में

**रांची :** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलदार मोहल्ले में शुक्रवार देर रात दो गुटों के बीच झड़प के बाद फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में तीन लोगों को गोली लगी, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों में इमरान, तबरेज, नदीम शामिल हैं। गोलीबारी में घायल हुए इमरान नाम के युवक ने बताया कि जेल में बंद अपराधी अली के गुर्गों की ओर से फायरिंग की गई है। इमरान के अनुसार अली के गुर्गों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी, मामला थाने तक भी पहुचा था, लेकिन विवाद नहीं थमा। इसी मामले के बाद दोनों गुट शुक्रवार रात आपस मे भिड़ गए। इसमें अली के लोगों ने फायरिंग कर दी। रमजान की वजह से डोरंडा के बेलादर मोहल्ले में देर रात होने के बाद भी चहल पहल थी, लेकिन फायरिंग के बाद इलाके में भगदड़ मच गई।

# मुस्लिमों ने रखा धैर्य, साजिशकर्ता हुए नाकाम, आदिवासियों का बंद रहा असरदार

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र




**रांची।** सिरम टोली फ्लाईओवर निर्माण का रैंप सिरम टोली स्थित सरना स्थल की जमीन के कुछ हिस्सों पर आने से कुछ आदिवासी संगठनों ने इस रैंप का विरोध कर रहे हैं और रैंप निर्माण नहीं करने की मांग कर रहे हैं। इसी रैम्प को हटाने के लिए आदिवासी संगठन दो टुकड़ों में बंटे हुए नजर आए।

**बंद समर्थकों का संगठन:** रांची बंद कराने वाले संगठनों में आदिवासी संगठनों में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद रांची झारखंड,आदिवासी जन परिषद, भारत आदिवासी पार्टी, उलगुलान मोर्चा,राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी जन परिषद, जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद, केन्द्रीय सरना समिति, आदिवासी मूलवासी मंच झारखंड,चडरी सरना समिति, 8.ग्राम सभा मधुकम, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद युवा मोर्चा , झारखंड, आदिवासी सेना, कोनका मौजा सरना समिति मोराबादी बनिया टोली सरना समिति , बरियातू सरना समिति,कोकर सरना समिति, सिरम टोली सरना समिति, आदिवासी छात्र संघ, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ,जेलकेम एवं आजसू के भी कार्यकर्ता गण व करीब 200 सरना समिति के खोड़हा साथी अपने अपने क्षेत्रों में मौजूद रहे और सरना झंडा लेकर सड़क जाम कराने उतरे, टायर जलाये और सरकार का विरोध करते हुए फ्लाईओवर का रैंप हटाने और सरहुल पर्व धुमधाम से मनाने की मांग की। वहीं केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की और इसके कई संगठनों ने बंद का समर्थन नहीं किया।

**झड़प होने से बचा:** बंद समर्थकों ने सुबह करीब 8:00 ही सड़क पर उतर आए थे , 8:15 में कांटा टोली- टाटा मार्ग नामकुम थाना क्षेत्र का पुराना लोवाडीह के पास बांस लगाकर सरना झंडा हाथों पे लेकर बंद करा रहे थे और टायर भी जलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान पास के स्कूल जो खुले हुए थे वह अचानक बंद कर दिए और जो अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल लाने जा रहे थे या फिर स्कूल से छुट्टी हो गए थे , बच्चे लेकर लौट रहे थे उसे बंद समर्थकों द्वारा रोका जा रहा था, जिसमें बंद समर्थकों और अभिभावकों के बीच हल्की नोकझोक हुई और मामला खत्म हो गया, खादगढ़ा ओपी प्रभारी दिवाकर मोर्चा संभाले और शांतिपूर्वक तरीके से लोग बंद कराने लगे और एंबुलेंस एवं स्कूल के छात्राओं को आने और जाने दिया जा रहा था। कांटाटोली चौक पर सड़क पर पत्थर लगाकर कर वाहनों का आवा गमन रोक दिया गया था । यहां पर खादगढ़ा टीओपी के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक भीम सिंह तैनात थे। एंबुलेंस एवं जरूरी काम करने वाले को आने-जाने दिया जा रहा था । इतना ही नहीं दोपहर करीब 2:15 में कांटा टोली की तरफ से एक एंबुलेंस पार्थिव शरीर लेकर कांटा टोली कब्रिस्तान जाने के लिए निकली थी, जिसे पेट्रोल पंप के थोड़ा आगे और कांटा टोली चौक से पहले बंद समर्थक थे जिस कारण से वाहनों की जाम लगी थी और मृतक के पक्ष के कुछ लोग अपील कर रहे थे , तभी खादगढ़ा टीओपी सहायक पुलिस अवर निरीक्षक भीम सिंह को फोन पर जानकारी मिली वे तुरंत पहुंचे और फिर एंबुलेंस का रास्ता क्लियर कराया और एंबुलेंस को जाने दिया गया। कोकर चौक में बच्चों ने भी हाथों में लाठी और डंडे लेकर उग्र प्रदर्शन करते नजर आए, तो वहीं शहिद अल्बर्ट एक्का चौक पर शहर डीएसपी केवी रमन,लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, डेली मार्केट थाना प्रभारी राणा जयप्रकाश और कुछ देर बाद आए कोतवाली थाना प्रभारी आदिकांत महतो भी पहुंचे और मोर्चा संभाले थे । यहां पर रुक-रुक कर प्रदर्शनकारी अपने-अपने क्षेत्रों से लाठी डंडा और सरना झंडा लेकर पहुंच रहे थे ।

**इन क्षेत्रों के बंद समर्थक:** दस बजे सरना समिति के रवि मुंडा सहित कुछ महिलाओं जिसमें गीता लकड़ा, रौशनी खलखो, सूरज टोप्पो, जगलाल पहान ,सबलू मुंडा, बबलू मुंडा , महादेव टोप्पो, राहुल तिर्की, प्रेम शाही मुंडा, रवि पीटर , संजीवन, ललित , अनीता, फुलेंद्र, धनंजय, मोनू लकड़ा , वही एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में देवनंद्र महतो सहित 100 से अधिक बंद समर्थकों ने अपने-अपने क्षेत्र से लाठी डंडा, सरना झंडा लेकर शहीद अलबर्ट एक्का चौक प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से अपने अपने क्षेत्रों में वापस लौट गये। इस दौरान चडरी, बिरसा नगर सरना समिति,जेल रोड, लोहरा कोचा, नगड़ा टोली,को कर, डीस्टलरी पुल, सिरम टोली , बहू बाजार, रातू रोड चौक , पिस्का मोड़, रातू, बरियातू , करम टोली, चुटिया इत्यादि जगहों में बंद समर्थक निकले करीब 3:00 बजे तक कुछ जगहों पर बंद समर्थक प्रदर्शन करते नजर आए।

**लंबे समय बाद अपर बाजार रहा बंद:** बंद समर्थकों का रांची बंद करना सार्थक रहा और लंबे समय बाद आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाये गये बंद के दौरान रातू रोड, अपर बाजार, मेन रोड, कांटा टोली , लोवाडीह, लालपुर आदि लगभग दुकानें बंद रहा ।

**बार-बार प्रदर्शनकारी उर्दू लाइब्रेरी तक जाने चाह रहे थे:** बंद समर्थक अपने बंद समर्थकों के साथ बार बार शहीद अल्बर्ट एक्का चौक से उर्दू लाइब्रेरी की ओर जाना चाह रहे थे लेकिन पुलिस प्रशासन सर्जना चौक तो कभी काली मंदिर मोड़ के पास से ही वापस कर दे रही थी । बंद समर्थकों ने भी पुलिस की निर्देश का पालन करते दिखे। इस बीच कुछ मोटरसाइकिल पर सवार बंद समर्थक उर्दू लाइब्रेरी होते हुए सुजाता चौक की तरफ भी गये और दुकानों को बंद कराया। इस दौरान उर्दू लाइब्रेरी , डेली मार्केट के आसपास गिने चुने दुकान खुले हुए भी थे , सभी रोजेदार थे और अपनी दुकान पर बैठे रहे, कुछ सेटर गिराकर खड़े थे , इस दौरान मुस्लिमों ने धैर्य का परिचय दिया और बंद समर्थकों ने भी शांतिपूर्ण बंद तरीके से बंद कराने में सफल रहें या यूँ कहा ले की रांची के सभी लोगों के सहयोग से बंद असरदार रहा।

**साजिशकर्ता हुए असफल:** सूत्रों ने बताया कि बंद के दौरान कुछ दो चार ऐसे भी लोग थे जो कांटा टोली, डेली मार्केट के आसपास बात बिगाड़ने में लगे थे। हलांकि अधिकतर बंद समर्थक विभिन्न क्षेत्रों से झंडा, बैनर, लाठी डंडा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते दिखे । सभी चौक चौराहों और सड़कों पर पुलिस प्रशासन की मुस्तादी थी। वहीं लोगों की समझदारी ने किसी तरह का विवाद उत्पन्न होने नहीं दिया और बंद समर्थकों का बंद भी असरदार रहा और जो विवाद पैदा कराने की साजिश रच रहे थे वे भी नाकाम रहें।

### पुलिस की मदद से पार्थिव शरीर वाले एंबुलेंस को मिली जगह



रांची। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली चौक स्थित आदिवासी संगठनों द्वारा बंद कराया गया था । यहां पर बंद समर्थकों ने रास्ते पर पत्थर लगाकर रख दिया था और बंद को सफल बनाने के लिए महिलाएं सड़क पर भी बैठ गई थी। इसी दौरान करीब 2:15 में लोवाडीह चौक के मौलाना आजाद कॉलोनी की तरफ से एंबुलेंस पार्थिव शरीर लेकर कांटा टोली चौक की तरफ आ रही थी, इसी दौरान बंद समर्थकों के द्वारा वाहनों की लंबी कतार लगी थी, तो वहीं एंबुलेंस भी रुक गई। पार्थिव शरीर के साथ जितने भी लोग थे, वे बंद समर्थकों से अपील कर रहे थे, कि उसके लिए रास्ता दिया जाए, इसी दौरान खादगढ़ा टीओपी में पदस्थापित पुलिस सहायक अवर निरीक्षक भीम सिंह को फोन के माध्यम से सूचना मिली, वे तुरंत आए और पार्थिव शरीर लदे एंबुलेंस को कब्रिस्तान की ओर जाने के लिए रास्ता दिलाए, इसके पीछे सभी लड़के जो एंबुलेंस के साथ थे, वे भी शांतिपूर्ण तरीके से एंबुलेस पीछे-पीछे दौड़ते हुए चले गये।

### एसडीएम से उलझ पड़े बंद समर्थक

रांची। फ्लाईओवर के रैंप के विरोध कर रहें आदिवासी संगठन ने हीनू चौक के पास पुलिसकर्मी, एसडीएम उत्कर्ष के साथ उलझ पडे। पुलिस कर्मियों ने बंद समर्थकों को धक्का देकर हटाया।मौके पर हटिया डीएसपी सहित कई पुलिस कर्मियों ने बंद समर्थकों को समझा बुझा कर शांत कराया। रांची वहीं जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान समर्थक पुलिस प्रशासन के समक्ष जमकर नारेबाजी भी करते नजर आये।

### अपर बाजार रहा बंद

रांची। आदिवासी बंद समर्थकों के द्वारा बुलाए गए बंद समर्थन का असर अप्पर बाजार में भी देखने को मिला । अप्पर बाजार के लगभग सभी दुकानें बंद रही। करीब 2:00 बजे तक अपर बाजार की दुकान बंद थी, 1:00 बजे तो अप्पर बाजार के कई गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ भी रहा। 2:00 बजे के बाद कुछ दुकान दार अपनी दुकानों का सेटर आधा खोलकर अपनी दुकानों पास बैठे हुए थे। हालांकि बंद समर्थक इस दौरान जब अपर बाजार की ओर से गुजर रहे थे तो दुकानदारों को बंद करने को भी कहा और सेटर भी गिराया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी करते नजर आए।

## कुरान में अच्छे कार्य करने का हुक्म है : महबूब आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** समाजसेवी महबूब आलम ने कहा कि अल्लाह अपनी भेजी कुरान में हर धर्म, मजहब के मानने वालों के साथ इंसाफ़, नेकी किये जाने का हुकुम दिया, साथ ही बुराई और ज़ुल्म से रोका है। अल्लाह ने दूसरों को किये वादे और क़समें पूरी करने वालों और रिश्वत से दूर रहने वाले मुसलमानो मर्द और औरत दोनों को अच्छे काम के बदले उन्हें इस दुनिया में पाक और आरामदेह ज़िंदिगी देगा और आखि़रत में उनके अच्छे आमाल का मुकम्मल इनाम देगा। अल्लाह ने कुरान पाक मे मोमिनो को मुख़ालिफ़ों की साजि़शों से परेशान न होने का हुक्म दिया है और वादा किया है कि वो हर हाल में उनकी मदद करेगा। अल्लाह ने मोमिनो को दुनिया में भेजने के साथ ही कुछ नियम और उसुल भी बताये जिसपर अमल करने का निर्देश दिया

1 सिर्फ अल्लाह की इबादत करो, 2 माँ-बाप के साथ अच्छा सुलूक करो, 3 रिश्तेदारों, ग़रीबों , यतिमोऔर मुसाफ़िरों का हक़ अदा करो, 4 फ़ुज़ूलख़र्ची न करो, 5 अगर किसी गरीब, मुहताज की मदद न कर सको, तो नर्मी से जवाब दो, 6 कंजूस न बनो और न ही फ़ुज़ूल खर्च करो, 7 ग़रीबी के डर से अपनी औलाद को कत्ल न करो। 8 महिलाओं की इज्जत करो और बदकारी के क़रीब भी न जाओ। 9 बेगुनाह की जान न लो, 10 यतीमों (अनाथों) के माल में हेराफ़ेरी न करो, 11 हमेशा अपने वादे पूरे करो, 12 तोल-नाप में धोखा न दो, 13 अखलाख अच्छा रखो और इंसानियत की मिशाल बनो, 14 घमंड से मत चलो और नज़रें नीची रखो।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार दाखिल खारिज शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार 22 मार्च 2025 को जिले के विभिन्न अंचलों में 10 डिसमिल से कम के बिना आपत्ति 30 दिनों और आपत्ति के साथ 90 दिनों के मामलों के निष्पादन के लिए दाखिल-खारिज राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है।

**आवेदकों को शिविर में शुद्धि पत्र (करेक्शन स्लिप) दिया जा रहा है:** रांची जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज के मामलों मे निष्पादन के लिए राजस्व शिविर का आयोजन करते हुए विभिन्न अंचलों में 10 डिसमिल से कम बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के मामलों का निष्पादन करते हुए शिविर में आवेदकों को करेक्शन स्लिप निर्गत किया जा रहा है। दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों उपस्थित है।

## मंत्री हफीजुल हसन का सदन में फोन जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** षष्ठम झारखंड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र 2025 के दौरान शनिवार को 16वां दिन था। सदन की कार्यवाही दिन के लगभग 11 बजे शुरू हुई।

सत्र के दरम्यान झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन सदन में बैठे हुए हैं और इसी बीच फोन निकाल कर किसी से फोन पर बात करते दिखे , तभी अल्पसूचित प्रश्न पूछ रहे कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने मंत्री के तरफ मुखातिब होते हुए कहा कि आपके फोन से डिस्टर्ब हो रहे हैं। प्रदीप यादव की आपत्ती के बाद झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ णहतो ने मंत्री का फोन जब्त करवा दिया।

### फर्जी कागजात के आधार पर जमीन का हो रहा बंदरबांट: उमाकांत

**रांची :** विधायक उमाकांत रजक ने चास के तेतुलिया में जमीन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 21.41 एकड़ झाड़ जगंल की जमीन पर 31 साल बाद दावा किया गया है। फर्जी कागज के आधार पर बंदरबांट हो रहा है। इसने दावा किया उस समय उसकी उम्र नौ साल थी। जिला प्रशासन ने सूट दायर नहीं किया। बोकारो डीसी ने इस जमीन को प्रतिबंधित सूची से हटा दिया।इस पर मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि वन विभाग सूट के लिए कोर्ट गया है। विस्तृत जांच के लिए कमेटी बनी थी।

## पुलिसकर्मियों पर अमर्यादित असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग कर आसन की गरिमा धूमिल करते है : राकेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राकेश कुमार पाण्डेय प्रदेश संयुक्त सचिव झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन झारखण्ड रांची ने बयान जारी करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर मर्यादा की मंदिर झारखंड विधान सभा में भी पुलिसकर्मियों पर अमर्यादित असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग कर आसन की गरिमा धूमिल करते है जो कहते हैं अपने विशेषाधिकार हनन की बात वही ले लेते हैं अपने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों का सम्मान । पुराना कहावत है 80 साल के उम्र के आसपास पहुंचने पर कुछ एक मानव की बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है और वे क्या बोलते हैं, उन्हें खुद पता नहीं चलता है।

अब वे लोकतंत्र के मंदिर में पहुंचेंगे तो सम्मानित विधानसभा के आसन के समक्ष कभी शिरखंडी तो कभी पुरुषार्थी पुलिस बोलकर वे क्या बोल रहे हैं और कैसे अपने बातों को रखते हैं। उन्हें खुद पता नहीं है अब माननीय विधान सभा अध्यक्ष के आसन के समक्ष ही पुलिस के सम्मान का चीरहरण हो और सभी तमाशबीन बने रहे, तो आपराधी उपद्रवी एवं असमाजिक तत्व पुलिसकर्मी का क्या हाल करेगे। अपराध और विधि व्यवस्था कैसे नियत्रंण करेगे। वर्दीधारी झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन सदस्यो को माननीय आम -जन सभी के जान माल की रक्षा एवं मान सम्मान बढाने का पाठ पढाता है। मेरा सभी माननीय से अनुरोध है कि आपकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों के प्रति सहानुभूति रखते हुए लोकतंत्र के मंदिर में कठोर कानून बनावे, जिसे आपकी पुलिस वीरता पूर्वक पालन करना सुनिश्चित कर सके। दोहरी कानून व्यवस्था कायम करना माननीय खास का आचरण बन गया है। अब इसमें पुलिसकर्मियों का क्या दोष आप जो देते हैं हम उसे परोसते हैं। झारखंड पुलिस एसोसिएशन शिरखंडी वाले बयान को हृदय से लगाते हुए महोदय से वापस लेने का प्रार्थना करता है, भविष्य में स्वस्थ मानसिकता के ही माननीय लोकतंत्र के मंदिर में बैठे। ऐसी कामना के साथ सभी का आभार ।

## सदन में कांग्रेस सरकार को घेर रही है और भाजपा मुद्दा विहीन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** 17 मार्च को स्थागित किये गये झारखंड विधानसभा बजट सत्र 22 मार्च शनिवार को सत्र चला। इस दौरान नल जल योजना को लेकर कांग्रेस के तीन विधायक पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद को घेर लिया। विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि वे मामले की जांच करा लेते हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। मामला कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंनगड़ी के विधानसभा क्षेत्र कोलेबिरा से संबंधित था। उन्होंने बताया कि विभाग ने अपने जवाब में कहा है कि कोलेबिरा में 63666 घरों में नल जल योजना के तहत पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य था। इसके विरुद्ध 61783 घरों में पेयजल पहुंचा दिया गया है जो 97 फीसदी उपलब्धि है।इसके बाद कांग्रेस के विधायक राजेश कच्छप भी सदन में उठ खड़े हुए। उन्होंने कहा कि आंकड़े की बाजीगरी में वह नहीं उलझना चाहते। आंकड़ा ही पूरी तरह गलत है। हमारे विधानसभा खिजरी क्षेत्र में भी यही स्थिति है। फिर भूषण बाड़ा ने सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना का मुद्दा उठा दिया। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में 1.21 लाख घरों के विरुद्ध 1.20 लाख घरों में जल पहुंचा देने की बात कही गयी है। लेकिन उनके क्षेत्र में किसी पंचायत के किसी गांव में नल जल योजना का लाभ नहीं मिला है। कांग्रेस विधायकों के धीरे-धीरे एकजुट होते देख, विभागीय मंत्री ने जांच कराने की सदन में घोषणा कर दी। जिस तरह से कांग्रेस लगातार अपने सहयोगी गठबंधन की सरकार के मंत्रियों को घेर रही है और उससे वाद विवाद कर रही है । ऐसे में भले लोग यह सोचे कि कांग्रेस और सरकार आपस में भीड़ रही है, लेकिन इन दोनों की भिड़ंत में भाजपा पूरे सिरे से गाउन हो गई है, जनता की समस्याएं भी भाजपा विधायक सदन में रखने में असमर्थ साबित हो रहें हैं।

### श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति के पदाधिकारी के संग उपायुक्त ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता




रांची। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय सिंह यादव के सानिध्य में पदाधिकारियो ने उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री से उनके कार्यालय में भेंट की और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष जय सिंह यादव ने बताया कि आगामी श्री रामनवमी महोत्सव को देखते हुए उपायुक्त से रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए चर्चा की।आगामी 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी के उप्लक्षय पर भगवान श्री राम की शोभायात्रा में झंडाधारियो को शोभायात्रा मार्ग पर पूर्ण सुविधा सुरक्षा के साथ उपलब्ध कराया जाय। रांची जिला में 1929 से कुल 56 पुराने लाइसेंस धारी हैं शहर की जनसंख्या बढ़ गयी है सो लाइसेनस धारी की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए।साथ ही मांग की लाइसेंस अखाडाधारियो को सरकार की ओर से 50000 हजार की राशि सहयोग के रूप में दी जानी चाहिए। अध्यक्ष जय सिंह यादव, आलोक दुबे,उपाध्यक्ष पवन गुप्ता ,राहुल सिन्हा चंकी,मंत्री सुभाष साहू सह मंत्री बलराम, संतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ,दीपक ओझा, केंद्रीय युवा महावीर मंडल के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल , सागर, प्रमोद श्रीवास्तव , राजू यादव,अशोक यादव, संजय पोद्दार, कमलेश यादव, बंटी सिंह राजपूत, सहित कई लोग मौजूद थे।

## 4 दीदियों को राशन दुकान के सामग्री देकर उनके उद्यमी शुरू करने में सहयोग



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उद्योगिनी संस्था रांची के द्वारा अनगड़ा के 4 दीदियों को राशन दुकान के सामग्री देकर उनके उद्यमी शुरू करने में सहयोग किया। टाटी पंचायत के भानु देवी जोन्हा पंचायत के माना देवी सुसन देवी प्रभा देवी शामिल है सभी दीदी का आय में वृद्धि हेतु इस तरह की सहयोग करके दीदी की जीवन जापन में सुधार करना उद्योगिनी का लक्ष्य है मौके पर फील्ड स्टॉफ दिलीप कुमार मिर्धा संगीता देवी उपस्थित थे ।

## रमजान का असल मकसद सब्र, तकवा, हमदर्दी, नरमी व मोहब्बत : मंजूर अंसारी



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित मायापुर गांव के अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पूर्व सदर सह समाज सेवी मंजूर अंसारी ने बताया कि रमजान का असल मकसद सब्र, तकवा, हमदर्दी, नरमी, मोहब्बत और दूसरों का ख्याल रखना है।रमजान रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। इबादत कर सभी गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। रमजान में रोजेदार की दुआ खाली नहीं जाती है। रोजे रखना इस्लाम का तीसरा फर्ज है। रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। रमजान का पहला हिस्सा माह के 1-10 दिन का रहमत, दूसरा हिस्सा 11-20 दिन का मगफिरत और 21 से 30 दिन का हिस्सा दोजख से आजादी का है। रमजान में बेहिसाब, बरकत और रहमतों वाली एक रात होती है,जिसे शबे कद्र कहते हैं। यह रात दूसरी रातों से बेहतर है। रमजान में कुरान पाक नाजिल किया गया। रमजान में रोजे फर्ज किए गए हैं। 11 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती, बीमार को रोजा नहीं रखने की छूट है। तरावीह को सुन्नत करार दिया गया है। माह में हर नेकी का सवाब 70 गुना बढ़ा दिया जाता है। रमजान में गरीबों का ख्याल रखे। इबादत अधिक करे,जो व्यक्ति माह में रोजेदार को इफ्तार कराता है,उसके सारे गुनाह माफ कर दिए जाते हैं।

## शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसायटी का दावते इफ्तार पार्टी आज



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसायटी एनके-पिपरवार के द्वारा रविवार 23 मार्च को एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार मे दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।आयोजन समिति के द्वारा बैठक कर इसकी तैयारी की समीक्षा की गई।इस संबंध मे आयोजन समिति के इकबाल हुसैन ने बताया कि रमजान के मौके पर प्रत्येक वर्ष शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसायटी पिपरवार-खलारी के द्वारा दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में सभी समुदाय के लोग शामिल होते हैं।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एनके एरिया जीएम दिनेश कुमार गुप्ता,पिपरवार एरिया जीएम संजीव कुमार,खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी,टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस, झामुमो नेता शमीम बड़ेहार, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के जीएम हाजी फैज तैयब, समाजसेवी हाजी अब्दुल रहमान सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।कार्यक्रम को सफल बनाने में इकबाल हुसैन,अधिवक्ता इस्लाम अंसारी,तोहिद अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी,इस्माइल अंसारी,जैनुल अंसारी, मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद साबिर,इरफान खान,हलीम खान,मुस्ताक अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सलामत अंसारी,मोहम्मद जफरु, बशीर अंसारी,कलीम रिजवी,कासिम उर्फ मुन्ना, मोहम्मद असलम,मोहम्मद जुल्फान,मोहम्मद नजीर, हाजी तनवीर,अब्दुल अंसारी,मोहम्मद मंसूर, मोहम्मद इदरीश,सलीम जावेद,मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद शाहनवाज सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका है।आयोजन समिति के सदस्यों ने खलारी पिपरवार क्षेत्र के सभी लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

# खेलो इंडिया पारा गेम्स मे सिल्ली की सुकृति सिंह साधेगी कांस्य पर निशाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** 20-23 मार्च तक आयोजित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में चल रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में कल बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली की सुकृति सिंह (झारखंड) और भावना (हरियाणा) से कांस्य पदक के लिए भिड़त होगा !पिछले 2024में पंजाब में सीनियर राष्ट्रीय पारा तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुकी। 2025 में राजस्थान में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय पारा तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीती है । 2015 में सुकृति ने रोड एक्सीडेंट में अपना एक पैर खो दी है फिर भी हिम्मत



नहीं हारी है मां मीरा देवी कहती हैं की मेरी बेटी के लिए एकेडमी वरदान साबित हो रहा है मैं एकेडमी के संचालक सुदेश जी और नेहा महतो के साथ साथ प्रकाश राम शिशिर महतो का आभारी हूं जिसके चलते मेरी बेटी अपना झारखंड राज्य का नाम रोशन कर रही है

**झारखंड की रिकॉर्व की पहली तीरंदाज है :** 22 जुलाई 2023 से बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली में प्रकाश राम और शिशिर महतो से निरंतर प्रशिक्षण ले रही है इससे पूर्व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडू से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक सुचिता ने इंडियन राउंड से शुरूआत की थी

यह तक का शफ़र को पूरा करने में बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक श्री सुदेश कुमार महतो अध्यक्ष नेहा महतो का ही सोच से आज कई पारा तीरंदाज उभर कर सामने आ रहे है अभी तक एकेडमी से कई पारा तीरंदाज ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है।कल के मेडल मैच के लिए खिलाड़ी और कोच ने शुभकामनाएं दी

# एक सप्ताह से लकड़बग्घा के आतंक से बरवे महुआ टोली, रिगा टोली व चारी के ग्रामीण दशहत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र के बरवे महुआ टोली रिगा टोली व कांके में पड़ने वाला चारी गांव के लोग पिछले एक सप्ताह से लकड़बग्घा के आतंक से परेशान व आतंक के साए में है गांव के लोगों ने बताया पिछले एक सप्ताह से चार से आठ की संख्या में लकड़बग्घा कही से आए हुए हैं जो पास के जंगल में छुप कर रह रहे हैं जो रात्रि के अंधेरे में बरवे रिगा टोली महुआ टोली में किसानों का बीस बकरा बकरीयो का शिकार कर चुके हैं द्य इसके डर



के मारे ग्रामीण एक जुट होकर लाठी लण्डे लेकर रत जंगा कर रहे हैं द्य दिन में भी ग्रामीण टोली बना बनाकर अपने काम धाम छोड़कर लकड़बग्घे की तलाश में जुटे रहते हैं । पंचायत के वार्ड सदस्य अब्दुल मन्नान से इस बारे में बात करने पर कहा कि फॉरेस्ट विभाग को जानकारी दी गई है पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है ना ब्लाक द्वारा मारे गये बकरीयो का मुआवजा देने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है अभी सभी लोग डर के मारे रत जगा करने को मजबूर है। इस संदर्भ में उज्जवल सोरेन अंचलाधिकारी ओरमांझी से बात करने पर कहा हम एसडीओ से बात कर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम कराएंगे। और जिनका भी नुकसान हुआ है वे अंचल में आवेदन करे वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने कहा हम वन विभाग के अधिकारी से बात कर इसे गंभीरता से लेने को कहेंगे ।

# वैष्णो देवी के दर्शन के लिए 55 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था हुए रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जय माता दी यात्रा मंच सिल्ली के तत्वाधान में शुक्रवार को 55 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। ये जत्था मुरी स्टेशन से गरीब रथ ट्रेन से रवाना हुए। जय माता दी यात्रा मंच के संतोष साव,चिंटू साव ने कहा कि पिछले 13 साल से लगातार मंच के मध्यम से काफी संख्या में श्रद्धालु वैष्णो देवी दर्शन के लिए जाते है। माता वैष्णो देवी की दर्शन से जीवन में आत्म विश्वास, नई ऊर्जा एवं



समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को मानने वाले श्रीमाता वैष्णो देवी की महिमा गाते है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्मशास्त्रों में कलयुग में लोगों के कष्ट हरने के लिए देवी-देवताओं के नामजप के साथ-साथ कथाएं भी बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि मन में सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए, देवी देवता कृपा अवश्य करते हैं। श्रद्धालुओं के जत्थे में तारकेश्वर महतो, कार्तिक कोइरी, लखीराम, संतोष कोइरी,अजय कोइरी, तरणि कोइरी, शशि भूषण, राजेंद्र साहू, बिनोद बनर्जी, पूनम देवी, कंचन साहू, सागर आनन्द, रितिका साहू, ओम प्रकाश महतो, सीमा देवी, महेश प्रसाद, सुमित कोइरी आदि शामिल हैं।

# शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली के बुढ़ाआम के समीप रघुनाथ चौक में शुक्रवार को आजसू पार्टी के तत्वावधान में चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव सह गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक एवं अन्य लोगों ने शहीद रघुनाथ महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर जयपाल सिंह ने कहा कि रघुनाथ महतो अंग्रेजों के अत्याचार और शोषण के विरोध में ईस्ट इंडिया



कंपनी के खिलाफ वर्ष 1769 में चुआड़ विद्रोह की शुरुआत की थी। उन्होंने आदिवासियों का नेतृत्व किया और वर्ष 1805 में यह विद्रोह समाप्त हुआ था। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किया था, उसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपना गांव, अपना राज; दूर भगाओ विदेशी राज॰ के नारा दिया था। इसमौके से त्रिलोचन महतो, शिव शंकर प्रसाद, पूर्व मुखिया डबलु महली, शिव शंकर महतो, तरुण महतो, मंटु महतो , दिलीप महतो, देवीलाल महतो, शिव शंकर महतो, चैता महतो , जयंत महतो, अभिमन्यु लोहरा, राजु महतो आदि उपस्थित थे।

# शहीद दिवस से पूर्व सीआईएसएफ कैम्प पिपरवार मे रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के पिपरवार कैंप में शहीद दिवस से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी एवं जवानों के अलावा स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि में सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया,जिसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।रांची के रिम्स से आए हुए ब्लड बैंक की टीम के द्वारा सुरक्षित रक्त संग्रह







किया गया।शिविर में कुल 61 लोगों ने रक्तदान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान का कार्य होता है।यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है।रक्तदान करने से किसी की भी जान बचाई जा सकती है।वहीं रक्तदान करने से कई फायदे भी हैं।इस तरह के आयोजन में क्षेत्र के सभी लोगों को हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।वहीं सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार ने कहा कि शहीद दिवस के पूर्व रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा सीआईएसएफ कैंप पिपरवार में रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया है, जो काफी सराहनीय है।इस रक्तदान शिविर में बटालियन के जवान एवं पदाधिकारी बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपना रक्तदान किया।इस मौके पर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह,मुखिया रीना देवी,समाजसेवी कृष्णदेव यादव, मन्टु यादव,कृष्णा चौहान, अभिषेक चौहान सहित रक्तदान महादान टीम खलारी के मुन्ना शर्मा,पंकज प्रसाद,आलोक कुमार, अभिषेक कुमार,भीष्म कुमार,मंतोष चौहान,दीपक चौहान,भरत कुमार,रवि भूषण, डॉ. चंद्र भूषण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण के लिए हुआ भुवनेश्वर बेदिया व कृष्णा मुंडा का चयन



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य के पंचायती राज विभाग कि ओर से अनगड़ा प्रखण्ड के प्रस्तावित आदर्श आदिवासी पंचायत नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया और जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा का चयन झारखंड राज्य से चयनित कुल 25 मुखियाओं कि सूची में अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण हिमाचल प्रदेश के लिए किया गया । मुखिया भुनेश्वर बेदिया और कृष्णा मुंडा हिमाचल प्रदेश में अयोजित 17 मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक हिमाचल प्रदेश सरकार के पंचायती राज विभाग कि ओर से पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान एवं प्रसार प्रशिक्षण मशोबरा (क्रफ्गनेनो) शिमला में किया गया। झारखंड के सभी मुखिया हिमाचल प्रदेश में विभिन्न पंचायत का दौरा कर उन्नत योजनाओं और नवाचारों का अध्ययन कर अपने पंचायत में कार्यान्वयन के लिए अनुभव प्राप्त कर राज्य वापसी करेंगे।अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण में चयनित होने पर मुखिया भुवनेश्वर बेदिया पंचायत के सभी सम्मानित जन प्रतिनिधियों के साथ झारखण्ड सरकार के पंचायती राज विभाग का आभार व्यक्त किया। इससे पहले आदिवासी पंचायत नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया झारखंड राज्य से 2025 के गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य से चयनित 14 मुखियाओं में शामिल होकर अतिथि के तौर पर चयनित होकर दिल्ली में आयोजित कर्तव्य पथ पर राष्ट्रीय परेड में शामिल होकर भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय कि ओर से पंचायती राज्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी के द्वारा श्रेष्ठ मुखिया का पुरस्कार पाकर नवागढ़ पंचायत का परचम लहराकर अपने पंचायत मान बढ़ा चुके हैं। मुखिया भुवनेश्वर बेदिया - अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण से झारखंड प्रदेश के सभी मुखियाओं को अन्य राज्य से अध्ययन कर उन्नत योजनाओं का अनुसरण कर विस्तार करने में मदद मिलेगी।

## दो दिनों कि बारिश से मौसम हुआ सुहाना, बिजली गायब



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में दो दिनों कि जोरदार बारिश एवं ठंडी-ठंडी हवा से मौसम हुआ सुहाना। लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली वहीं इस बारिश से सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।रात के अंधेरे में गढ्ढे में गिरकर चोटिल भी हुए हैं। ऐसे भी मुरी से गोला जाने वाली मुख्य सड़क पर काफी जानलेवा गढ्ढा काफी दिनों से बनकर तैयार है। लेकिन किसी प्रकार से प्रशासन द्वारा इस गढ्ढे को नहीं भरा जा रहा है।मुरी सब्जी बजार में भी बारिश का पानी जमा होकर किचड़ में तब्दील हो गया है जिससे लोगों को सब्जी बजार में खरीदारी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। इस बारिश से क्षेत्र के बिजली भी गुल हो गई है। सिल्ली मुरी क्षेत्र के लिए बिजली गुल होना कोई नयी बात नहीं है। यहां हल्की बारिश होने से भी पुरी तरह से बिजली कट जाती है।

## डायमंड सिटी चैंपियन ट्रॉफी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 4 अप्रैल से होगा शुरू

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डायमंड सिटी चैंपियन ट्रॉफी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 4 अप्रैल से आईपीएल के तर्ज पर कांके प्रखंड क्षेत्र स्थित ओयना गांव में रात्रिकालीन टेनिस बॉल टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 4 दिनों का होगा। तीसरा बार ये द्वक्र के तर्ज पर खेला जाएगा। पहले नंबर पर रहने वाली टीम को 50 हजार रुपए का नकद इनाम और ट्राफी दी जाएगी। वहीं, दूसरे नंबर आने वाली टीम को 30 हजार रुपए का नकद इनाम और ट्राफी वहीं तीसरा व चौथा प्राइज 10 हजार और ट्रॉफी देंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता जावेद मार्का, गुलफाम,एके शोएब, राजा, अनीश, शोएब स्टू,रमजान अंसारी, मजलूम अंसारी तौहीद आलम, रिजवान अंसारी है।

## बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदा ग्यारह हाइवा जब्त, मचा हड़कंप

**हिरणपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम हिरणपुर-कोटालपोखर मुख्य पथ पर कस्तूरी गांव निकट औचक छापेमारी कर बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे 11 हाइवा को जब्त किया गया। वहीं कार्रवाई के दौरान सभी वाहन चालक मौके से भाग निकला। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह, खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह भी शामिल थे। गुप्त सूचना पर रात करीब 9ः00 बजे डीएमओ ने सितपहाड़ी से कोटालपोखर की ओर जा रही पत्थर लदे सभी हाइवा को जांच के लिए रोका। इस दौरान सभी चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। वाहन में लदे पत्थरों से संबंधित माइनिंग चालान तत्काल नहीं पाया गया। इसको लेकर डीएमओ ने पत्थर लदे वाहन संख्या जेएच 18 एच 8732, जेएच 16 जी 6377, जेएच 16 एच 6321, जेएच 16 जी 9815, जेएच 16 एच 3844, जेएच 16 एच 1526, जेएच 16 जी 1447, जेएच 16 डी 3792, जेएच 16 एच 2819, जेएच 16 एच 2307 तथा जेएच 16 जे 2557 को तुरंत जब्त किया गया। डीएमओ की इस कार्रवाई से पत्थर कारोबारियों में हड़कंप मच गया। सोचनीय विषय यह बना हुआ है कि बिना माइनिंग चालान के इतने संख्या में पत्थर लदे वाहनों को कैसे ले जाया जा रहा था। जबकि इस पथ में चौड़ा मोड़ स्थित चेकनाका भी है। पत्थरों की इस अवैध कारोबार से सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। इसकी गहन जांच होना आवश्यक है न कि कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो। इस संबंध में खनन निरीक्षक ने बताया कि कस्तूरी निकट यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान सभी वाहनों के चालक भाग निकला। पत्थरों से सम्बंधित चालान प्रस्तुत नही कर पाया। सभी वाहनों को जब्त कर पुलिस के हवाले किया गया है। इसको लेकर आवश्यक जांच की जा रही है। इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# पटमदा में जमकर हुई ओलावृष्टि, सब्जियों को भारी नुकसान

## चिंतित किसान सुबह से ही कर रहे हैं नुकसान का आकलन, मुआवजे की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा क्षेत्र में शुक्रवार की शाम को हुई आंधी-पानी व ओलावृष्टि से सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि पहली बार क्षेत्र में इतनी अधिक हुई है, जिससे सभी फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि बर्फ का चादर जैसी स्थिति पहली बार देखने को मिली। पटमदा के लच्छीपुर, चूड़दा, लावा, बांसगढ़, कुइयानी, बोड़ाम, आगुईडांगरा समेत दर्जनों गांवों में किसानों को भारी नुकसान हुआ है और शनिवार की सुबह से ही किसान अपने खेतों में जाकर आकलन करते रहे। किसानों ने सरकार से अपनी फसलों की क्षतिपूर्ति मांग रहे हैं। खेतों में लगी गेहूं, तरबूज, खीरा, खरबूजा, टमाटर, गोभी, लौकी, भिंडी आदि की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इससे किसानों की कमर पूरी तरह टूट गई है। ज्यादा मात्रा व बड़े साइज का ओलावृष्टि होने से पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर गांव के किसान ज्यादा



प्रभावित हुए हैं। किसान अमल कांत महतो, लक्ष्मण महतो, बिमल कांत महतो, आह्लाद महतो व सत्यनारायण महतो व अन्य किसानों के खेतों में लगी विभिन्न प्रकार की सब्जियों को नुकसान पहुंचाने से लाखों रुपए की क्षति हुई है। युवा किसान अमल कांत महतो करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च कर 10 बीघा जमीन में तरबूज की खेती की थी। दिन रात कड़ी मेहनत के फलस्वरुप तरबूज का उत्पादन भी बढ़िया हुआ था। 15 दिनों के बाद से ही तरबूज की बिक्री शुरू हो जाती। लेकिन उसके पहले ही ओलावृष्टि ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। लावा निवासी तपन गोराई व लक्ष्मीकांत गोराई ने पार्टनरशिप में 7 एकड़ जमीन पर खीरा की खेती की थी जो पूरी तरह से नष्ट हो गई है। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू से संपर्क करते हुए मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। बारिश के साथ हुई आंधी तूफान से चाड़रीकोल निवासी गोकुल रजक के घर में लगे एस्बेस्टस को उड़ गया है और परिवार के सदस्य बेघर हो गए हैं। इस घटना में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए है। प्रखंड के सुदूरवर्ती लच्छीपुर, गोबरघुसी व जोड़सा पंचायत में कई जगहों पर पेड़ की डाली टूटकर गिर गई है। बिजली पोल को भी नुकसान पहुंचा है। जिससे दोनों पंचायतों में शनिवार की शाम तक बिजली सेवा शुरू नहीं हो पाई थी। लोग अंधेरे में ही रहने को मजबूर हैं।

## ड्रग पैडलर हत्या मामले में दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अन्य अभी भी फरार



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । बीते 14 मार्च को गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतारामपुर डैम के समीप गोली मारकर आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती एच रोड निवासी ड्रग पैडलर अफसर अली की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए उसमें शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि उंक्त हत्याकांड मामले में मृतक की बेटी के बयान के आधार पर गम्हरिया थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरायकेला एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई थी। उस टीम द्वारा भौतिक, तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। इसी दौरान टीम ने आरोपी अब्दुल करीम उर्फ करीम हुसैन और मो फकरे आलम उर्फ राजू को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लोडेड पिस्टल (एक मैगजीन सहित), 7.65एमएम की दो जिंदा गोलियां, 7.65 एमएम के दो खोखे, मृतक का ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड में कुछ अन्य अपराधी भी शामिल थे जो अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि हत्या के पीछे आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी का कारण हो सकता है। इस मामले की विस्तृत जांच जारी है। सरायकेला एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम में आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार, आदित्यपुर थाना के सहायक निरीक्षक विपुल कुमार ओझा, गम्हरिया थाना के अरुण कुमार महतो, सहायक निरीक्षक रघुनाथ मुंडी, आरक्षी सुभाष महतो, नीतीश कुमार पांडे, राघवेंद्र कुमार तथा अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

## खरसावां के हरिभंजा पीएचसी में चिकित्सकों की पदस्थापना करे सरकार : दशरथ गागराई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** विधायक दशरथ गागराई ने राज्य सरकार से हरिभंजा पीएचसी में चिकित्सक समेत अन्य पदों पर पदस्थापना करने की मांग की है. उन्होंने शनिवार को विस में शून्य काल के दौरान मामले उठाया. विधायक ने पीएचसी का संचालन बेहतर तरीके से करने की मांग की है. पूर्व में इस पीएसची का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से किया जा रहा था. परंतु पिछले एक साल से भी अधिक समय से खरसावां के हरिभंजा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन का जिम्मा स्वास्थ्य स्वास्थ्य विभाग के अधीन है. पिछले एक साल से भी अधिक से यह पीएचसी बगैर चिकित्सक के ही संचालित हो रही है. लोगों को इस पीएचसी का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने सरकार से पीएचसी मे डॉक्टर समेत सभी पदों पर पदस्थापना करने की मांग की है. मालूम हो कि हरिभंजा पीएचसी के लिये एक चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक लैब टेक्नीशियन, एक क्लर्क, चार एएनएम, दो अनुसेवक के पद का सृजन किया गया है. परंतु यहां एक क्लर्क व दो एएनएम की ही पदस्थापना की गयी है, बाकी पद रिक्त पड़े हुए है. वर्तमान में अस्पताल में ओपीडी सेवा भी बाधित है. साथ ही अस्पताल में दवाओं से लेकर कर्मियों की भी भारी कमी है.

## जवाहर नगर रहीमिया कॉलोनी में नाली सफाई नहीं होने से लोग परेशान : मौलाना अंसार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान जवाहर नगर रोड नंबर 8 बाबा रहीमिया कॉलोनी पहुंचे। बस्ती वासियों ने अंसार खान को बताया यह जो नाली है हमेशा जाम हो जाती है कई बार शिकायत करने के बावजूद भी सफाई करने के लिए नहीं आते हैं। जिससे आज पूरा रोड गंदे पानी से भर गया है। मौलाना अंसार खान ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया कल संडे है सोमवार को आपकी शिकायतों को मानगो नगर निगम के पदाधिकारी को अवगत कराकर नालियों की सफाई करा दिया जाएगा। मौके पर मोहम्मद शमी, मोहम्मद रफीक़ अंसारी, अकबर हुसैन, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अजीज, मोहम्मद सगीर, मोहम्मद शमसी, मोहम्मद शादाब आदि मौजूद थे।

## सरायकेला प्रेस क्लब भवन के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण की मांग को सीएम से मिले



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** सरायकेला-खरसावां जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने शनिवार को विधायक सविता महतो के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और प्रेस भवन सरायकेला के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा. साथ ही पत्रकारों के लिए आवास, सुरक्षा एवं बीमा से संबंधित मांग की. जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहल करने का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द सरायकेला प्रेस क्लब भवन के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए आदेश जारी किया जाएगा. इस मौके पर प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां के संरक्षक संतोष कुमार, झामुमो जिला संयोजक सदस्य काबलू महतो, झामुमो नेत्री स्नेहा महतो भी मौजूद रहीं.

## जीएसटी एमनेस्टी स्कीम से व्यापारियों को बड़ी राहत, 31 मार्च तक करें बकाया कर भुगतान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** व्यापारियों और करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए केंद्र सरकार ने जीएसटी एमनेस्टी स्कीम को 1 नवंबर 2024 से लागू कर दिया है। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 से जुड़े लंबित टैक्स मामलों में ब्याज और पेनाल्टी को पूरी तरह माफ किया जाएगा, बशर्ते करदाता 31 मार्च 2025 तक अपना बकाया कर चुका दें। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के टैक्स एवं फाइनेंस विंग के वाइस प्रेसिडेंट राजीव अग्रवाल (एडवोकेट) और अंशुल रिंगसिया (एडवोकेट) ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सीजीएसटी अधिनियम की धारा 128ई के तहत यह सुविधा दी गई है, जिससे व्यापारियों को वित्तीय राहत मिलेगी। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सभी व्यापारियों और करदाताओं से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने और अपने कर विवादों का शीघ्र समाधान करने की अपील की है।

**कैसे मिलेगा लाभ :** योग्य करदाता एसपीएल-1 और एसपीएल-2 फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, एसपीएल-2 फॉर्म पोर्टल पर लाइव हो चुका है, लेकिन व्यापारियों को कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सरकार से अपील की है कि पोर्टल को सुगम बनाया जाए ताकि व्यापारी आसानी से इस योजना का लाभ उठा सकें। आवेदन की अंतिम तिथिः- एमनेस्टी स्कीम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई है। वहीं, धारा 74 के नोटिस को धारा 73 में लाने के लिए अपील किए गए मामलों में ऑर्डर की तारीख से 6 महीने तक का समय दिया गया है।

## संस्कारोदय अकादमिक आवासीय विद्यालय ऑफ साइंस में मना विश्व जल दिवस



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । विश्व जल दिवस पर नेहरू युवा केंद्र सरायकेला-खरसावा तथा संत कबीर सेवा संस्थान गम्हरिया के संयुक्त तत्वावधान में संस्कारोदय अकादमिक आवासीय विद्यालय ऑफ साइंस जमालपुर, धीरजगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय एवं आसपास के युवक- यवतियों के बीच ग्लेशियर संरक्षण विषय पर निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कारोदय अकादमिक रेजिडेंशियल स्कूल ऑफ साइंस के प्रधानाध्यापक सह निदेशक ऑक्सीजन मैन% डॉ दिग्विजय भारत द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर निर्णायक के रूप में अमन यादव और राहुल प्रसाद उपस्थित थे। इस मौके पर मोनिका कुमारी, सुनील सरदार, संगीता सतपथी, तुलिका आदि उपस्थित थे।

## टीएमआईएलएल ने छात्रों को पानी बचाने की दिलाई शपथ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कोरू फाउंडेशन और टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (टीएमआईएलएल) ने अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर टाटा वर्कर्स यूनियन स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य पानी बचाने और प्लास्टिक कचरे को कम करने के बारे में छात्रों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान, स्टील की बोतलें छात्रों को दी गई ताकि वे प्लास्टिक की बोतलों का इस्तेमाल बंद करें। गीता थिएटर टीम ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि पानी धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और हमें इसे बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने पानी की बचत के आसान तरीके बताए और छात्रों को पानी बचाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम ने छात्र और छात्राएं को अपने रोजमर्रा के जीवन में पानी की बर्बादी रोकने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया।

## बागबेड़ा में कचड़ा निष्पादन के लिए अलग से जगह उपलब्ध कराए सरकार : संजीव सरदार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा क्षेत्र के निवासियों के लिए राहत की खबर है। वर्षों से चली आ रही कचरा निष्पादन की समस्या का समाधान जल्द ही संभव हो सकता है। पोटका विधायक संजीव सरदार ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल में सरकार से मांग करते हुए बागबेड़ा में कचरा निस्तारण के लिए एक निश्चित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बागबेड़ा के लोग लंबे समय से प्रदूषण, गंदगी और बीमारियों की समस्या से जूझ रहे हैं। उचित कचरा निपटान स्थल के अभाव में यहां कूड़े का ढेर जमा हो जाता है, जिससे मच्छरों की संख्या बढ़ती है और स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न होते हैं। विदित हो कि बागबेड़ा में कचरा फेंकने का स्थान सुनिश्चित नहीं होने के कारण जगह-जगह मुख्य सड़क चौराहे पर कचरो का ढेर पड़ा रहता है।

**विधायक संजीव सरदार की निरंतर पहल :** पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया और सरकार से स्थायी समाधान की मांग की है. उन्होंने स्पष्ट किया कि इस समस्या का केवल अस्थायी समाधान नहीं, बल्कि स्थायी रूप से निपटारा होना आवश्यक है। श्री सरदार ने इससे पहले भी कई बार इस विषय को विभिन्न स्तरों पर उठाया, जिससे समय अनुसार पर्व त्यौहार में अस्थाई रूप से जुस्को एवं जुगसलाई नगरपालिका के माध्यम से कचरा का उठाव किया जाता है लेकिन अब वे इस मुद्दे को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रयासरत हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन विधायक संजीव सरदार के प्रयासों से अब इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोग भी इस पहल का समर्थन कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा। बागबेड़ा में वर्षों से उपेक्षित इस मुद्दे पर अब सक्रियता बढ़ने से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## ग्राम सभा मंच ने की बैठक, कई योजनाओं का किया गया चयन



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई के मुंडा मानकी सभागार में शुक्रवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर सामुदायिक वन पालन संस्थान के द्वारा 25 ग्राम सभाओं के सदस्यों ने बैठक की। इस सम्बंध में सोहन लाल कुम्हार, भरत सिंह मुण्डा तथा बाबलू मुर्मू ने बिस्तारपूर्वक जानकारी दिए। बैठक में इन योजनाओं का चयन किया गया : (1) रायसिंहदिरी, लेप्सो, रामायसाल, डांगो, भुरकुण्डा, रोचदा, जोवाजंजीड, बड़ाबाण्डीह, छोटाबाण्डीह, पुनीबुढ़ी, दुखियाडीह में सड़क तथा पीसीसी पथ का निर्माण। (2) रायसिंहदिरी के दैविक स्थान झाण्डाबुरु, भुरकुण्डा के सुरसी पहाड़ में टावर तथा वन्य प्राणियों के संरक्षण के लि 20 गुफाएँ और तथा डांगो में झारना तथा नाला पर पर्याटन केन्द्र का निर्माण (3) रायसिंहदिरी, तिलोपदा तथा दुखियाडीह में वनाधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त वनाश्रितों के लिये पक्का आवास का निर्माण (4) रायसिंहदिरी,रोचदा तथा लेप्सो में मोबाईल टावर लगाने। (5) रायसिंहदिरी,बाण्डीह,भुरकुण्डा, डांगो,दुखियाडीह में मत्सय पालन हेतु तलाबों का जीर्णोद्धार करना तथा मत्सय पालको को प्रशिक्षण के लिये भेजना (6) सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, संबर्धन, पुनुरुज्जीवित, उपयोग तथा प्रबंधन के लिए कौशल विकास के तहत सामुदायिक वनाधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त सभी ग्रामों से 3-3 सदस्यों को प्रशिक्षण में भेजने। उपरोक्त योजनाएँ किस प्रकार के ग्रामों के लिए चयन किए गये– ये योजनाएँ उन्ही ग्रामों के लिये चयन किए गये जिन ग्रमों में सरकार द्वरा वनाधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक तथा व्यक्तिगत वनाधिकार प्रमाण पत्र निर्गत किए जा चुके है। तथा अनुसूचित जनजाति ग्राम है। 40-50 ग्रामों के सामुदायिक वनाधिकार दावे वनकर तैयार है जिसमें वन विभाग का हस्ताक्षर बाकी है। उपस्थित प्रतिभागियों ने नाराजगी जताया और वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने जागरूकता रैली, नदी सफाई पहल के साथ मनाया विश्व जल दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने जल संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व जल दिवस पर कई प्रभावशाली पहल आयोजित की। इस कार्यक्रम में औद्योगिक और स्थिरता विशेषज्ञों की एक विशेषज्ञ पैनल चर्चा, तकनीकी केस प्रस्तुतियाँ, एक जागरूकता रैली और एक नदी सफाई अभियान शामिल था, जिससे पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को बल मिला। इस आयोजन में राजीव मंगल (उपाध्यक्ष, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता, टाटा स्टील), अमित रंजन (मुख्य, पर्यावरण, टाटा स्टील), किशोर टार (मुख्य, परियोजनाएँ, टाटा स्टील), वरुण बजाज (मुख्य, नगर अवसंरचना और लॉजिस्टिक्स), डॉ. रघु राम (स्थिरता विशेषज्ञ, एक्सएलआरआई) , संजीव कुमार झा (महाप्रबंधक, जल और अपशिष्ट जल सेवाएँ, टाटा स्टील यूआईएसएल) और रघुनाथ पांडे (अध्यक्ष, जुस्को श्रमिक यूनियन) शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत टाटा स्टील यूआईएसएल की स्थिरता प्रथाओं की प्रदर्शनी, विशेषज्ञ पैनल चर्चा और केस प्रस्तुतियों के साथ हुई, जहाँ उद्योग विशेषज्ञों और हितधारकों ने जल संरक्षण रणनीतियों और सतत जल प्रबंधन सहित महत्वपूर्ण जल-संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। तकनीकी कंपनियों जैसे विओलिया और ग्रेडिएंट के विशेषज्ञों ने भी अपनी अंतर्दृष्टि साझा की और टाटा स्टील यूआईएसएल को इस आयोजन को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सहयोग दिया।जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किनन स्टेडियम से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो जमशेदपुर के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरी। इसमें कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और जल संरक्षण के महत्व पर बल दिया। इसके अलावा, स्वच्छता पुकारे संगठन के सहयोग से नदी सफाई अभियान भी चलाया गया। स्वयंसेवकों ने नदी किनारों की सफाई में उत्साहपूर्वक योगदान दिया, जिससे जल स्त्रोतों की सुरक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी को सशक्त किया गया।

## ओलावृष्टि से खेतों में सड़ रहा सब्जी, कोल्ड स्टोर के अभाव में किसान है चिंतित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में लगे सब्जियां बर्बाद हो रहा है। टमाटर, गोभी आदि सब्जियों का बाजार भाव भी गिर गया है। सब्जियों को खेतों से उठाने का भी किसानों को खर्चा नही आ रहा है, जिससे खेतों में ही सब्जियां सड़ रहा है। इसका मुख्य वजह है कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में एक भी कोल्ड स्टोरेज का निर्माण नही होना। चुंकि कोल्ड स्टोर रहने से किसान अपने फसलों को सुरक्षित रख सकते थे और दाम बढने पर बाजार में बेच सकते थे। पूर्व मुखिया पति एवं किसान तपन सिंह मुण्डा ने बताया कि ओला वृष्टि से किसानों का फसलें काफी नुकसान हुआ। उन्होंने कोल्ड स्टोर निर्माण कराने का मांग किया है एवं किसानों को क्षति हुए फसलों का मुआवजा देने का मांग किया है।

## न्यायालय ने जब्त लाइसेंसी बंदूक को रिलीज करने का दिया आदेश

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता बब्बन राय के विरुद्ध 5 नवंबर 2024 को विधानसभा चुनाव के दौरान सोनारी नॉर्थ लेआउट में सांसद पप्पू यादव के कार्यक्रम में अपने लाइसेंसी बंदूक के साथ उपस्थित होने को लेकर जल संसाधन के जूनियर अभियंता कीर्ति कुमार के लिखित आवेदन पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त बबन राय के लाइसेंसी बंदूक को सोनारी पुलिस द्वारा जप्त कर ली गई थी। माननीय न्यायालय सुशीला सोरेन प्रथम श्रेणिक नायक दंडाधिकारी द्वारा आज सुनवाई के पश्चात माननीय न्यायालय ने जप्त बंदूक को सोनारी पुलिस को रिलीज करने का आदेश पारित किया गया। अभियुक्त बब्बन राय की ओर से न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, बबिता जैन ने अपना पक्ष रखा।

## नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल में आयोजित मेगा एनीमिया स्क्रीनिंग में 600 ने ली दवा



जमशेदपुर **(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बिष्टुपुर के नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल में मेगा एनीमिया स्क्रीनिंग प्रोजेक्ट का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर के सहयोग संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, प्रारंभिक पहचान प्रदान करना और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्या मित्तल थे। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर, पश्चिम और नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर, पश्चिम के अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी, विशेष अतिथि नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल के अध्यक्ष नकुल कामानी थे। कार्यक्रम में लगभग 600 छात्रों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवा दी गई। एनएचईएस का मानना है कि एनीमिया के प्रबंधन और रोकथाम के लिए प्रारंभिक पहचान महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल पारोमिता रॉय चौधरी और एनएचईएस की प्रशासन प्रमुख तंद्रिमा बनर्जी के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक किया गया।

## कृषि के साथ साथ कला, संस्कृति को भी बढ़ावा दे रही है राज्य सरकार : गागराई

### - कुचाई में मागे महोत्सव सह कृषि मेला आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई के बिरसा स्टेडियम में कृषि मेला सह मागे मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन खरसावां विधायक दशरथ गागराई व जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने किया. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि राज्य सरकार भी कृषि के साथ साथ स्थानीय कला, संस्कृति व परंपरा को बढ़ावा दे रही है. मागे पोरोब क्षेत्र की परंपरा व संस्कृति से जुड़ा हुआ है. आदिवासी समाज का प्रकृति से सीधा संबंध है. उपस्थित लोगों से अपनी संस्कृति व परंपरा को बचाने की अपील की. उन्होंने कृषि मेला व मागे पोरोब के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला. डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि किसानों को नये तकनीक अपना कर खेती करने के लिये प्रेरित किया.

**मागे नृत्य में टेलेंट सुसुन ग्रुप डिबारडीह को प्रथम पुरस्कार**

मागे मिलन समारोह में विभिन्न गांवों से पहुंचे नृत्य दलों ने मांदर की थाप पर लय से लय मिलाते हुए नृत्य किया. इस दौरान उत्कृष्ट नृत्य का प्रदर्शन करने वाले मागे नृत्य दलों को पुरस्कृत किया गया. सुटेलेंट सुसुन ग्रुप डिबारडीह की टीम को प्रथम पुरस्कार, सरजम बाह दुलुई लुसुई जामदा की मागे नृत्य दल को द्वितीय पुरस्कार,हो समाज सुसार सनागोमगुटी बिडदिरी ग्रुप को तृतीय पुरस्कार दिया गया.इसके अलावे दिशुम रुमुल पुनीबुढ़ी,बुरु मागे पोरोब बांडी, सरना मागे पोरोब कुचाई, आश्रिता ग्रुप कुचाई की टीम को भी पुरस्कृत किया गया. विधायक दशरथ गागराई ने नृत्य मंडलियों के साथ मांदर की थाप पर नृत्य किया. कार्यक्रम के दौरान विधायक दशरथ गागराई व उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया. प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे किसानों ने अपने अपने फसलों की प्रदर्शनी लगाई.विधायक व डीसी ने अलग अलग संकाय के 17 किसानों को कृषि से संबंधित उपकरण दे कर पुरस्कृत किया गया. इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो, बीडीओ साधु चरण देवगम,सीओ सुषमा सोरेन,आत्मा के परियोजिना निदेशक विजय सिंह,बीएओ लिमुनुस हेंब्रम,बीटीएम राजेश कुमार,मुन्ना सोय,धर्मेंद्र सिंह मुंडा,जिप सदस्य जिंगी हेंब्रम,प्रमुख गुड्डी देवी,मुखिया करम सिंह मुंडा,मंगल सिंह मुंडा, रेखा मनी उरांव,राम सोय,सरस्वती मिंज,लुदरी हेंब्रम,अनूप सिंहदेव, मान सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे.

विचार प्रवाह

संपादकीय

## कैंसर इलाज एक चुनौती

वर्ष 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में घोषणा की गई थी कि प्रत्येक जिला अस्पताल के साथ 'कैंसर केयर केंद्र' स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, उसके मुताबिक प्रत्येक कैंसर केंद्र में एक विशेषज्ञ डॉक्टर, 2 नर्स, एक फार्मासिस्ट और एक बहुपयोगी कर्मचारी जरूर होने चाहिए। भारत में कितने कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यह संख्या विभिन्न सर्वेक्षणों में अलग-अलग रही है। यह आश्चर्यजनक है कि देश में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निश्चित गणना नहीं है। अलबत्ता यह अनुमान जरूर है कि देश में कमोबेश 2000 कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। जो चिकित्सक सेवारत और उपलब्ध हैं, उनमें से करीब 50 फीसदी शहरों में ही काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में कैंसर का विस्तार और संभावनाएं एक बेहद गंभीर समस्या है। तो 'कैंसर केयर केंद्र' की बजटीय व्यवस्था पर शुरू से ही सवाल उठने लगते हैं। हम ऐसे मुद्दे को सवालिया बनाने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन यथार्थ बेहद डरावना है कि औसतन एक लाख में से मात्र 100 लोगों में ही कैंसर की पहचान हो पाती है। कैंसर के प्रति जन-जागृति नगण्य है, लिहाजा भारत में जन-स्वास्थ्य की यह अहम चुनौती है कि कैंसर का रोग तब पता चल पाता है, जब रोग आखिरी चरण में पहुंच जाता है, लिहाजा कैंसर लाइलाज हो जाता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अभी कुछ डाटा जारी किया है, जिसके मुताबिक, 2023 में भारत में कैंसर के 14 लाख से अधिक मरीज थे। विशेषज्ञ इससे भी ज्यादा संख्या मानते हैं। दरअसल यह संख्या दर्ज मरीजों से 1.5 से 3 गुना अधिक हो सकती है। बेशक यह संख्या डरावनी है। हालांकि देश में गर्भाशय, मुंह और स्तन कैंसर की जांच के कार्यक्रम चलते रहे हैं। कैंसर के इन्हीं अंगों में होते हैं, लेकिन रोग के पता लगाने की दर विश्व में सबसे कम है। कैंसर केयर के जो केंद्र राजधानी दिल्ली में भी कार्यरत हैं, उनमें या तो डॉक्टर गायब हैं अथवा जांच के उपकरण खराब हैं या इलाज की बारी लंबे-लंबे वक्त के बाद आती है। स्वाभाविक है कि रोग फैलता ही जाता है। जब तक इन केंद्रों पर कोई सख्त प्रशासनिक लगाम नहीं होगी, तब तक बजट के 'कैंसर केयर केंद्र' भी सफल प्रयोग साबित नहीं हो सकते। पूर्वोत्तर और केरल में कुछ जिला अस्पतालों में 'कैंसर केयर केंद्र' काम कर रहे हैं, लेकिन वे कितने कारगर हैं, इसकी कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। बहरहाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती साबित होगी। सरकार प्रस्तावित कार्यक्रम की शुरुआत में मोबाइल क्लीनिकों को ग्रामीण इलाकों तक पहुंचा सकती है, लेकिन ऐसे क्लीनिक एक विशेषज्ञ चिकित्सक का विकल्प नहीं हो सकते और कैंसर विशेषज्ञों का अभाव है। कैंसर के संभावित मरीजों में बहुधा ऐसे हैं, जो जांच कराने ही नहीं आते। इस तबके में महिलाएं अधिकतर हैं। अस्पतालों के साथ कैंसर केयर केंद्र जोड़ने का प्रयास तब कारगर हो सकता है, जब जांच-दलों को लोगों की दहलीज तक भेजा जाए। लोग अस्पताल तक जाने में भी संकोच करते हैं, जबकि अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य जांच मुफ्त होती हैं। लोगों को 'टेलीमेडिसन' सरीखे डिजिटल औजार इस्तेमाल करने को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। नई ग्रामीण कैंसर इकाइयों को 'नेशनल कैंसर ग्रिड' के जरिए जोड़ा जाना चाहिए, ताकि शहर और गांव के बीच कैंसर विशेषज्ञ आपस में संवाद कर सकें और मरीज का उचित इलाज हो सके।

> केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, उसके मुताबिक प्रत्येक कैंसर केंद्र में एक विशेषज्ञ डॉक्टर, 2 नर्स, एक फार्मासिस्ट और एक बहुपयोगी कर्मचारी जरूर होने चाहिए। भारत में कितने कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यह संख्या विभिन्न सर्वेक्षणों में अलग-अलग रही है। यह आश्चर्यजनक है कि देश में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निश्चित गणना नहीं है। अलबत्ता यह अनुमान जरूर है कि देश में कमोबेश 2000 कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। जो चिकित्सक सेवारत और उपलब्ध हैं, उनमें से करीब 50 फीसदी शहरों में ही काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में कैंसर का विस्तार और संभावनाएं एक बेहद गंभीर समस्या है। तो 'कैंसर केयर केंद्र' की बजटीय व्यवस्था पर शुरू से ही सवाल उठने लगते हैं। हम ऐसे मुद्दे को सवालिया बनाने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन यथार्थ बेहद डरावना है कि औसतन एक लाख में से मात्र 100 लोगों में ही कैंसर की पहचान हो पाती है। कैंसर के प्रति जन-जागृति नगण्य है, लिहाजा भारत में जन-स्वास्थ्य की यह अहम चुनौती है कि कैंसर का रोग तब पता चल पाता है, जब रोग आखिरी चरण में पहुंच जाता है, लिहाजा कैंसर लाइलाज हो जाता है।

### बाबर ने इब्राहिम लोधी को परास्त करके उत्तरी भारत के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाया था

# औरंगजेब की कब्र पर बढ़ता विवाद

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

> मुगल खानदान के बादशाह औरंगजेब के साथ भी यही हो रहा है। उसने जिंदा रहते हुए भी लोगों पर अमानुषिक अत्याचार किए और मरने के बाद भी उसका यह खेल जारी है। सबसे पहले, औरंगजेब नाम का यह शख्स कौन था? इसका ताल्लुक मध्य एशिया से है और यह वहां के तुर्क समाज से ताल्लुक रखता था। यह बाबर के खानदान का था। बाबर के खानदान ने हिंदुस्तान पर हमला करके यहां अपना राज स्थापित किया था। इतिहास में इसे मुगल खानदान के नाम से जाना जाता है। बाबर के बाद उसका बेटा हुमायूं, उसके बाद अकबर, जहांगीर, शाहजहां और उसके बाद औरंगजेब ने सत्ता संभाली थी।

शैतानी रूहों के बारे में कहा जाता है कि वे अपनी कब्र से बार-बार बाहर निकलती रहती हैं। यत्नपूर्वक इन शैतानी रूहों को लोग कब्र में दबाते हैं, लेकिन कुछ साल बाद वे फिर बाहर आकर अपना शैतानी खेल शुरू कर देती हैं। मुगल खानदान के बादशाह औरंगजेब के साथ भी यही हो रहा है। उसने जिंदा रहते हुए भी लोगों पर अमानुषिक अत्याचार किए और मरने के बाद भी उसका यह खेल जारी है। सबसे पहले, औरंगजेब नाम का यह शख्स कौन था? इसका ताल्लुक मध्य एशिया से है और यह वहां के तुर्क समाज से ताल्लुक रखता था। यह बाबर के खानदान का था। बाबर के खानदान ने हिंदुस्तान पर हमला करके यहां अपना राज स्थापित किया था। इतिहास में इसे मुगल खानदान के नाम से जाना जाता है। बाबर के बाद उसका बेटा हुमायूं, उसके बाद अकबर, जहांगीर, शाहजहां और उसके बाद औरंगजेब ने सत्ता संभाली थी। लेकिन आगे बढने से पहले यह जान लेना भी जरूरी है कि जब मुगल खानदान ने भारत के बड़े हिस्से पर कब्जा किया, तब भी यहां मध्य एशिया के सुलतानों का ही राज था। सुलतानों का यह राज 1100-1200 ईस्वी सन्के आसपास शुरू हो गया था। बाबर ने इब्राहिम लोधी को परास्त करके उत्तरी भारत के बड़े हिस्से पर कब्जा जमाया था। किस्सा कोताह यह कि मुगल अपनी सल्तनत को पूरे हिंदुस्तान में फैलाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन हिंदुस्तान के लोग उनको खदेडने की कोशिश भी कर रहे थे। वैसे गहराई से देखा जाए तो मुगलों के इन हमलों को सबसे पहली चुनौती सप्तसिंधु में ही गुरु नानक देव जी ने दी थी। गुरु नानक देव जी द्वारा रचित बाबर वाणी इसकी गवाही देती है। नानक देव जी इस हमले को 'जम (यमराज) कर मुगल चढ़ाईया' कहते हैं और इसको 'हिंदुस्तान डराइया' भी कहते हैं। जाहिर है कि सप्त सिंधु/पंजाब ने तो इस मुगल सत्ता को शुरू से ही चुनौती देनी शुरू कर दी थी। लेकिन मुगल सत्ता को दूसरी सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण के पठारों में मराठों से मिली। शिवाजी मराठा के नेतृत्व में मराठों ने बहुत बड़े क्षेत्र को मुगलों से आजाद करवा कर 1674 में हिंदवी साम्राज्य यानी हिंदुस्तानियों के अपने राज की स्थापना की। इधर सप्त सिंधु/पंजाब क्षेत्र में दशगुरु परंपरा, जिसका पौधा गुरु नानक देव जी ने लगाया था, का प्रभाव बढ़ता जा रहा था। अफगानिस्तान से लेकर दिल्ली तक नया



उत्साह संचार हो रहा था। इसका प्रभाव इतना बढ़ा कि पश्चिमोत्तर भारत के लोगों ने पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव जी को 'सच्चा पातशाह' कहना शुरू कर दिया। यानी मुगल बादशाह तो झूठा है, वह हिंदुस्तान का बादशाह नहीं है। हमारा सच्चा पातशाह ही हिंदुस्तान का बादशाह है। गुरु अर्जुन देव जी ने जन आस्था की रक्षा के लिए मुगलों का सामना किया, उनके आगे झुकने से इंकार कर दिया। मुगल बादशाह जहांगीर की दारुण यातनाओं का सामना करते हुए बलिदान दे दिया। लेकिन यह लड़ाई यहीं खत्म नहीं हुई। मुगल सत्ता पर औरंगजेब बैठा। लेकिन गद्दी पर कब्जा करने से पहले उसने अपने सभी भाइयों को मरवा दिया। 'मरवा दिया' कहने मात्र से शायद स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाएगी। अपने बाप शाहजहां को कैद में डालने के बाद, औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह का सिर काट कर उसे थाल में सजा कर, शाहजहां को तोहफे के रूप में पेश किया। दक्षिण के पठारों में 1674 में हिंदवी राज की स्थापना ने औरंगजेब को हिला दिया था। इधर दशगुरु परंपरा के आंदोलन ने सप्त सिंधु/पंजाब क्षेत्र की हवा बदलनी शुरू कर दी थी। औरंगजेब के अत्याचार बढ़ते जा रहे थे, वह पूरे हिंदुस्तान को 'दारुल इस्लाम' बना देना चाहता था। लेकिन दक्षिण में नींव हिल गई थी और इधर पंजाब विरोध में आ खड़ा हुआ था। इसका नेतृत्व नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी कर रहे थे। इतिहास ने औरंगजेब के अत्याचारों की पराकाष्ठा भी देखी और श्री गुरु तेग बहादुर और उनके तीन साथियों के प्रतिरोध की क्षमता भी देखी। मतिदास जी, सती दास जी, भाई दियाला जी के किस निर्दयता से प्राण लिए गए, इसे कैसे भूला जा सकता है? गुरु तेग बहादुर जी का सिर तलवार के वार से धड़ से अलग कर दिया गया। उन्होंने बलिदान दे दिया, लेकिन इस्लाम स्वीकार नहीं किया। यह दुःखांत 1675 का है। 1680 में शिवाजी मराठा का देहावसान हो गया। इस नए साम्राज्य की बागडोर उनके सुपुत्र संभा जी महाराज ने संभाली। वह अपने राज्य को मजबूत करने के प्रयास में लगे थे। औरंगजेब चाहता था इस हिंद स्वराज का विस्तार होने से पहले-पहले किसी भी तरह इस पर कब्जा किया जाए। आरपार की लड़ाई थी। लेकिन 1689 में छत्रपति संभाजी महाराज पकड़े गए। अब 'टोपियां बना कर घर का खर्चा चलाने वाले औरंगजेब' का असली रूप सामने आया। वैसे उसका एक रूप पूरा हिंदुस्तान पहले दिल्ली के चांदनी चौक में भी देख चुका था। इस बार फिर औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी थीं। औरंगजेब की एक ही मांग थी- इस्लाम मजहब को स्वीकार करो। वह गुरु तेग बहादुर जी से भी यही मांग कर रहा था। उसको लगता था गुरु जी इस्लाम में आ जाएंगे तो शेष भारतीयों को मतांतरित करना आसान हो जाएगा। वह अब भी यही मान रहा था कि यदि शिवाजी महाराज का बेटा मुसलमान हो जाएगा तो दक्षिण के पठारों में तो इस्लाम का झंडा फहराने ही लगेगा। लेकिन संभाजी दृढ़ थे। औरंगजेब ने उसके नाखून निकलवा दिए, आंखें फोड़ दीं और अंत में उनकी जुबान काट दी। अंत में औरंगजेब ने संभाजी का सिर कटवा दिया। लेकिन औरंगजेब के भीतर का पशु इतने पर भी शांत नहीं हुआ। उसने संभाजी के शरीर के कई टुकड़े करवा कर नदी में फिंकवा दिए। औरंगजेब इसी को अपनी जीत समझ रहा था। लेकिन भारत भी अंगड़ाई ले रहा था। उसकी एक आहट सप्त सिंधु में सुनाई दे रही थी, जब दशम गुरु गोबिंद सिंह जी ने पुआध क्षेत्र में खालसा पंथ की स्थापना करके भारतीय इतिहास में एक नया अध्याय रच दिया। चमकौर की लड़ाई के बाद गुरु गोविंद सिंह जी ने औरंगजेब को जफरनामा यानी जीत की चि_ी लिखी। इस चि_ी ने औरंगजेब का काला चि_ा इतिहास में सुरक्षित कर दिया। 1707 में औरंगजेब अहमदनगर में सुपुर्दे खाक हो गया। उधर खालसा पंथ ने जम्मू कश्मीर के बंदा बहादुर के नेतृत्व में पश्चिमोत्तर भारत में मुगल साम्राज्य की नींव हिला दी। औरंगजेब की लाश पड़ी थी। उसकी वसीयत पढ़ी गई। उसमें लिखा था कि मेरी मौत जहां भी हो, लेकिन मुझे खुल्दाबाद में ही दफनाया जाए जहां मेरे गुरु सैयद जैनुद्दीन शिराजी दफन हैं।

दृष्टि कोण

## डिजिटल लत और नशे की चुनौतियां-समाधान

समाज में अन्याय के विरुद्ध लडने वाले लोग समाज के स्तंभ होते हैं। ये लोग समाज की सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक सुसंस्कृत समाज की कल्पना उसके सदस्यों के आचरण और मूल्यों पर निर्भर करती है। समाज में सुख-शांति और एकता बनाए रखने के लिए सहयोग और एकजुटता आवश्यक है। यही वह धागा है जो मानव समाज को बांधे रखता है और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है। मनुष्य के स्वभाव में दया, करुणा, प्रेम, सहनशीलता, कृतज्ञता और मानवीय हास्य-मजाक जैसे गुण होने चाहिएं। ये गुण ही मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। मित्रता, विनम्रता, शिष्टाचार और दूसरों की परेशानियों के प्रति चिंता जैसे गुण सकारात्मकता और अपनेपन का संदेश देते हैं। ये अच्छाइयां ही समाज को रहने योग्य एक सुंदर स्थान बनाती हैं। लेकिन आज के समय में, विशेषकर युवाओं में, इन मानवीय गुणों का ह्रास होता जा रहा है। आज का युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। चाहे वह ड्रग्स का नशा हो या मोबाइल फोन और सोशल मीडिया की लत, यह समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है। हम सभी इस समस्या से चिंतित तो हैं, लेकिन इसका समाधान ढूंढने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं। अधिक धन कमाने के लालच में कुछ लोग युवाओं को नशे के जाल में फंसा रहे हैं, जो न केवल उनके भविष्य के लिए खतरनाक है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती भी है। नशीली दवाओं की समस्या बहुआयामी है। यह केवल कानून और स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को प्रभावित करती है। इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए केवल सरकार या पुलिस प्रशासन पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है, जिसमें पुलिस, समाज, परिवार और शिक्षण संस्थानों की समान भागीदारी हो। यदि सामाजिक स्तर पर सहयोग, अनुशासन और सही मार्गदर्शन दिया जाए, तो नशे की प्रवृत्ति को खत्म किया जा सकता है। खेलकूद और प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को



शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है, जिससे उन्हें नशे से दूर रहने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही, सरकार को युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने चाहिए, क्योंकि बेरोजगारी भी नशे की ओर प्रेरित करने वाला एक प्रमुख कारक है। दूसरी गंभीर समस्या मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का नशा है। आज का युवा वर्ग इस लत से बुरी तरह प्रभावित है। मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों तरह के खतरे पैदा हो रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी खतरों में आंखों पर दबाव बढना, एकाग्रता में कमी, तनाव और चिंता बढना, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव और अकेलेपन की भावना शामिल हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी मोबाइल फोन के माध्यम से हैकिंग, निजी जानकारियों का लीक होना और अन्य साइबर अपराधों का खतरा बढ़ गया है। बच्चों के मस्तिष्क पर मोबाइल फोन का अधिक उपयोग और भी हानिकारक प्रभाव डालता है। इसलिए, मोबाइल फोन के सावधानीपूर्वक उपयोग और निगरानी की आवश्यकता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को डिजिटल साक्षरता के बारे में शिक्षित करें और उनके स्क्रीन टाइम को सीमित करें। अभी हाल में ही ऑस्ट्रेलिया और चीन ने बच्चों की स्क्रीन टाइम को सीमित करने के संबध में कानून बनाए हैं! भारत सरकार को भी इस दिशा में काम करना चाहिए! युवा वर्ग में मोबाइल की लत इतनी अधिक बढ़ गई है कि वे अपनी पढ़ाई-लिखाई को छोडक़र घंटों सोशल मीडिया पर रील्स देखने और बनाने में व्यस्त रहते हैं। यह न केवल उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाल रहा है। हाल ही में एक समाचारपत्र में पढ़ा कि एक छात्रा ने मोबाइल फोन के उपयोग से रोके जाने के कारण आत्महत्या कर ली। यह घटना हमें समाज के एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने युवाओं को सही दिशा दे पा रहे हैं? यह समय है कि हम इस गंभीर समस्या पर गंभीरता से विचार करें और युवाओं को डिजिटल दुनिया के सही और गलत के बीच अंतर समझाने का प्रयास करें।

कुछ अलग

## मैं और मेरा एनजीओ...

जन कल्याण की भावनाओं से भरकर मैंने एक एनजीओ का गठन कर गरीब, बेसहारा और विकलांगों के लिए कार्यक्रम शुरू कर दिया है। मेरी इस संस्था को राजकीय कोष से ही नहीं अपितु विदेशों से भी धन आ रहा है। विदेशी लोग इस संस्था के उद्देश्य पढक़र अभिभूत हो गए थे और उन्हें लगा था पूरे देश में गरीबों और मानसिक विकलांगों के लिए मैं अकेला काम कर रहा हूं। फील्ड वर्क के लिए मेरे पास चार-पांच बेकारी से जूझते नौजवान हैं, जो थर्स्ट एरिया खोजकर मेरे प्रोजेक्ट ऑफिसर्स को वस्तुस्थिति बताते हैं, जिसे मेरे माहिर प्रोजेक्ट अफसर बखूबी कागजी जामा पहना देते हैं। यह रिपोर्ट मैं मेरी संस्था को धन देने वाली एजेंसियों को भेजता हूं तो वे और अधिक वित्तीय सहायता एनजीओ को उपलब्ध कराते हैं। इन धन में से दो प्रतिशत सहयोगियों को बांट देता हूं, बाकि राशि मैं संस्था में तथा मेरे घर में सुख-सुविधाएं जुटाने-बढ़ाने में खर्च करता हूं। यह सब करने के बाद भी धन इतना बचता है कि वह कुछ संस्था तथा कुछ मेरे निजी खातों में जमा हो जाता है। शनैः शनैः यह जमा राशि कई लाखों में तब्दील हो गई है जिसे मैं अपनी अय्याशी और मौज-मस्ती में खुले हाथों खर्च करता हूं। मैं और कोई कामकाज नहीं करता, सिवाय इस संस्था को रन करने के। संस्था को बैनर व उद्देश्य पढक़र बहुत से जरूरतमंद आते हैं, लेकिन हमारे पटुकर्मी उन्हें समझा-बुझाकर सहायता आने पर मदद का आश्वासन देते हैं। वे इतने खुश होते हैं कि मेरी और मेरी संस्था के कसीदे पढने लगते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी विवशता मिटने के दिन अब ज्यादा दूर नहीं हैं। उनका कल्याण नए सत्र और बजट में होकर रहेगा। यह भरोसा ही मेरे एनजीओ की साख है। घर और दफ्तर में शानदार फर्नीचर, एसी और गाड़ी अलग-अलग विद्यमान हैं। मेरे दोनों बच्चे कान्वेंट से एजुकेट होकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर फॉरेन में ही शिफ्ट हो गए हैं। फॉरेन में तो मैं भी शिफ्ट हो जाता, लेकिन फॉरेन की तमाम सुख-सुविधाएं मैंने अपने देश भारत में ही जुटा ली हैं। कुछ लोग मेरी आलोचना इस बात को लेकर करते भी हैं कि मैंने एनजीओ के सहारे सब कुछ जुटा लिया है। लेकिन मैं उनकी परवाह न करते हुए अपने एनजीओ को पावन उद्देश्यों के सहारे प्रगति के नए से नए सोपान देने में सफल रहा हूं। मुझे एनजीओ चलाने की प्रेरणा मेरी पत्नी ने ही दी। उसी ने बताया कि निठल्लेपन से अच्छा है, मैं अपनी बातूनी बकवास को कागज पर मूर्त रूप देऊं। उसी ने पीटर साब की सफलता की कहानी भी बताई कि कैसे वे फकीर से अमीर बन गए थे। अनपढ़ पत्नी की सीख मेरे काम आई और मैंने अविलंब जनकल्याण के अछूते प्रसंग लेकर अपनी संस्था का पंजीकरण अपने ही घरवालों के फर्जी नाम भरकर करवाया। विद इन नो टाइम मैं एनजीओ से कमाने-खाने लगा। इसके बाद मैंने पीछे मुडक़र नहीं देखा। पीछे का फटीचर अतीत मैं देखना भी नहीं चाहता था। पिता ने विरासत में मुझे संस्कार एवं मूल्यों की जो शिक्षा दी थी, उसे मैंने घूल चटा दी। मैं अपनी सफलता की यह कहानी किसी को नहीं बताता। एनजीओ मेरा ही नहीं, पता नहीं कितने सारे कल्याणकारी मूल्यों को लेकर चल रहे हैं। लेकिन यह सब सरकारी अफसरों की कृपा और उनसे चल रही मिलीभगत से है। वरना मेरे अकेले की क्या बिसात। करोड़ों सरकारी रुपए देश के सैंकड़ों-हजारों एनजीओ ऐसे ही हड़प रहे हैं, और लोक लुभावने फरेबों से सबको ठग रहे हैं। आप कोई एनजीओ मत बनाना, यह बहुत मेहनत का काम है। भगवान आपकी रक्षा करे।

देश दुनीया से

## सत्त विकास हेतु जल संरक्षण आवश्यक

22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित एक वैश्विक पहल है जो वर्ष 1993 से मनाया जा रहा है। दरअसल,इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विचार वर्ष 1992 में सामने आया, जिस वर्ष रियो डी जनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया गया था। बहरहाल,जिन पाँच तत्वों को जीवन का प्रमुख व महत्वपूर्ण आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है।जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसीलिए कहा भी गया है कि-'जल ही जीवन है।' गौरतलब है कि सतत विकास के लिए निर्धारित 17 लक्ष्यों (एसडीजी) में से पृथ्वी पर सबके लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक पहुंच एक प्रमुख लक्ष्य है और इसको प्राप्त करने के लिए वर्ष 2030 तक की समय सीमा तय की गई है। हाल फिलहाल, पाठक जानते हैं कि मानव के शरीर का निर्माण प्रकृत के पंच महाभूत, जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी व आकाश से होता है। हमारे वेदादि शास्त्रों ने जल की महत्ता को हमेशा से ही स्वीकार किया है। सृष्टि निर्माण प्रक्रिया में भी अग्नितत्व के पश्चात जल तत्व का ही स्थान आता है। मतलब यह है कि अग्नि से ही जलोत्पत्ति हुई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जल के आधार भूत संपूर्ण मानव सृष्टि है।जल की महत्ता कितनी है इसको हम रहीम जी के एक दोहे के माध्यम से बखूबी समझ सकते हैं, जिन्होंने कहा है-'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती मानुस चून।' यहां तक कहा गया है कि 'जल में अमृत है, जल में औषधि है।' संस्कृत में बड़े खूबसूरत शब्दों में कहा गया है कि -'जलस्य रक्षणम्नूनं भवतु। जल संरक्षणम् अनिवार्यम्। विना जलं तु सर्वं हि नश्येत्। दाहं कष्टं करोति दूरम्।' पाठक जानते होंगे कि जल इतिहास के हर खंड में कुछ प्राचीनतम सभ्यताओं—जैसे सिंधु, नील, दज़ला और फरात नदी के आसपास विकसित हुई सभ्यताएँ—के लिये एक महत्त्वपूर्ण संसाधन रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि जल पृथ्वी के लगभग 70% हिस्से को कवर करता है, मीठे जल की मात्रा मात्र 3% है, जिसमें से दो-तिहाई जमे हुए रूप में या दुर्गम और उपयोग के लिये अनुपलब्ध है।वास्तव में, विश्व जल दिवस मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य सभी के लिये जल एवं स्वच्छता की प्राप्ति को समर्थन देना, मीठे जल के महत्त्व के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करना तथा इस अमूल्य तथा सीमित प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण करना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह दिन लगभग हर देश में मनुष्यों द्वारा सामना किए जाने वाले जल-संबंधी विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए समर्पित है। सच तो यह है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाया गया, विश्व जल दिवस का लक्ष्य उन लोगों तक सहायता पहुँचाना है, जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है। गौरतलब है कि 22 मार्च 2024 को 31वाँ विश्व जल दिवस मनाया गया था, जिसकी थीम थी- 'शांति के लिये जल का लाभ उठाना।' गौरतलब है कि विश्व जल दिवस 2025 का विषय 'ग्लेशियर संरक्षण' रखा गया है।ग्लेशियर जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं-उनका पिघला हुआ पानी पेयजल, कृषि, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र(इको-सिस्टम) के लिए आवश्यक है। आज तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, असंवहनीय कृषि पद्धतियाँ, जलवायु परिवर्तन, अप्रत्याशित वर्षा पैटर्न, अत्यधिक जल उपभोग सहित कई कारकों से जल संकट उत्पन्न हो रहा है।अकुशल जल प्रबंधन, प्रदूषण, अपर्याप्त अवसंरचना के कारण भी जल संकट की समस्या पैदा होती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि विगत कई दशकों में तीव्र नगरीकरण, आबादी में निरंतर हो रही बढ़ोतरी, पेयजल आपूर्ति तथा सिंचाई हेतु जल की मांग में वृद्धि के साथ ही विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों के तीव्र विस्तार इत्यादि ने धरती के जल-संसाधनों पर दबाव बढ़ा दिया है। एक ओर जल की बढ़ती मांग की आपूर्ति हेतु सतही एवं भूमिगत जल के अनियंत्रित दोहन से भूजल स्तर में गिरावट होती जा रही है तो दूसरी ओर प्रदूषकों की बढ़ती मात्रा से जल की गुणवत्ता एवं उपयोगिता में कमी आती जा रही है। अनियमित वर्षा, सूखा एवं बाढ़ जैसी आपदाओं ने भूमिगत जल-पुनर्भरण को अत्यधिक प्रभावित किया है। आज पानी के लगभग सभी प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे झरने, बावड़ियों, जोहड़, टांका इत्यादि के पुनरूत्थान और पुनरूद्धार पर ध्यान देने की जरूरत अहम् और महत्ती है, क्यों कि ये परंपरागत जल स्त्रोत आज दुर्दशा के शिकार हो रहे हैं और इन पर किसी का ध्यान नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि विश्व की आबादी में लगभग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले भारत में मात्र 4 प्रतिशत जल संसाधन हैं ।उपभोग और वर्तमान उपयोग के पैटर्न को देखते हुए जल संरक्षण आज के समय की मुख्य आवश्यकता है। भारतीय जल संसाधनों को जलवायु संकट, मानसूनी वर्षा, बांधों के निर्माण, और जल विद्युत की ओर बढ़ते बदलाव के साथ-साथ रेत खनन जैसे स्थानीय कारकों से भी गंभीर खतरा है। प्रतिष्ठित पत्रिका डाउन टू अर्थ में छपे एक आलेख से पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि 'संयुक्त राष्ट्र की ही एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, विगत 40 वर्षों में वैश्विक स्तर पर पानी का उपयोग प्रतिवर्ष लगभग 1 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि जलसंकट का सामना करने वाली वैश्विक शहरी आबादी 2016 में 933 मिलियन से बढ़कर 2050 में 1.7-2.4 बिलियन हो जाने का अनुमान है, जिसमें भारत के सबसे गंभीर रूप से प्रभावित होने की प्रायिकता भी सर्वाधिक है।' बहरहाल हाल ही में केंद्रीय भूल-भूल रिपोर्ट 2024 प्रस्तुत की गई थी, जिसमें यह बताया गया है कि वर्ष 2023 तक देश के 440 जिले ऐसे पाए गए हैं जिनके भूजल में नाइट्रेट की मात्रा अत्यधिक है, जबकि वर्ष 2017 में ऐसे जिलों की संख्या 359 ही थी। उल्लेखनीय है कि देश भर से एकत्र किए गए 15,239 भूजल नमूनों में से 19.8% में नाइट्रेट या नाइट्रोजन यौगिक सुरक्षित सीमा से अधिक पाए गए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में नाइट्रेट संदूषण की समस्या सबसे गंभीर बताई गई है जहाँ क्रमशः 49%, 48% और 37% नमूनों में नाइट्रेट की मात्रा सुरक्षित सीमा से अधिक पाई गई है।



आप का नजरीया

## भविष्य से मुलाकात

यूं तो भविष्य मुलाकात नहीं करता, लेकिन कोशिश हो तो हर पैगाम पे इ$करार करता। हिमाचल के बजट की एक खूबी इसके सशक्त पैगाम की है जो भविष्य को रेखांकित कर रहा है। यह कोशिश हर क्षेत्र को तैयार कर रही है और कहीं न कहीं यह संदेश भी दे रही है कि खाके बदलेंगे और बजट के मायने भी। यह इसलिए भी कि विपक्ष के संदेह नीतियों, नियमों और घोषणाओं को लेकर नहीं, सीमित संसाधनों में बड़े सपनों को पूरा करने में हैं। जाहिर है हिमाचली सपनों की लागत महंगी है, इसलिए कुछ घर में समेटने और कुछ बाहर दिखाने की है। ये छोटे प्रयास से बड़े नतीजे प्राप्त करने की जद्दोजहद है। यह औकात में रह कर जज्बात को बड़ा करने की बात है। बजट का आधार यूं तो आय की मूंगफली में व्यय के छिलके उतारने का रहा है, लेकिन सीमित चादर में अपने पांव की हालत सुनिश्चित की जा सकती है। सुक्खू ने बजट में इरादों को इंगित और इच्छाशक्ति को सुगंधित किया है। वह वित्तीय जरूरतों का आर्थिक तरक्की से गुजर जाने का संदेश दे रहे हैं, इसी तड़प में युवाओं को जीना सिखाते हैं। वह युवाओं को परिवहन जरूरतों में स्वरोजगार का ढांचा दिखा रहे हैं, तो पर्यटन के हिसाब में उन्हें स्वावलंबन की गिनती सिखा रहे हैं। अब स्टार्टअप के नजरिए से हिमाचल को सोचना है, तो युवाओं के हाथों में सिर्फ कलम नहीं, दिमाग में भविष्य के कारनामे भरने होंगे। इन पंक्तियों के लेखक को एक यू ट्यूब चैनल का फोटोग्रॉफर याद आ रहा है, जो जमा दो के बाद अपने प्रोफेशन का महारथी है। विशाल नामक यह युवा पहले वीडियो बनाता, फिर उसे संपादित करता और उसके बाद डिजिटल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर चढ़ा कर मानिटर ही नहीं करता, बल्कि उससे अर्जित आय से अपनी आजीविका का हुनर भी आजमा रहा है। मुख्यमंत्री ने बजटीय भाषण में धर्मशाला की मेहनतकश लड़कियों का जिक्र किया है जो आजीविका के हुनर को परवान चढ़ाने में सब्जी विक्ेरता बन गईं। शिक्षा के प्रसार में आजीविका के हुनर की मौलिकता अब हिमाचल की जरूरत है और इस दृष्टि से बजट कुछ प्रोत्साहन, कुछ दृष्टि और संबोधन कर रहा है। उदाहरण के लिए मत्स्य पालन या ट्राऊट पालन में युवाओं के भीतर का विज्ञान कोशिश करे, तो ज्ञान से आजीविका का हुनर परिपक्व होगा। इसी तरह ग्रामीण आर्थिकी में नए प्रयासों से माहौल सराबोर होता है, तो डेयरी के माध्यम से स्वरोजगार के द्वार पूरी तरह खुल जाएंगे। यह दीगर है कि स्वरोजगार के ढांचे में सरकार की ओर से अधिक से अधिक कैपिटल इन्वेस्टमेंट चाहिए। प्रदेश अगर टूरिज्म स्टेट की तरह आगे बढ़ रहा है, तो युवाओं को आगे बढऩे के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत रहेगी। इस दिशा में ग्रामीण पर्यटन की दिशा में नए संकल्प, नए विकल्प खोजने होंगे। हालांकि पर्यटन की नई मंजिलें खोजी जा रही हैं, लेकिन पूरे उद्योग के मानकों में सुधार की गुंजाइश है। हर विधानसभा में सभी विभागों के सहयोग से एक-एक पर्यटक गांव नक्शे पर लाया जा सकता है। फोरलेन के निर्माण के साथ-साथ हाई-वे टूरिज्म विलेज तथा हाई-वे फूड मार्ट की प्लानिंग भी हो जाए, तो सडक़ मार्गों से आ रहे पर्यटक के रुकने के बहाने बढ़ जाएंगे।

# विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के विभिन्न विद्यालय में स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्लूपी) के तहत जिले के सभी 12 प्रखंडों से पांच-पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के उत्कृष्ट 120 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के समन्वय एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी- 3) के तकनीकी सहयोग से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वाधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम(एसएचडब्लूपी) के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच पांच विद्यालयों एवं उसी विद्यालयों के दोनों आरोग्य दूतों शिक्षकों को वित्तीय वर्ष (2024- 2025) में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सिविल सर्जन चतरा डॉ0 दिनेश प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला भूअर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह ,जिला आर.सी.एच. पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, सी3 के कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा सभी 120 आरोग्य दूत शिक्षकों को सम्मानित किया गया ।उक्त मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष, सिविल सर्जन चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा द्वारा विस्तार से कार्यक्रम के फायदे के बारे में बताया गया और बच्चों को और शिक्षक को इस कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ करने के लिए सुझाव दिया गया साथ ही बच्चों से अनुशासन में रहने और सकारात्मक सोच के साथ रहने, समाज का अच्छे परिकल्पना आदि के बारे में विस्तार से बताया। जिससे इस महत्वपूण कार्य का उद्देश्य पूरा हो सके। सभी आरोग्य दूत को विद्यालय स्तर पर लागू कराने के लिए प्रोत्साहित किया, सभी प्रतिभागी का गणमान्य अतिथि के द्वारा आरोग्य दूतो का उत्साह वर्धन किया गया एवं दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करने के बारे में भी बताया गया।विदित हो कि आयुष्मान भारत पहल के अन्तर्गत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्) और झारखंड स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम कोषांग), झारखंड़ सरकार के संयुक्त प्रयास एवं सेंटर फॉर कैटलाइंजिग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम राज्य के सभी 24 जिलों में मौजूद सभी मध्य, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (वर्ग 6 से 12 तक) में संचालित है।मौक पर स्वास्थ्य विभाग से सभी प्रखण्ड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला/प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई तकनीकी सहयोगी संस्था सेंटर फॉर कैटालजिंग चेंज (सी -3) के कार्यक्रम प्रबंधक एवं कार्यालय कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा मनाने को लेकर कमेटी का गठन गोपाल बने अध्यक्ष अशोक सचिव





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के गांवों में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर ज्योति युवा क्लब सबानो का कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गोपाल कुमार राणा को अध्यक्ष, अशोक कुमार को सचिव, रामदेव यादव को कोषाध्यक्ष, प्रदीप कुमार साहू, राहुल राणा, अरविंद कुमार को उपाध्यक्ष, विकाश कुमार राणा, चंदन कुमार राणा उपसचिव, पप्पू कुमार राणा को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं संरक्षक प्रेमचंद साहू, जवाहर यादव और सुरेश साहू एवं अन्य को बनाया गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसे लेकर संपूर्ण ग्रामीण और कमेटी के पदाधिकारी तथा सदस्य जोर शोर से लगे हुए है।

## रामनवमी पूजा में झांकी प्रस्तुति को लेकर पहरा में किया बैठक, अध्यक्ष राजू साव



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत गांव के दुर्गा मंडप में रामनवमी मेला में झांकी प्रस्तुति करने को लेकर शनिवार को बैठक किया गया। जहां सर्व समिति से अध्यक्ष के लिए राजू साव उपाध्यक्ष के लिए राहुल कुमार गुप्ता सचिव ईश्वर प्रजापति कोषाध्यक्ष रंजीत साव एवं निर्देशक उमेश पांडेय का चयन किया गया है।जिसमें दर्जनों सदस्य मौजूद हैं। रामनवमी मेला में इन सभी के सहयोग से ही झांकी प्रस्तुति की जाएगी। बैठक में उपस्थित विकास कुमार लखन साव सिंकेन्दर गुप्ता राहुल कुमार एवं दर्जन लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना का किया गया स्थल निरीक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रामकुमार सिंह के नेतृत्व में बरियातु पंचायत में दो दर्जन मनरेगा योजनाओं का स्थल निरीक्षण शनिवार को किया। इस दौरान बीपीओ ने बताया कि एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से मनरेगा योजनाओं का भौतिक स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें टीसीबी, आम बागवानी, डोभा, कूप समेत अन्य योजना शामिल है। मौके पर सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, रोजगार सेवक निर्मल दांगी मौजूद थे।

# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने महिलाओं को दिया सिलाई मशीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने परियोजना प्रभावित गांव नैपारम और दुंदुआ की महिलाओं को 18 सिलाई मशीनें वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उद्यमिता को बढ़ावा देना है, जो एनटीपीसी की समुदाय विकास प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में मुखिया, पीआरआई सदस्य और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जिससे इस पहल के प्रति समुदाय का समर्थन स्पष्ट हुआ। सिलाई मशीन प्रदान कर एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा महिलाओं को कौशल विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्षम बना रहा है यह पहल, जो सीएसआर कार्यकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में संचालित की गई, एनटीपीसी की व्यापक समुदाय विकास योजनाओं का हिस्सा है। कंपनी परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के अवसरों को बेहतर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है, जिससे समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा मिल सके।

## बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद द्वारा लंबित आवासों का पंजीयन, स्वीकृति को लेकर क्षेत्र का किया का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा प्रखंड के छह पंचायतों में लंबित आवासों एवं पंजीयन तथा स्वीकृति हेतु क्षेत्र का भ्रमण के साथ साथ विभिन्न पंचायत भवन में पंचायत सचिव , मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं लाभुकों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान सभी पंचायत में लंबित पंजीयन एवं स्वीकृति की जानकारी दी गई। जिसमें पंचायत एदला के 81 लक्ष्य के विरुद्ध 18 पंजीयन, डाडी मे 111 के विरुद्ध 35, जबड़ा मे 180 के विरुद्ध 54, बन्हें मे 93 के विरुद्ध 50, सेरनदाग में 124 के विरुद्ध 65 लंबित पाया गया। बैठक में आवास प्लस सर्वे 2.0 में भी शिथिलता बरतने वाले सर्वेयर को सख्त निर्देश दिया गया की रविवार अवकाश को भी अपने कार्य क्षेत्र में रहते हुए पंचायत स्तर पर लंबित सभी कार्य का निस्तारण करेंगे। मौके पर प्रखंड समन्वयक आवास, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## पीवीटीजी के तहत किसानों को बीटीएम द्वारा गरमा मूंग का किया गया वितरण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के जांगी पंचायत के कोरी गांव में गरमा मूंग बीज का वितरण किया गया।यह वितरण एटीएम सुधीर कुमार, बीटीएम राजेश कुमार द्वारा पीवीटीजी के तहत किया गया। जहां बैठक में दर्जनों किसान मौजूद थे। यह गरमा मूंग बीज की खेती इच्छुक आदिम जनजाति बिरहोर किसानों को एटीएम सुधीर कुमार एवं प्रभारी बीटीएम राजेश कुमार के द्वारा स्थानीय जन प्रतिनिधि के उपस्थिति में मूंग बीज का वितरण किया गया तथा उनको गरमा मूंग की खेती से संबंधित विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। मौके पर दर्जनों किसान लाभुक मौजूद थे।

## बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। शव की शिनाख?त समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाय थी। घटना शनिवार की अपराह्न तकरीबन 12 बजे बरवाडीह रेलवे स्टेशन पास की है। घटना की जानकारी मिलते बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार दिवेदी, आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, रेल चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र कुमार साह मौके पर पहुंचे।शव को रेल लाइन से बाहर निकाला गया। मृतक युवक का एक पर्स और एक मोबाइल बरामद किया गया है। लेकिन पर्स में किसी प्रकार का कोई पहचान पत्र नहीं मिला। मोबाइल भी स्वीच ऑफ पाया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन ने बताया की घटना की जानकारी डालटनगंज जीआरपी को दे दी गई है। जीआरपी शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करेगी। दो नंबर प्लेटफार्म में बैठा था युवक - बरवाडीह स्टेशन में मौजूद कई यात्रियों ने बताया की युवक दो नंबर प्लेटफार्म में बैठा था अचानक दो नंबर प्लेटफार्म में बॉक्साइट लदा माल गाड़ी आ कर रुकने वाली ही थी कि युवक उठ कर गया और माल गाड़ी के इंजन के पांचवें बोगी में जा कर घुस गया।इससे युवक का धड़ दो टुकड़ा में कट कर अलग हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रथम दृष्टाया इसे आत्महत्या माना जा रहा है।

### अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार कर हुआ फरार, युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह-डालटनगंज मुख्य मार्ग शांति निकेतन आवासीय विद्यालय के समीप शनिवार की सुबह अज्ञात एर्टिगा वाहन ने राह चलते एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं एर्टिगा चालक ने युवक को टक्कर मार कर तेजी से डालटनगंज की और भाग निकला।

## अबुआ आवास और पीएम आवास स्वीकृति व सर्वे को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता मे प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की गई। बैठक मे उपस्थित सभी नौ पंचायत के पंचायत सचिव रोजगार सेवक व आवास मित्रों को 31 मार्च तक अबुआ आवास और पीएम आवास योजना का शत प्रतिशत स्वीकृति करने है व पीएम आवास और अबुआ आवास का सर्वे का कार्य 31 तक मार्च पूर्ण करने का निर्देश दिए गए। वहीं मनरेगा कर्मियों को आवास योजना अंतर्गत डिमांड कर ससमय लाभुकों को भुगतान करने पर जोर दिया। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, आवास कोर्डिनेटर शशि कुजूर, आवास मित्र, सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, सहित मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## दो दिन की बारिश और तूफान से वृद्ध का घर गिरा, संकट में गुजर-बसर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड के दुरूप पंचायत अंतर्गत दौना गाँव में जोवाकीम बृजिया (65) का कच्चा मकान लगातार दो दिनों की बारिश और आंधी-तूफान के कारण पूरी तरह से ढह गया। जोवाकीम बृजिया विधुर हैं और उनके दो बेटे काम की तलाश में केरल गए हुए हैं। घर गिरने के कारण वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं, जिससे उनके लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उनके लिए उचित मदद की गुहार लगाई है। वहीं, बारिश और खराब मौसम के कारण राहत कार्यों में भी बाधा आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो जोवाकीम बृजिया के लिए जीवनयापन और भी कठिन हो जाएगा। प्रखंड में आई तेज आंधी-तूफान के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। तेज हवा और बारिश के चलते कई जगहों पर बिजली के खंभे और तार टूट गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरा पसरा हुआ है।बिजली बाधित होने के कारण लोगों को पीने के पानी, मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। हालाँकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द बिजली बहाल करने की अपील कर रहे हैं ताकि जनजीवन सामान्य हो सके।

## 23 मार्च को लातेहार में 30 हजार नवसाक्षरों की होगी परीक्षा

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 23 मार्च 2025 को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन जाँच परीक्षा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों एवं नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलो के 292 परीक्षा केन्द्र के माध्यम से 30 हजार नवसाक्षर को परीक्षा में सम्मिलित किया जाना है।उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों के लिए बुनियादि साक्षरता एवं संख्यात्मक जाँच परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान NIOS द्वारा दिनांक 23 मार्च को निर्धारित है।इस परीक्षा में निम्नांकित व्यस्क सम्मिलित हो सकते हैं-वैसे व्यस्क जो पढना लिखना, हिसाब करना जानते हो परन्तु प्रमाण पत्र नहीं है। जे0एस0एल0पी0एस0 समूह के नवसाक्षर दीदी। विद्यालय प्रबंधन समिति के नवसाक्षर सदस्य, माता समिति के सदस्य, रसोईया आदि।विद्यालयी शिक्षा पूरी किए बिना विद्याालय छोड़ चुके व्यस्क। मनरेगा मजदूर नवसाक्षर, श्रमिक व्यस्क जो नवसाक्षर हो।स्वयं से बुनियादी शिक्षा प्राप्त किये व्यस्क।बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता आकलन जाँच परीक्षा के लिए प्रखंड स्तर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (स्रू) प्रभारी होगें। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले व्यस्क अपना पंजीयन प्राथमिक / मध्य विद्यालय में करवा सकते है। तथापि वैसे व्यक्ति जो अपना पंजीयन नहीं करा पायें हो वे परीक्षा तिथि 23 मार्च 2025 को सीधे परीक्षा केन्द्र पर जाकर अपना पंजीयन करा लेंगें एवं परीक्षा में सम्मिलित हो जायेगें।

## भाकपा माले का कार्यकर्ता सम्मेलन आज



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि लातेहार जिला के सभी प्रखंडो में पार्टी संगठन को मजबूती करने को लेकर सदस्ता अभियान जोरो पर हैं इसी तैयारी के क्रम में बरवाडीह भाकपा माले का प्रखण्ड कार्यकर्ता सम्मेलन आज बरवाडीह समुदायिक भवन में होना तय हुआ है। जहां सम्मेलन में सभी पंचायतों से माले के सक्रिय सदस्य एवं प्रमुख नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं सम्मेलन के माध्यम से पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई प्रखण्ड कमेटी का गठन किया जाएगा साथ ही पार्टी की संगठन का विस्तार और मजबूतीकरण पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में प्रखण्ड में व्यापक लूट एवं भूमि, वन सम्पदा आदि की सुरक्षा हेतु पेशा क़ानून को झारखण्ड में लागु कराने के लिए जोरदार आंदोलन की रणनीति बनेगी खास कर बरवाडीह प्रखंड मे मनरेगा सहित अन्य योजनाओं मे भारी लूट के खिलाफ संघर्ष की रूप रेखा तैयार किया जायेगा और अप्रैल माह में भाकपा माले का होने वाला राज्य सम्मेलन को बेहतर तरीके से सफल करने के लिए भी सम्मेलन मे रणनीति बनेगी। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में सैंकड़ों माले कार्यकर्ताओं के जुटने का आह्वान किया गया है। उन्होंने अपील किया है कि भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करा सम्मेलन को कामयाब करेंगे।

### गर्मी में निर्बाध पेयजल आपूर्ति हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष गठित

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार, यह कक्ष पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार के कार्यपालक अभियंता कार्यालय में स्थापित किया गया है।नागरिक दूरभाष नंबर 9031497550 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। नियंत्रण कक्ष के नोडल पदाधिकारी विवेकानंद कुमार (कनीय अभियंता, शहरी) होंगे, जबकि राजीव रंजन (मो. 7903582848) और अमित कुमार (मो. 7903530445) को प्रभारी बनाया गया है।शिकायतें कार्यालय अवधि में कंट्रोल रूम या ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के जल सहिया के माध्यम से भी दर्ज कराई जा सकती हैं। पेयजल संबंधी किसी भी समस्या के

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज रद्द करने पर संकल्प सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति लातेहार और गुमला द्वारा 22 मार्च को टूटूवापानी में नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज रद्द करने को लेकर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर और अनिल मनोहर ने किया। इस दौरान जान नहीं देंगे, जल-जंगल-जमीन हमारा है जैसे नारे लगाए गए और आदिवासी एकता पर जोर दिया गया।

**नेतरहाट आंदोलन की याद में कार्यक्रम**

जेरोम जेराल्ड ने बताया कि 23 मार्च 1994 को सेना की गाड़ियों के सामने खड़े होकर जल, जंगल, जमीन और अस्तित्व की रक्षा के लिए आदिवासी समाज ने जिस साहस के साथ अहिंसात्मक सत्याग्रह किया था, उसकी याद में यह संकल्प सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बहन फिलो ने नेतरहाट आंदोलन में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि कोरेनियुल ने युवाओं के योगदान और ग्राम सभा के महत्व पर चर्चा की। विभिन्न गांवों और संगठनों द्वारा आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

**युवाओं और प्रशासन की उपस्थिति**

कार्यक्रम में जेरोम जेराल्ड ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान विनित खाखा, जेवियर कुजूर, प्लादीयूस टोप्पो, एडविन टोप्पो और एमनसिउल ने भी अपने विचार साझा किए।सुरक्षा की दृष्टि से गुमला जिले के सर्किल इंस्पेक्टर, गुददरी थाना प्रभारी और जिला पुलिस बल भी मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में युवाओं की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह संकल्प सभा रात 12 बजे तक चली।

# राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं : अनीता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ की जमीन में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर घर बनाने का प्रयास किया जा है। जिसकी सूचना के बाद लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने अंचल अधिकारी बालूमाथ से बातचीत किया और बताया कि काम किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए क्योंकि यह विद्यालय की जमीन है द्यपूर्व में भी इस तरह विद्यालय की जमीन को अतिक्रमित करने का प्रयास किया गया है जिसके विरोध में हम लोगों ने आवाज उठाई है और काम को रोका था द्यपुनः प्रधानाचार्य के द्वारा एवं उपाध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा उपायुक्त को एक पत्र लिखकर दान पत्र के अनुसार जमीन की मापी कराने का आग्रह किया गया ताकि जमीन का अतिक्रमण ना हो सके द्य लेकिन अभी तक स्पष्ट रूप से मापी कर सीमांकन का कार्य नहीं हो पाया है द्य जिला परिषद उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 1964 में राज्यपाल के नाम से डीड करके विद्यालय को 9 एकड़ 10 डिसमिल जमीन प्राप्त हुआ उसके बाद से विद्यालय जमीन पर दखल लेकर कायम है बड़ा प्लॉट होने के कारण पूरी जमीन में बाउंड्री नहीं की गई थी द्यलेकिन जमीन दलालों ने खाली पड़ी जमीन को कब्जा करने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाएं द्यजमीन के ठीक पश्चिमी छोर पर अमान मियां का घर है, जिनके डीड की चौहद्दी में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है पूर्व में विद्यालय की जमीन द्य ऐसी स्थिति में अमान मियां के घर और विद्यालय की जमीन के बीच में फिर नया जमीन कहां से आ गया द्यपूर्व में इसी स्थल पर काम कराया जा रहा था, जिसे तत्कालीन उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर अंचलाधिकारी ने काम को बंद कराया था और अतिक्रमणवाद संख्या 3/23- 24 चलाया था जिसमें अंतिम आदेश भी पारित हो चुका है द्य उक्त आदेश में अतिक्रमणकारियों को अपने अधूरे निर्माण को हटाने का आदेश पारित था द्य ऐसा प्रतीत होता है कि अतिक्रमण वाद के अभिलेख को कार्यालय में छुपा कर मामले को लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है ।द्यअतिक्रमणवाद में अतिक्रमण हटाने हेतु पारित आदेश के बावजूद पुनः काम शुरू किया जाना और अंचल प्रशासन के द्वारा काम नहीं रोका जाना संदेह उत्पन्न करता है उपाध्यक्ष ने कहा कि जरूरत पड़ने पर न्यायालय की भी शरण ली जाएगी।

# चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु 182 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सुनहरे भविष्य का इंतजार कर रहे युवाओं के उम्मीदों पर पंख लगा, जब माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने चौकीदारी के रिक्त पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र मिलते हीं अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठें और वे खुशी से झूम पड़े। नौकरी पाकर उत्साहित युवाओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त नैंसी सहाय सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में 182 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय व उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चौकीदार नियुक्ति समिति ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि आप सब की नियुक्ति तीन चरणों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद की गई है। आप सबों का आवेदन अप्लाई करने के बाद दौड़, लिखित परीक्षा और शारीरिक जांच की प्रक्रिया से गुजरने के बाद आप



सभी का चौकीदार के पद के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपके दायित्व और भूमिका के लिए बहुत जल्द आपको सूचित किया जाएगा। आप सभी का पोस्टिंग जिले के विभिन्न अंचलों व प्रखंडों में किया जाएगा जहां आप योगदान देंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण करने में जिला प्रशासन, चौकीदार नियुक्ति समिति का सहयोग व मेहनत सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सदर एसडीओ सह डीटीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सना उस्मानी सहित कई अन्य पदाधिकारी,अभ्यर्थी व कर्मी उपस्थित रहे।

# ब्राउन शुगर खरीद बिक्री मामले में बड़कागांव पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना मिली की बड़कागांव अंतर्गत ग्राम भगवान बागी स्थित कर्बला के पास कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री किया जा रहा है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में थाना प्रभारी बड़कागांव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को देख कर दो लड़के भागने लगे जिन्हें पुलिस बल के द्वारा घेरकर पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम लाल मोहम्मद राय उर्फ पप्पू उम्र करीब 56 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहम्मद नासिर राय साकिन राय मोहल्ला बड़कागांव एवं जुगल महतो उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहर महतो ग्राम अशोकनगर बड़कागांव वर्तमान पता साकिन भगवान बागी बताया। लाल मोहम्मद राय के पास से 6 पुड़िया ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ जिसका वजन करीब 3 ग्राम, इलेक्ट्रॉनिक तुला, 15800 नगद एवं एसबीआई बैंक का दो एटीएम कार्ड वहीं युगल महतो के पास से पांच पुड़िया ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ जिसका वजन करीब 2.60 ग्राम, लाइटर, तीन पीस बीड़ी एवं 15020 रुपए नगर बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। साथ ही बड़कागांव थाना कांड संख्या 312/24 धारा 21(क्र)/ 29 एनडीपीएस एक्ट के फरार प्राथमिक अभियुक्त रईस महतो-पिता मोहन महतो साकिन सूर्य मंदिर, बड़कागांव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापेमारी दल में बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक, पुलिस अवर निरीक्षक इंद्रजीत कुमार, स.अ.नि हादी खान एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

● **यह रथ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लाभुकों को जागरूक करने का काम करेगी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से आपूर्ति विभाग के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में घूम-घूम कर लोगों को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक करने का काम करेगी। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि यह रथ लाभुकों के बीच ई- केवाईसी करवाना, अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान, वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत सुविधा, ऑनलाइन आवेदन की सुविधाएं, पीजीएमएस पोर्टल के बारे में जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा संचालित योजनाएं जैसे झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के बारे में भी जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आच्छादित लाभुक (गुलाबी एवं पीला कार्डधारी) दिनांक 27.03.2025 तक अपने नजदीकी डीलर के पास जाकर ई- केवाईसी करवाना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे एलआरडीसी राजकिशोर प्रसाद, आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, डीपीआरओ रोहित कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# नई सोच संस्थान चरही ने रमजान के दौरान इफ्तार किट वितरण किया

**- संस्था बहुत जल्द शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करेंगी : वकील अंसारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** नई सोच संस्थान चरही ने रमजान के पवित्र महीने के मौके पर जरूरतमंदों के बीच इफ्तार किट का वितरण किया। संस्थान के प्रमुख हाफिज इफ्तिखार ने कहा कि यह पहल समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक छोटी सी मदद है, जो इस महीने में रोज़ा रखने के बाद इफ्तार का इंतज़ार करते हैं। संरक्षक वकील अंसारी ने कहा, रमजान का महीना हमें मानवता, दया और सहयोग का पाठ पढ़ाता है। हम हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़े रहेंगे और उनका ख्याल रखेंगे। इफ्तार किट में खाने-पीने की चीजें शामिल हैं, जिन्हें विशेष रूप से इस महीने के मद्देनजर तैयार किया गया है। संस्थान ने इस वितरण अभियान के तहत गरीब और बेसहारा लोगों को प्राथमिकता दी, ताकि वे आसानी से अपना इफ्तार कर सकें और रमजान का पूरा माहौल पा सकें। इफ्तार किट में खजूर, पानी, फल, जूस, बिस्किट, और अन्य आवश्यक वस्तुएं थीं। संस्थान के अध्यक्ष हाफिज इफ्तेखार संरक्षक वकील अंसारी सचिव अफजल अंसारी इत्यादि सदस्य और स्थानीय समुदाय ने इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इसे एक सार्थक प्रयास बताया। हाफिज इफ्तिखार ने आगे कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ रमजान के दौरान ही नहीं, बल्कि हर वक्त समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए काम करना है। नई सोच संस्थान का यह प्रयास समाज में भाईचारे और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है और दूसरों के साथ मिलकर जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अंचलाधिकारी ने अवैध बालू ढुलाई कर रहे मिनी ट्रक को पकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** बुधवार की रात को ग्रामीणों की सूचना पर अवैध बालू ढुलाई कर रहे मिनी हाइवा (आइसर)ट्रक में बालू लदे ट्रक को विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी ने पकड़ा था,फिर बालू माफियाओं की ढिठाई कम नही हुई लगातार रात के अँधेरे में अवैध बालू ढुलाई का कार्य जारी था।इस बीती रात शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने अवैध बालू लदे बिना नंबर के मिनी ट्रक (आईसर) को पीछा करते हुए हज़ारीबाग-बगोदर एन.एच-522 पर विष्णुगढ़ पुलीस-प्रशासन ने पकड़ा। ट्रक को बालू सहित जब्त कर विष्णुगढ़ थाना परिसर में रखा गया। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास के लिखित शिकायत पर विष्णुगढ़ थाने में कांड सँख्या -52/2025 बीएनएस की धारा 317(5),खनिज अधिनियम (4)खान एवं खनिज एवं विकास विनियम (4)/21,खान खनिज अधिनियम 2017(9),झारखण्ड खनिज अवैध खनन पर (13),परिवहन और भण्डार नियम 2017, 9/13 तहत वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मिशन हॉस्पिटल में बाल चिकित्सा सर्जरी शुरू

**हजारीबाग :** मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में बाल चिकित्सा सर्जरी की शुरूआत हुई। बाल चिकित्सा सर्जन सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जैनेन्द्र कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एक बच्चे की सफल सर्जरी किया गया। बच्चे की जन्मजात स्तिथि से ही अंडकोष थैली में नहीं उतरा था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जैनेन्द्र कुमार के सफल सर्जरी से लिंग के नीचे के थैली में अंडकोष सफलतापूर्वक उतारा गया एवं सही स्थान पर रखा गया। बच्चे की सफल सर्जरी से उनके परिवार एवं संबंधियों में खुशी लहर दौड़ गई। मिशन अस्पताल परिवार को धन्यवाद एवं साधुवाद ज्ञापित किया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हजारीबाग जिला वासियों के लिए खुशखबरी है। मांग की देखते हुए अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा बाल चिकित्सा सर्जरी प्रारंभ किया है। ताकि मरीज एवं उनके परिवार को स्वास्थ्य संबंधित समास्याओं को सामना नही करने पडे। उन्होंने कहा कि हमारे यहां अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी कार्यरत है। मरीजों की सेवा एवं देखभाल में अपनी अनुकरणीय योगदान दे रहे हैं। मरीजों को उत्तम सेवा एवं देखभाल प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

# महावीर पूजा समिति ठाकुर मुहल्ला के अध्यक्ष बने विशाल ठाकुर व सचिव अंगेश राणा



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ठाकुर मुहल्ला धर्मशाला बड़कागांव में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर बैठा की गई। जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर एवं संचालन लखींद्र ठाकुर ने किया। सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा एवं झांकी धूमधाम और उत्साह के साथ निकालने का निर्णय लिया गया, जिसे लेकर महावीर पूजा समिति ठाकुर मुहल्ला का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विशाल ठाकुर, सचिव अंगेश राणा व कोषाध्यक्ष नंदकिशोर राणा को बनाया गया। वहीं संरक्षक लखींद्र ठाकुर, सुभाष ठाकुर, नवीन ठाकुर, झांकी प्रभारी रामचरित्र ठाकुर, शंभू मालाकार, ढलन साव, झांकी निदेशक दीपक ठाकुर, पप्पू राणा, उपसचिव पवन ठाकुर, उपाध्यक्ष विक्रम ठाकुर, जुलूस प्रभारी मंहगू ठाकुर, मेवालाल नाग, शक्ति ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सरोज सोनी, विनोद सिन्हा, महिपाल सोनी, रोशन ठाकुर, जट्टू सोनी, लाटो भुइंया, विनोद ठाकुर, खेमलाल ठाकुर, शिव शंकर ठाकुर प्रमोद ठाकुर दिगंबर ठाकुर विनोद कांदू के अलावा ठाकुर मोहल्ला के सभी सदस्य शामिल हैं। अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पूजा, जुलूस व झांकी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आगे कहा कि ठाकुर मुहल्ला का रामनवमी पूजा मनाने का एक अलग ही पहचान है जिसे लेकर ग्रामीणों से सहयोग मांगा है।

# बड़कागांव में रामनवमी महासमिति का चुनाव आज

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी पूजा महासमिति की चुनाव को लेकर आज रविवार शाम 7~00 बजे बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित मां बासंती दुर्गा पूजा समिति बड़कागांव के बैनर तले अहम बैठक होगी। बैठक में नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। चुनाव में बासंती दुर्गा पूजा समिति डेली मार्केट, महावीर पूजा समिति ठाकुर मोहल्ला, कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति बड़कागांव, अवतार क्लब लोहार मोहल्ला, संगम युवा क्लब बसरिया टोला, शिव शक्ति युवा क्लब बर मोहल्ला, सबरी युवा क्लब अंबेडकर मोहल्ला, रामदूत क्लब मेंन चौक, रामजानकी महावीर पूजा समिति बनिया टोला चट्टी, श्री राम सेना पूजा समिति 15 नंबर चौक, रामनवमी पूजा समिति गुरुचट्टी, वीर हनुमान पूजा समिति प्रेम नगर, सोनबरसा विस्थापित रामनवमी पूजा समिति बड़कागांव व अन्य क्लब के लोग शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी मां बासंती दुर्गा पूजा समिति के सचिव सरोज सोनी ने दी है।

# हजारीबाग में एल.पी.सी की अनिवार्यता पर उठे सवाल, सरकार ने दिया आश्वासन

**- हजारीबाग में ही एल.पी.सी की बाध्यता क्यों,जब अन्य जिलों में बिना एल.पी.सी के म्यूटेशन हो सकता है, तो यहां जनता को परेशान क्यों किया जा रहा है : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** जिले में भूमि संबंधी कार्यों के लिए एल.पी.सी की अनिवार्यता को लेकर नागरिकों को हो रही कठिनाइयों पर विधानसभा मैं मुखर रूप से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने आवाज बुलंद किया. श्री प्रसाद ने इस विषय पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि जब अन्य जिलों में बिना एल.पी.सी के भूमि हस्तांतरण, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) और अन्य राजस्व संबंधी कार्य संपन्न हो रहे हैं, तो हजारीबाग में इसे अनिवार्य क्यों बनाया गया है? उन्होंने इस प्रक्रिया में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि हल्का कर्मचारी (राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी) किसी भी प्रकार से हल्का नहीं बल्कि काफी भारी पड़ रहे हैं। एक साधारण प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आम नागरिक को दो-तीन महीने का समय लग जाता है, जिससे जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा पहले से ही चेकलिस्ट जारी की जा चुकी है, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना एल.पी.सी के भी म्यूटेशन करेक्शन स्लिप या खतियान के आधार पर भूमि संबंधित कार्य किए जा सकते हैं। फिर भी, हजारीबाग में इस नियम को बाध्यकारी बनाए रखा गया है। उन्होंने सवाल किया कि जब अन्य जिलों में यह प्रक्रिया सरल और सुगम है, तो हजारीबाग में यह बोझ क्यों बना हुआ है? सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि अंचल अधिकारी द्वारा 2016 में यह निर्देश दिया गया था कि यदि किसी व्यक्ति के पास म्यूटेशन करेक्शन स्लिप यह खतियान उपलब्ध है, तो ए.पी.सी की अनिवार्यता नहीं होगी और उसका भूमि हस्तांतरण या दाखिल-खारिज कार्य बिना किसी दिक्कत के किया जा सकता है। श्री प्रसाद ने कहा की वर्तमान में ब्लॉकों में प्रतिदिन लगभग 100 एल.पी.सी प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि इस प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। साथ ही, यह भी चिंता व्यक्त की गई कि कुछ कर्मचारी प्रक्रिया को जटिल बनाकर अनावश्यक विलंब कर रहे हैं। भूमि प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर लोगों से 10,000 से 20,000 रु डेसिमल लिया जा रहा है. यदि अन्य जिलों में ए.पी.सी के बिना कार्य संभव है, तो हजारीबाग में भी इसे समाप्त किया जाए।

# भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा की बैठक 22-23 मार्च को हजारीबाग में आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 22 और 23 मार्च 2025 को हजारीबाग के इमलीकोठी स्थित रिबन और बेल्स बैंक्वेट हॉल सभागार में आयोजित की गई है। इस बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से समाज के कार्यकारिणी सदस्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली सहित 14 से अधिक राज्यों से प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए ।बैठक की मेजवानी झारखंड कलवार कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा के हज़ारीबाग जयसवाल समाज संरक्षक ब्रजकिशोर जायसवाल (बादल बाबू ) के नेतृत्व में हुई बैठक का उद्देश्य समाज के उत्थान, एकजुटता, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक के दौरान विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं, शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिला सशक्तिकरण तथा समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नीतियों पर चर्चा की गई । भारतीय कलचुरी जायसवाल संवर्गिये महासभा समाज की एकता एवं विकास के प्रति समर्पित है और इस बैठक के माध्यम से समाज के सभी वर्ग सुडी, व्याहुत, जायसवाल, खरदाहा, जैसार , सदस्यों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार की सभा में उत्तर प्रदेश के राजस्व मंत्री रवीन्द्र जायसवाल के साथ, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, हज़ारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, गोड्डा के पूर्व विधायक अमित कुमार मंडल, दिल्ली से आनंद साहू, बद्री भगत, पंजाब से हरविंदर अहलूवालिया, रमेश अहलूवालिया, शीशपाल अहलूवालिया, चांद प्रकाश शिवहरे, शंभु जयसवाल, सुबोध जयसवाल, सूरज जयसवाल, बादल बाबू, बीरेंद्र राय, विद्या जयसवाल, सीता जयसवाल, रीना जयसवाल, हज़ारीबाग जायसवाल समाज के दिलीप जयसवाल, राजेश जयसवाल, सिकंदर चौधरी , ओमप्रकाश चौधरी,अजय जायसवाल दिल्ली , हुकुम जायसवाल, इंदौर से अर्चना जायसवाल, सुषमा जायसवाल, पर्मिला राय, आशा राय, राकेश जयसवाल, मुन्ना जायसवाल रीवा, ब्रजकिशोर जायसवाल की धर्मपत्नी विद्या जायसवाल, युवा करण जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए । मौके पर समाज के बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के राजस्व मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि हमारे समाज में विभिन्न पदनाम के लोगों को एकसूत्र में पिरोकर ही अपने को स्थापित कर सकेंगे ।

# बड़कागांव के ग्राम महुदी में इफ्तार पार्टी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महुदी में माह-ए-रमजान के 21वें रोजा के दिन मोहम्मद कामरान की अगुवाई में लोंगो के सहयोग से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित बच्चे शामिल हुए।मस्जिद में दी गई मगरीब की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी। इस दौरान रोजेदारों के लिए कई प्रकार के फल फरूट आदि प्रकार के व्यंजन की व्यवस्था की गई थी। बिरयानी, तरबूज, अंगूर, केला, संतरा, चना , पकोड़ा, चॉप, पुआ सहित शरबत की व्यवस्था रोजेदारों के लिए की गई थी।मौके पर महुदी के इमाम मौलाना मोहम्मद इकरामुल हक फैजी ने कहा कि त्योहार हमें साथ मिलकर रहना सिखाता है। हमारा भारत देश एकता का प्रतीक है। हमारा असली ताकत एकता है। अफ्तार पार्टी में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से हाफीज गुलाम रब्बानी बोकारो, हाफीज, अजहर अलताफ महुदी, मो. इजहार, मो असरफ, आजाद आलम, मोहम्मद उस्मान, फिरोज अंसारी, अफताब आलम, संजर, मोहम्मद शकरुल्लाह मोहम्मद तौहीद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अफतर, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद मिकाइल, वही मौके पर मुख्य रूप से ग्राम नाईफ सदर मोहम्मद शहबान, मोहम्मद इसराइल, मुमताज हुसैन, मोहम्मद यूनुस, पत्रकार जुबेर आलम, मो नईम, मो सुभान, मो कैसर, असगर अली व अन्य शामिल थे।

# खाद्य सुरक्षा से संबंधित एक दिवसीय ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** स्वास्थ्य चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची के निर्देशानुसार उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं अभिहित अधिकारी-सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि जायसवाल के मार्गदर्शन में समाहरणालय सभाकक्ष में खाद्य सुरक्षा से संबंधित एक दिवसीय फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानसीटी एडुकेशनल ट्रस्ट के मास्टर ट्रेनर श्री अनुप कुमार तिवारी के द्वारा रेस्टोरेंट, कैट्सर्स, आँगनबाडी की सेविका, मध्याह्न भोजन प्रभारी/आवासीय विद्यालय के वार्डन को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। ट्रेनिंग के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मौजुद थीं। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आँगनबाड़ी केन्द्रो एवं मध्याह्न भोजन/आवासीय विद्यालयों में ट्रेनिंग के द्वारा फूड प्वाइजनिंग की संभावना को समाप्त किया जा सकता है। ट्रेनिंग में प्रतिमा कुमारी, सी0डी0पी0ओ0, हजारीबाग ग्रामीण, श्रीमती सवित्री देवी, सी0डी0पी0ओ0, कटकमसांडी, नीलू रानी, सी0डी0पी0ओ0, ईचाक एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग, प्रकाश चन्द्र गुग्गी मौजुद थे। ट्रेनिंग के दौरान लोगो को फोर्टिफाईड फूड एवं स्वस्थ्य की महत्वकांक्षी योजनाएँ यथा ईट राइट इंडिया एवं आज से थोडी कम, तेल, चीनी एवं नमक के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 150 से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में श्री संतोष पाठक, जिला प्रबंधक ज्ञानसीटी एडुकेशनल ट्रस्ट विकाश शर्मा एवं सुरज कुमार, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर, खाद्य सुरक्षा विभाग हजारीबाग का सहयोग प्रदान किया गया।

## सरना स्थल में सरना झंडागड़ी कार्यक्रम किया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला में ग्राम जमीरा सरना स्थल में सरना झंडागड़ी कार्यक्रम किया गया द्य पहान के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया और साथ ही साथ सरना स्थल में चर्चा किया गया कि सरहुल मिलन समारोह रामगढ़ जिला में 4 अप्रैल को होगा और राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा जुलूस के तैयारी में सभी सरना स्थल में बैठक किया जा रहा हैद्य मौके पर संरक्षक राजेश पहान, सुनील पहान, भुवनेश्वर बेदिया, रूपलाल मुंडा, संदीप पहान, जीतू पहान, पाने, सुनीता, अनीता,शनयरीया, सिलो, मंजू पूजा,जमुना, संपति ,बिना, रेनू रीता पिंकी आदि कोई शामिल थेद्य

## अवैध मुहानों को बंद करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से सुगिया एवं गोबरदाहा में किया स्थल निरीक्षण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा जिले के सुगिया एवं गोबरदाहा क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा अवैध मुहानों का निरीक्षण कर रणनीति बनाकर अवैध मुहानों को ध्वस्त करते हुए अवैध खनन को रोकने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए जिले के अलग-अलग स्थलों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें वन विभाग द्वारा बंद कराने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय शाखा प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना चालू करने को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत माण्डू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना चालू करने को लेकर के संबंधित क्षेत्र के निवासियों की उपस्थिति में शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं सांसद हजारीबाग मनीष जायसवाल, सांसद गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी एवं माननीय विधायक मांडू निर्मल महतो व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा माण्डू प्रखण्ड में कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर माननीय सांसदों, माननीय विधायक, कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना के पदाधिकारियों व ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर ग्रामीणों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही परियोजना चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीएम कुसुम योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा क्क्रू - च्यस्रु योजना के तहत कृषको के कुल- 500 ऑनलाइन आवेदनों के प्रखंडों से सत्यापन के पश्चात प्राप्त सूचि की स्वीकृति/अस्वीकृति से सम्बंधित बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया की- यह सुनिश्चित किया जाय की योजना का दोहरीकरण न हो एवं सुयोग्य कृषकों को ही योजना का लाभ मिले। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ, कार्यपालक अभियंता, विद्युत् कार्यपालक अभियंता विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल, रामगढ एवं कुज्जु, परियोजना निदेशक,रामगढ, आत्मा, रामगढ, उप परियोजना निदेशक आत्मा, रामगढ, एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए ।

## पीएम श्री विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को टाउन हॉल रामगढ़ में पीएम श्री विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छ्ढ्रस्न फाऊंडेशन गोला पॉलिटेक्निक से पंकज चौधरी और गौतम कुमार ने बच्चों को मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा के बाद अपने करियर के सही चुनाव के लिए कई तरह की बातों से गाइडेंस किया उनकी टीम ने बच्चों के बीच बताया कि वह मैट्रिक और इंटर के बाद मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कर सकते हैं जिनमें उन्हें सरकार से भी बहुत तरीके की सुविधा दी जाएगी । इस कार्यक्रम में एक दूसरी टीम स्न्ढ्रस्र ग्रुप फाउंडेशन के इंदिशाद अहमद और अमित कुमार ने भी बच्चों को कंप्यूटर साइंस से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जैसे ष्द्धड्डह्ल त्रक्क्ष और ड्डह्लह्लद्ब-द्बष्द्बड्डद्य द्बठ्ठह्लद्गद्यद्यद्बद्दद्गठ्ठष्द्ग यानी ्रढ्ढ से संबंधित भी कई जानकारियां भी दी गई उन्हें इंटर में क्क्षस्क्कविज्ञान के विषयों को पढ़कर अपने करियर का चुनाव करने की सलाह दी । इसके तहत क्क्च्ट , क्क्रक्क, ग्ड्ड, स्न्ढ्रह्नश्व, छ्वश्वश्व से संबंधित कई जानकारियां बच्चों को दी गई । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ नीलम कुमारी और डायट प्राचार्य सह एरिया अफसर बबीता कुमारी तथा अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ खुशबू कुमारी और रामगढ़ डीएसई के सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा सभी अतिथियों को फूलों के पौधे देकर स्वागत किया गया और इन्हीं बालिकाओं के द्वारा एक स्वागत गान की प्रस्तुति भी की गई । छ्वश्वह्र ने भी बच्चों के बीच अपने करियर और पढ़ाई को लेकर अपना मार्ग चुनने के लिए कई तरह की प्रेरणारदायक बातों से उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से स्वयं पूछा कि वे क्या बनना चाहते हैं ? इसके लिए उन्हें आगे की पढ़ाई और अपने करियर का चुनाव करने के लिए अपना आशीर्वचन दिया । छ्वस्श्व ने भी दोनों फाउंडेशन की टीम से संबंधित कई बातों को बच्चों के समक्ष रखा और उन्हें अपने करियर के चुनाव की जानकारी दी। रामगढ़ एसडीओ ने भी बच्चों से तरह-तरह के सवाल पूछे कि वह क्या बनना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें कैसे तैयारी करनी पड़ेगी नलिनी रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बच्चों को अपना लक्ष्य का चयन करते हुए उसी के अनुरूप मेहनत करने एवं उसी के अनुरूप आगे कि पढ़ाई करने का सलाह दिया उक्त को कैरियर चार्ट के माध्यम से विस्तार रूप से बताया पीएम श्री स्कूल, प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत बच्चों के करियर के लिए यह कार्यक्रम बहुत ही लाभदायक था जिसमें बच्चों को बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई और वह सभी लाभांवित हुए ।

# सांसद ने विभिन्न अखाड़ों के बीच दण्ड और शास्त्र का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं अंतरास्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री रामनवमी पर्व की परंपरा को सशक्त करने और विभिन्न अखाड़ों द्वारा निकाले जाने वाले शोभायात्रा में दंड - शास्त्र की कला कौशल का प्रदर्शन को और आकर्षक बनाने के लिए हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ कैंट के विभिन्न रामनवमी अखाड़ों के बीच पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का वितरण किया ! उन्होंने विभिन्न अखाड़ों समिति के अध्यक्ष , सचिव और सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासित तरीके से श्री रामनवमी पर्व को मनाने तथा परंपरागत दण्ड और शस्त्र चलाने की प्रशिक्षण देने की बात कही।उन्होंने नशापान से परहेज करने और अश्लील गीत नहीं बजाते हुए श्री रामनवमी की सुचिता को बनाए रखने का निर्देश दिया। हजारीबाग में श्रीरामनवमी पर निकलने वाले 4शोभा यात्रा पर कहा कि अब इसकी चर्चा विदेश में होती है। वहीं उन्होंने बताया कि पहले के समय में और अब के समय में मनाए जाने वाले श्रीरामनवमी के प्रदर्शन पर काफी अंतर देखने को मिलता है। साहू भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने श्री रामनवमी पर्व पर भव्य रूप देने और आकर्षक झांकी निकालने की सलाह दी।जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार, वरिष्ठ नेता प्रो डॉ संजय प्रसाद सिंह,हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह,रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल,श्री श्री रामनवमी समिति रामगढ़ अध्यक्ष धर्मेन्द्र साव भोपाली ने भी उपस्थित अखाड़ों के प्रमुख लोगों के बीच अपनी बात रखी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने,संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी एवं जिला मंत्री व रामगढ़ कैंट मण्डल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह द्वारा किया गया। मौके पर वरिष्ठ नेत्री इला रानी पाठक, डॉ संजय प्रसाद सिंह,रामगढ़ विधानसभा सह सांसद प्रतिनिधि व अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री विनोद कुमार,जिला महामंत्री विजय जायसवाल, ग्रामीण मंडल सांसद प्रतिनिधि व जिला मंत्री दिलीप सिंह, वरिष्ठ नेता प्रो खिरोधर साहु,सहदेव ठाकुर, रामनवमी समिति के संरक्षक राजेश ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वरिष्ठ नेता दीपक सोनकर, मीडिया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, ऋषिकेश सिंह,मिथिलेश मण्डल अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, रूपा देवी, संजय साह,सुनील प्रसाद, वारिश नेता दीनदयाल कुमार, वसुध तिवारी, रॉबिन गुप्ता, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह,अरविन्द कुमार सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र शर्मा, विशाल जायसवाल, छठी प्रसाद, सहित भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता, विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि और कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों/ सचिवों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों/ सचिवों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष / प्रतिनिधियों को बताया गया कि संविधान एवं वैधानिक ढ़ाचों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक है। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुएल और हैंडबुक (जो भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढाँचा स्थापित किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सचिव/अध्यक्ष / प्रतिनिधिगण से अनुरोध किया गया कि संबंधित क्षेत्रान्तर्गत ऐसे मतदान केन्द्र, जिसमें मतदाताओं को अधिक दूरी तय करना पड़ता हो, या ऐसे मतदान केन्द्र भवन जिसकी भौतिक स्थिति में सुधार करने की आवश्यकता हो, उस संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध करा सकते हैं।राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष / प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेन्ट (क्क्ष्न) की संबंधित मतदान केन्द्रों में नियुक्त करते हुए उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, रामगढ़ को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सचिव/ अध्यक्ष / प्रतिनिधिगण से अनुरोध किया गया कि वर्तमान में मतदाता सूची में छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम जोड़ने, मतदाताओं के नाम एवं अन्य विवरणी में अपेक्षित सुधार करने एवं मृत/अनुपस्थित आदि मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित करने की कार्रवाई सत्त अद्यतनीकरण के तहत् की जा रही है, जिस कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में निबंधित होने से वंचित नहीं रहे। सतत अद्यतनीकरण में प्राप्त प्रपत्र 6, 7. एवं 8 की विवरणी सभी उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया।

## खाद्य कारोबारियों के खाद्य लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन के लिए 25 मार्च 2025 को होगा शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारियों यथा होटल, भोजनालय, रेस्टुरेंट, पानी विक्रेता, थोक विकेता (Wholesaler), खुदरा विक्रेता , वितरक , भण्डारक प्रदायक , विनिर्माता , ठेला खोम्चा, वधशाला, मीट/ चिकन/ मछली/ अण्डा दुकान, कैंटीन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक , राशन दुकान, शराब दुकान, विटमिन एवं फूड सप्लीमेंट बेचने वाले दवा दुकान, फल सब्जियों का दुकान, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन इत्यादि को फूड लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना वैध खाद्य लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना दण्डनीय अपराध है, जिसमें 10 (दस) लाख रू0 तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

खाद्य कारोबारियों के खाद्य लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:-

दिनांक 25.03.2025 (मंगलवार)

समय 10 बजे सुबह से 5 बजे शाम तक स्थान चैम्बर भवन, बिजुलिया, रामगढ़।

रामगढ़ : वार्षिक टर्नओवर 12 लख रुपए से कम के खाद्य कारोबारी को FSSAI Registration के लिए प्रतिवर्ष ?100 का भुगतान करना होगा वही 12 लाख से अधिक के वार्षिक टर्नओवर के खाद्य कारोबारी को FSSAI Licence के लिए 2000 रु0 (सामान्य कारोबार) 3000 से 5000 मेन्युफैक्चरर का भुगतान करना होगा।

रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजः-

1. एक स्वअभिप्रमाणित फोटो पहचान पत्र 2. एक पासपोर्ट आकार का फोटो3. अगर पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता अंकित नहीं है तो व्यवसाय स्थल का स्वामित्व का दस्तावेज।

लाईसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज

1. प्रोपराईटर्स / पार्टनर का विवरण (नाम, पता, भो न0 एवं ई मेल आई0 डी0)2. खाद्य कारोबारी का पहचान पत्र 3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज4. प्रोपराईटर्स का सेल्फ डिक्लेरेशन / पार्टनरशिप डीड

## 18 चक्का ट्रेलर ने अपने चपेट में मारुति ओमनी को लिया जिससे चालक बुरी तरह घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुज्जू :** रामगढ़ जिले के कुजू सरना स्थल के निकट लगभग 12ः00 बजे एक मारुति ओमनी छ्वा02श्व 8832 और 18 चक्का टेलर संख्या ॥छ्व24रु 6264 सीधा टक्कर होने से मारुति चालक बुरी तरह घायल हो गया दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्रामीणों द्वारा मारुति चालक की स्थिति को देखते हुए रामगढ़ सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया घटना की सूचना मिलते ही कुजू पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आनन-फानन में एस आई मनीष कुमार वा रोशन कुमार ने किराण के सहारे क्षतिग्रस्त वाहन को घटनास्थल से हटकर कुजू ओपी ले आई वहीं घाटो रामगढ़ मुख्य मार्ग में वाहनों की लंबी कतारें लग गई सूत्रों के द्वारा बतलाया जाता है कि 18 चक्का ट्रेलर कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रहे कुज्जू रेलवे सेटिंग के लिए काफी पैमाने पर चल रही है जिसमें कुछ चालकों के पास हैवी लाइसेंस नहीं रहने पर भी गाड़ी रोड पर पराठेदार दौड़ा रहे हैं । समाचार लिखे जाने तक मारुति चालक की स्थिति कि कोई सूचना प्राप्त नहीं हो सकी थी।

## सीएनटी खाते की जमीन को घोखाधड़ी कर खरीद ब्रिक्री रोकने के संबंध में उपायुक्त को शिकायत पत्र दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ निवासी पंकज महतो ने उपायुक्त को आवेदन दिया जिसमें बताया गया कि रामगढ़ अंचल के मौजा कैथा खाता नं0-4,32,35,51 प्लॉट नं0-2116,2117,2118,2119,2123. (1) छोटा मुगला, पिता- मंगरा कुरमी खाता नं0-51, रकबा 3 एकड़ 6.5 डी0 (2) फेकु कुरमी, रीतु कुरमी, बन्धु कुरमी, पिता पूरन कुरमी रकबा 1 एकड़ 35 डी0 (3) अमृत महतो, पिता लालसाय महतो खाता नं0- 4, रकबा 16 एकड़ 74 डी0 (4) नीधुवा कुरमी वो शनीचरवा कुरमी, खाता नं0- 32. जिसमें 42 डीसमिल जमीन को धोखाघाडी कर उक्त जमीन को राजकुमार बरेलिया, पिता स्व0 गंगाधर बरेलिया रामगढ़ के द्वारा पूराना जाली व बनावटी दस्तावेज तैयार कर जमीन का अपने खानदान के नाम पर हेर-फेर कर उक्त जमीन को कोयला व जमीन माफिया बालेश्वर प्रताप सिंह, पिता- स्व0 जवाहर सिंह निवास ग्राम नईसराय थाना रामगढ़, जिला- रामगढ़ के पास बेच दिया और उक्त जमीन को बेचने के उद्देश्य से अंचल कार्यलय रामगढ़ से अवर निबंधन कार्यलाय रामगढ़ को केवला निबंधित कराने के लिए रजिस्ट्रर 2 ईमेल किया गया जिसको निरस्त कर जमीन निबंधन रोका जाए एवं उन सभी मूल कागजातों को सघन जांच कर जमाबंदी रद्द कर मूल रैयत को जमीन वापस करने कि आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## राष्टीय तम्बाकू नियत्रंण के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राष्टीय तम्बाकू नियत्रंण कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को सिविल सर्जन, रामगढ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी (NTCP) डॉ0 तुलिका रानी के संयुक्त अध्यक्षता में सिविल सर्जन के सभागार कक्ष में Law Enforcers का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से पुलिस विभाग के अवर निरीक्षक, आरक्षी एवं हवलदार ने प्रशिक्षण प्राप्त किये। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सभी को छ्वश्वह्लश्वड्ड, 2003 के अन्तर्गत प्रावधान के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बताया गया कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर ध्रुमपान अर्थात् बिडी, सिगरेट आदि के सेवन पर 200रू0 तक का आर्थिक दण्ड लिया जाएगा। इसका मुख्य कारण यह हैं कि जब भी कोइ भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करता हैं तो अपने आस-पास के व्यक्ति को न चाहते हुए भी सिगरेट के हानिकारक जान लेवा धुवे से प्रभावित करता हैं। जिससे हृदय जनित बिमारी होने का खतरा बढ जाता हैं। साथ ही किसी भी तम्बाकू दुकानदार को अपने दुकान के मुख्य पृष्ठ पर साईनेज 6ड्ड को लगाना अनिवार्य हैं। उलंधन स्थिति में दो 200 रू0 तक आर्थिक दण्ड लिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि स्कुल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू का किसी भी प्रकार का पदार्थ नही बेचा जाना हैं। उलधंन स्थिति में आर्थिक दण्ड लिया जाएगा। छ्वश्वह्लश्वड्ड, 2003 के धारा 5 के अन्तर्गत किसी भी तम्बाकू उत्पाद का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाना हैं। साथ ही दुकान के काउन्टर के सामने रख कर या लटका कर तम्बाकू पदार्थ नहीं बेचा जाना हैं उलंधन की स्थिति में कानुनी कार्रवाई की जाऐगी। प्रशिक्षण में आये सभी थाना संबंधित कर्मी को अर्थदण्ड चालान बुक उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परामर्शी ह्ञ्जष्टक्कविनय शर्मा एवं जिला ह्वष्ठ कोषांग के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## एमिटी विश्वविद्यालय रांची द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में राधा गोविंद विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग के महिला वॉलीबॉल टीम विजय हुआ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** एमिटी विश्वविद्यालय रांची द्वारा आयोजित एमीफोरीया खेल प्रतियोगिता तीन दिवसीय 19 मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक हुआ। यह खेल राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ एवं एमिटी विश्वविद्यालय रांची के बीच खेला गया जिसमें राधा गोविंद विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल टीम विजय हुआ। यह जानकारी शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा ने दी।इस खुशी पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार एवं प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से सभी सफल विद्यार्थियों की हार्दिक शुभकामनाएं दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राहुल दुबे गिरोह के इशारे पर सभी अपराधी गोलीबारी व आगजनी घटना को देते थे अंजाम

➩ कार्तिक माइनिंग कंपनी में गोलीबारी व आगजनी मामले में 5 अपराधी गिरफ्तार,भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** हजारीबाग जिले के उरीमारी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।इस मामले में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने एसआइटी का गठन कर राहुल दुबे गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उरीमारी ओपी क्षेत्र के न्यू बिरसा स्थित कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी में लगातार दो बार अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक हाईवा में आगजनी कर फायरिंग किया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद राहुल दुबे गिरोह के नाम का पर्चा छोड़कर भाग गए थे। लगातार दो बार उक्त कंपनी में गोलीबारी व आगजनी घटना को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को 5 अपराधियों को उरीमारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार सहित कई सामान बरामद किया है। बता दें कि इस मामले में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है कि 4 मार्च को अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक हाईवा में आगजनी और फायरिंग की गई थी। इस दौरान एक धमकी भरा पर्चा भी फेंका गया, जिसमें बिना राहुल दूबे की सहमति के काम नहीं करने की चेतावनी दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम गठित की गई थी। 21 मार्च की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि न्यू बिरसा प्रोजेक्ट कांटा घर के पास कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और मौके से दो अपराधियो मो. वारिस और मो. ईजाज को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी भागने में सफल रहा। वहीं गिरफ्तार वारिस के पास से एक लोडेड देशी कट्टा,तीन जिंदा गोलियां,एक मोबाइल और एक लाल रंग की हीरो होंडा मोटरसाइकिल बरामद की गई। गहन पूछताछ के बाद दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राहुल दूबे के निर्देश पर फायरिंग और आगजनी की थी। इस साजिश में उनके साथ मो. जियारत,मो. सलामत अंसारी और सुबोध कुमार सभी बड़कागांव निवासी शामिल थे। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन तीनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों अपराधियों के पास से एक स्कूटी और मोटरसाइकिल, देशी कट्टा व जिंदा गोलियां,छह एंड्रॉइड मोबाइल और एक कीपैड मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपीयों ने पूर्व में भी चरही और उरीमारी थाना क्षेत्रों में रेकी कर चुके थे।

## केंद्रीय विद्यालय में बालवाटिका के लिए अब 24 मार्च तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय विद्यालय संगठन ने बालवाटिका के लिए नामांकन की तिथि 3 दिन बढ़ाकर अब 24 मार्च तक कर दिया है। जो आवेदक छूट गए हैं वे 24 मार्च तक बालवाटिका तीन के लिए आवेदन कर सकते हैं मालूम रहे की पिछले एक हफ्ते से केंद्रीय विद्यालय संगठन का सर्वर जाम हो गया था जिसे के कारण तिथि बढ़ाई गई है। वहीं कक्षा एक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 मार्च को समाप्त हो गया है अब आवेदकों को नामांकन सूची आने का इंतजार है।

## चिल्ड्रंस फिल्म फेस्टिवल का शुभारम्भ, मेयर रहे नदारत



**आसनसोल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविंद्र भवन में चिल्ड्रंस फिल्म फेस्टिवल का शुभारम्भ हुआ। यह फेस्टिवल 23 मार्च तक चलेगा। इसमें बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों को नैतिक शिक्षा देते हुए भी कार्यक्रम किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में राज्य के मंत्री मलय घटक, मंत्री इंद्रनिल सेन, मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा, आसनसोल के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, पश्चिम बर्धमान जिला शासक एस. पोन्नाबलम, विधायक नरेन्द्रनाथ चक्रवर्ती, पश्चिम बर्धमान परिषद जिला सभाधिपति विश्वनाथ बाउरी एवं आसनसोल नगरनिगम के उपमेयर अभिजीत घटक उपस्थित थे।वहीं चिल्ड्रंस फिल्म फेस्टिवल के निमंत्रण पत्र को लेकर विवाद जारी रहा, क्योंकि पत्र में मेयर विधान उपाध्याय और नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी का नाम नहीं था। विवादों के बाद विधान उपाध्याय और अमरनाथ चटर्जी ने कहा था कि वह इस उद्घाटन समारोह में जरूर सम्मिलित होंगे, लेकिन आज जब चिल्ड्रंस फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई तो वहां मेयर विधान उपाध्याय अनुपस्थित थे. इसे लेकर जब सांसद शत्रुघ्न सिन्हा से पूछा गया उन्होंने कहा कि वह इस बारे में कुछ नहीं जानते और इस पर वह कोई टिप्पणी भी नहीं कर सकते। उन्हें खुद दो दिन पहले पता चला कि आसनसोल में फिल्म फेस्टिवल होने जा रहा है, उन्होंने कहा कि इस फिल्म फेस्टिवल के आयोजन से जुड़े लोग ही इसका सही जवाब दे सकते हैं।

## कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान हेतु उच्च स्तरीय बैठक




**आसनसोल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान हेतु जिला शासक एस. पोन्नबलम की अध्यक्षता में आसनसोल स्थित जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में आसनसोल नगर निगम के मेयर बिधान उपाध्याय, आसनसोल दुर्गापुर विकास बोर्ड या अड्डा के उपाध्यक्ष उज्ज्वल चटर्जी, कुल्टी सेल ग्रोथ वर्क्स और डीवीसी के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में कुल्टीपुर क्षेत्र में पेयजल समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। आज की बैठक में पेयजल समस्या के समाधान के उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद मेयर बिधान उपाध्याय ने कहा कि सेल पूरे कुल्टी क्षेत्र को पेयजल उपलब्ध कराता है। पीने के पानी की समस्या मुख्य रूप से उन्हीं क्षेत्रों में है। बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। रेलवे क्षेत्र उस सेल से पहले स्थित है, जहां से पेयजल आपूर्ति की जाती है। वहां रेलवे की चारदीवारी के निर्माण के कारण पेयजल आपूर्ति में समस्या आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की बैठक में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि अगले सोमवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। इससे पहले पूरे मामले की जानकारी रेलवे को दे दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान सेल, आसनसोल नगर निगम और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## मां शीतला का पूजा अर्चना धूमधाम से मनाया गया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैथन एरिया पांच स्थित शीतला मंदिर में शनिवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मां शीतला का पूजा अर्चना धूमधाम से किया गया। शितला पूजा मंदिर के पुजारी सोमेनदु भट्टाचार्य ने विधी विधान के साथ किया।पूजा पंडाल का उद्घाटन आमकूड़ा के मुखिया कंचन महतो एवं कालीपहाड़ी पूर्व के मुखिया अजय मुर्मू द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां शीतला का आशीर्वाद लिया मौके पर मंदिर कमेटी द्वारा सभी श्रद्धालुओं को नारियल पानी प्रसाद के रूप में वितरण किया गया तो वही एकता संघ द्वारा श्रद्धालुओं को सरबत का वितरण किया गया। वही शाम में खिचड़ी भोग का प्रसाद वितरण किया गया। पूजा को संपन्न कराने में जिन लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनमें सत्यनारायण कुशवाहा, जसवंत सिंह, सरोज प्रसाद, गौतम मित्रा, राकेश झा, सुखदेव भंडारी, प्रमोद पासवान, मदन कसाई, तापस मंडल, रंजीत झा, चिन्टु विश्वकर्मा, अशोक कुमार, नरेश राम, सरोज प्रसाद, रंजीत महतो, प्रशांत रजक, अजय सिंह, मानव दे, दिनेनदर कुमार, राजेश प्रसाद, शेखर दता, संतोष सिंह, राजू प्रसाद एवं पुजारी सोमेनदु भट्टाचार्य सामिल है।

# डीएवी मॉडल स्कूल में चल रही अंग्रेजी की तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में 20 मार्च से चल रही तीन दिवसीय अंग्रेजी की क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यशाला उच्च प्राथमिक शिक्षको के क्षमता संवर्द्धन हेतु आयोजित की गई। डीएवी सीएफआरआई की प्राचार्या महुआ सिंह के सानिध्य में एवं डीएवी सी.एम.सी दिल्ली के तत्वावधान तथा प्रशिक्षण समन्वयक और क्लस्टर प्रमुख प्रज्ञा सिंह सह प्रिंसिपल डीएवी बिष्टुपुर के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पूरा हुआ। स्कूल में चल रही अंग्रेजी की कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान प्रज्ञा सिंह एआरओ सह प्रिंसिपल डीएवी बिस्टुपुर ने सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यशाला से नवीन शिक्षण शैली से रूबरू होते है तथा सीखी गई नई तकनीक के साथ अपने छात्रों को शिक्षित करने में सहयोगी सिद्ध होती है और कहा कि इस व्यापार के युग में बच्चों को इंग्लिश सीखना एवं जानना बहुत जरूरी है तथा उन्होंने यह भी कहा कि कक्षा-कक्ष में अध्यापन कार्य के दौरान जो समस्याएँ उनके समक्ष आया करती हैं, उनका निवारण अवश्य हुआ होगा। इस कार्यशाला में 7 स्कूलो ने भाग लिया जिसमें डीएवी सीएफआरआई, डीएवी विष्टुपुर, डीएवी चाईबासा, डीएवी जामाडोबा, डीएवी नोआमुंडी, डीएवी महुदा, डीएवी सिजुआ शामिल हुए।

# जामाडोबा रूबी मार्किट में हुआ इफ्तार पार्टी का आयोजन, काफी संख्या में पहुंचे रोज़ेदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** जामाडोबा रूबी मार्किट में समाजसेवी शरिफुज़ामा खान (टुन्नु खान) के याद में उनके पुत्र आमिर खान के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमे काफी संख्या में दुकानदार के साथ साथ अगल बगल के लोग उपस्थित हुए। इफ्तार से पहले टुन्नु खान के लिए दुआ के साथ देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी गई7 समाजसेवी टुन्नू खान हमेशा लोगो के बीच दुःख दर्द में शामिल रहते थे। उनके जाने के बाद अब उनका पुत्र अपने पिता के कार्य को बखूबी निभा रहे है। लोगो के बीच अपने पिता की कमी को महसूस नहीं होने दे रहे है। लोगो का कहना है आज भी उनकी कमी लोगो को खल रही है। वो हमेशा गरीब एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगो की मदद किया करते थे। इफ्तार पार्टी में पारंपरिक भोजन खजूर के साथ सभी लोगो ने रोज़ा खोला। आमिर खान ने कहा की रोजा रखने वालों की सेवा करने में काफी पुण्य मिलता है। मेरे पिता हमेशा सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वो हमेशा लोगो के बीच रह कर उनकी हर समस्या को दूर करने का प्रयास किया करते थे। मौके पर मुस्तकीम खान, वसीम खान, जसीम खान, शमशेर खान, सलीम खान, मनौवर आलम (मन्नु), शमीम अंसारी, आरिफ सिद्दीकी, रिजवान सिद्दीकी, मो सलीम खान, शमशेर खान आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**समाहरणालय भवन, कोडरमा पिन कोड–825410**
jepckoderma@yahoo.co.in & jepkoderma@gmail.com

पत्रांक..........414............ / SSA-Koderma दिनांक......21......... / ......03......2025

**आम–सूचना**

कोडरमा जिला अन्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक विद्यालय को छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की धारा 12(1)c के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर बच्चों के नामांकन लिया जाना है। इस हेतु ऑनलाईन के माध्यम से जिला के पोर्टल rtekoderma.com पर जिले के बच्चों के माता/पिता/अभिभावकों द्वारा नामांकन हेतु छात्र–छात्राओं से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ उक्त पोर्टल पर दिनांक 31.03.2025 तक अप्लाई किया जा सकता है। जिला स्तर से अंतिम रूप से चयनित एवं अनुमोदित सूची के आधार पर ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 की धारा 12(1)c के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में बच्चों का नामांकन प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीट पर लिया जा सकेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक सह
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान, कोडरमा।

PR.NO.349032 Jharkhand Education Project Council(24-25):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**e-Procurement Notice**
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 74 /2024-25 Date:- 21-03-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of 50 Beded S.T. Girl's Hostel in Picchdi Jati Balika Awasiya Uccha Vidyalaya, Matwari, Dist- Hazaribagh For The Year 2024-2025 | 20712825/- | 414300/- | 10000/- | 9 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 26-03-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 11-04-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 349010 (Building) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/12/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से भाया कोडरमा थाना राजा तालाब होते हुए कृष्णा केयर तक पथ निर्माण कार्य | 96,57,750.00 | 193200.00 | 10000.00 | 6 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 3.04.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 3.04.2025 से दिनांक 9.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–11.04.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06534358472 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 349025 (Rural Work Department)24-25*D


# 24वीं अंतर सीपीएसयू कबड्डी प्रतियोगिता का मैथन में हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** मैथन स्थित कर्मचारी संघ मैदान में 24वी अंतर सीपीएसयू यानी /केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/ कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन डीवीसी मैथन के परियोजना प्रमुख सुमन प्रसाद सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने तमाम टीमो को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी दिल को जोड़ने वाली खेल है। इससे आपसी मेलजोल बढ़ता है। इसे सुरक्षा के साथ खेल भावना से खेले जिससे कि बेहतर माहौल में खेल संपन्न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान के उत्थान के लिए स्वास्थ कर्मचारी का होना बेहद जरूरी होता है और स्वस्थ तभी होंगे जब किसी न किसी खेल से आप जुड़े रहेंगे और कबड्डी इसमें बेहतर साधन है। प्रतियोगिता में सार्वजनिक उपक्रम के कुल 8 टीमों ने भाग लिया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 11/2024–25 दिनांक 21.03.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक – 03.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक – 04.04.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक – 04.04.2025 अपराह्न 5.00 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़। |

9. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Koto, Near Munda Tola Dinesh Munda House under D.W.&S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 26 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 2 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Koto, Near Ranveer Singh House under D.W.&S Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 27 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 3 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Shahitanr, Near Shahitanr Community Hall under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 28 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 4 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Shahitanr, Near Shahitanr Anganwari Centre under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 29 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 5 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Shahitanr, Near Om Prakash Singh House under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 30 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 6 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Shahitanr, Near Jatru Oraon House under D.W.&S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 31 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 7 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Daridih, Near Birodhi Mahto House under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 32 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 8 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Near Nakul Munda House under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 33 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 9 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Near Panchayat Bhawan Community Hall under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 34 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 10 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Rasda Near Manik Chowk Community Hall under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 35 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 11 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Rasda Near Jora Talab Community Hall under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 36 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 12 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Rasda Near Saghan Karmali House under D.W.&S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 37 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 13 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Rasda Near Bhuneshwar Karmali House under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 38 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 14 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Rasda Near Community Hall, Rasda under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 39 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 15 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Gegda Near Samshan Ghat under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 40 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 16 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Gegda Near Nirmal Yadav House under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 41 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 17 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Gegda Near Shiv Mandir under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 42 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 18 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Gegda Near Murkatti Transformer under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 43 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 19 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Labga, Village-Gegda Near Community Hall under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 44 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 20 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Katiya, Village-Katiya Near Hanuman Mandir uper tola Dinesh Mahto House under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 45 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 21 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Katiya, Village-Katiya Near New Market behind Satyendra Kumar House under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 46 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 22 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Katiya, Village-Katiya Near PTPS Rd No 03 Parween Kumar Pappu House under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 47 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 23 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Katiya, Village-Katiya Near Jhari Pahan House behind under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 48 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 24 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Katiya, Village-Katiya Near Community Hall Campus under D.W. & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 49 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |
| 25 | Construction of 200 x 165 mm dia x 180M depth HYDT & RCC foundation for Steel Structure and Solar Pannel 01 HP DC Solar Motor Pump complete set in Panchayat -Koto, Village -Koto, Near Munda Tola Dinesh Munda House under D.W.&S.Division, Ramgarh for the year 2024-25. | RMG/ GR- No.- 50 | 705276.00 | 14200.00 | 1250.00 | 45 Days |

(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्ते पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 2133 रॉंची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

PR 349041 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

# उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज भण्डरा प्रखण्ड कार्यालय में ओलावृष्टि के कारण हुई फसल क्षति वाले किसानों और प्रखण्ड के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में ओलावृष्टि के कारण किसानों ने गेहूं व अन्य फसलों को हुए नुकसान की जानकारी दी। बैठक में फसल बीमा करने वाली इंश्योरेंस कंपनी के जिला समन्व्यक मयंक द्वारा जानकारी दी गई कि जिन किसानों का फसल बीमा हुआ है वे 72 घंटे के अंदर टॉल फ्री नंबर 14447 पर डायल कर इंश्योरेंस कंपनी के समक्ष अपने नुकसान हुए फसल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद इंश्योरेंस कंपनी शिकायत की जांच स्थल पर जाकर करेगी। उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन किसानों का फसल नुकसान हुआ है उसकी जानकारी के लिए किसानों को सूचित किया जाए। साथ ही सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन कर किसानों से आवेदन प्राप्त किये जाएं। जब किसान अपना रजिस्ट्रेशन कराएंगे जिससे उन्हें एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी जो आगे की कार्रवाई में जरूरी होगी। उपायुक्त द्वारा भौंरो पंचायत के ग्राम बलसोता सरनाटोली में एक किसान जिनके तरबूज की खेती को ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ था, उस स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही, आवश्यक निर्देश अंचल अधिकारी व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भण्डरा को दिये गये। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए फिर से देश के बहुसंख्यक समाज के साथ किया अन्याय : ओम प्रकाश सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** कर्नाटक विधानसभा में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण देने का जो विधेयक पारित किया गया है, वह न केवल असंवैधानिक है, बल्कि कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति का एक और प्रमाण है। झारखंड भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश प्रकाश सिंह ने इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे संविधान के मूल भावना के खिलाफ बताया। ओम प्रकाश सिंह ने कहा, आरक्षण का आधार केवल सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन हो सकता है, न कि धर्म। कांग्रेस सरकार ने अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए फिर से देश के बहुसंख्यक समाज के साथ अन्याय किया है। यह विधेयक न केवल असंवैधानिक है बल्कि समाज में विभाजन को बढ़ावा देने वाला है। भाजपा इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी विधायकों द्वारा इस असंवैधानिक विधेयक का विरोध करना पूरी तरह उचित था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाने के लिए जबरन मार्शल बुलाकर उन्हें सदन से बाहर निकलवा दिया। यह कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। ओम प्रकाश सिंह ने केंद्र सरकार से अपील की कि इस असंवैधानिक विधेयक पर तुरंत हस्तक्षेप करे और इसे रद्द किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा इस प्रकार की तुष्टिकरण की नीतियों का हर मंच पर विरोध करेगी और न्यायिक प्रक्रिया का सहारा लेकर इसे चुनौती देगी।

## बर्फबारी से फसलों की हुई क्षति पर 14447 पर कॉल कर बीमा से संवधित सूचना के साथ पंचायत भवन को करें सुचित : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इन दिनो मौसम ने ली अचानक करवट, वारिस के साथ-साथ तुफान और ओले के गिरने से जहाँ तापमान में अचानक गिरावट आयी है, वही किसानों के रब्बी फसलों की भी हूई है क्षति। 20-21 मार्च को जहाँ आंधी तूफान के साथ वारिस ने मचाई तबाही वही 22 मार्च शनिवार को वारिस के साथ-साथ ओले पड़ने से किसानों के रबी फसल गेंहू, चना, सरसों, के साथ-साथ आलू, मटर, गोभी लौकी, टमाटर,मिर्च इत्यादि सब्जियों पर भी ओला का कहर देखने को मिला है। ओला से किसानों की फसलों की हुई क्षति पर प्रभात मंत्र संवाददाता द्वारा कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि वैसे किसान जिहोने अपने फसलों को वीमा करवाया है और वर्फबारी के कारण जिनकी जो भी फसल की क्षति पहुंचा है वे 14447 में कॉल कर इसकी सूचना अविलंब दर्ज कराएं, एवं सूचना दर्ज कराने के पश्चात अपने-अपने पंचायत भवन में बीमा से संवधित आई0ड़ी0 के साथ संवधित जानकारियाँ भी उपलब्ध करायें, जिससे की बीमा राशि का लाभ प्रभावित किसानो को दिलाया जा सके।

## शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने को लेकर उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर किया जागरूकता रथ को रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड एवं गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के लिए दिनांक 21 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित ई-केवाईसी सप्ताह के अंतर्गत आपूर्ति विभाग के जागरूकता रथ को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। इस रथ के जरिये लोगों को ई-केवाईसी व खाद्यान्न की मात्रा से संबंधित जागरूक किया जाएगा। वैसे व्यक्ति जिनकी मृत्यु हो चुकी है, अन्यत्र पलायन कर चुके हैं, उनके कारण शत-प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण नहीं क्या जा सका है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी मार्केटिंग अफसर, प्रखंड विकास पदाधिकारी को लाभुकों की सूची उपलब्ध कराई गई है। अगर कार्ड धारी का मोबाइल नंबर बदला है तो नए नम्बर को जोड़ा जायेगा। जिनकी आधार सीडिंग नही की गई है, उनका आधार सीड किया जाएगा। जो पलायन कर गए हैं उन्हें वहीं के जनवितरण प्रणाली की दुकान पर ई-केवाईसी हेतु जानकारी दी जाएगी। मृत व अयोग्य लाभुक का नाम सूची से हटा दिया जाएगा। आज जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल द्वारा नजदीकी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जा कर लाभुकों का ई-केवाईसी कराया गया व उनकी प्रविष्टि पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गए। जिन लाभुकों को राशन कार्ड की निर्धारित मात्रा से कम राशन अगर जनवितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा दिया जाता है तो ऐसे लाभुक राज्य सरकार के टॉल फ्री नंबर 18002125512 या 1967 पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## निकाय चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने किया महिला कॉलेज का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**सिमडेगा :** अगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने महिला कॉलेज सलडेगा, सिमडेगा का निरीक्षण किया। सिमडेगा जिला प्रशासन नगर निकाय चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर निकाय चुनाव के निमित वज्रगृह, मतगणना केंद्र, चुनावी प्रशिक्षण स्थल, डिस्पैच और रिसीविंग सेंटर, पार्किंग आदि के लिए स्थान चिन्हिकरण के लिए उपायुक्त सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने महिला कॉलेज, सिमडेगा का भ्रमण कर स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने चुनावी कार्यो को लेकर स्थल व्यवस्थित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। कॉलेज कैंपस के बाहर गाड़ियों की पार्किंग के लिए झाड़ियां की कटाई-कराई व पूरे परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु नगर परिषद् को निर्देश देने की बात कहीं। तथा कॉलेज परिसर की मतदान केंद्र को मतदान दिवस दिन के लिए बांस से बेहतर तरीके की बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् उपायुक्त ने काउंटिंग हाल एवं डिस्पैच सेंटर बनाने के लिए क्लासरूम का निरीक्षण किया व कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, डीएसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी, भवन प्रमंडल पदाधिकारी, थाना प्रभारी, सिटी मैनेजर नगर परिषद, सहित गठित कोषांग के पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

## ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर सीओ और बीडीओ ने लिया जायजा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को आंधी तूफान व ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति वाले किसानों और प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के साथ सीओ और बीडीओ द्वारा बैठक किया गया। अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी और प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। वही क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत भवन में किसानों के साथ बैठक कर जानकारी दिया गया की ओलावृष्टि से जिन जिन किसानों का फसल क्षति हुआ है उन सभी किसानों को क्षतिपूर्ति के लिये अंचल कार्यालय में आवेदन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड कृषि पदाधिकारी और एटीम को निर्देश दिया गया की सभी किसानों से आवेदन के साथ फसल का फोटो,किसान का आधार कार्ड, जमीन का रशीद और बैंक पासबुक का छायाप्रति लेने का निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को ओलावृष्टि के कारण प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो किसानों का गेंहू, टमाटर, तरबूज, बैंगन, खीरा और अरहर, चना सहित अन्य फसलों का काफी नुकसान हुआ है। जिसे ओलावृष्टि से फसल नष्ट होने पर किसान काफी चिंतित हैं। और सरकार से मुवावजा के लिये आश लगाये हुए हैं। वही सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा कहा गया की सरकार से आदेश प्राप्त होते ही किसानों को उचित मुआवजा दिया जायेगा। मौके पर सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, बीडीओ संग्राम मुर्मू, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, एटीम सुमन कुमार के अलावे सैकड़ो किसान मौजूद थे।

## अविराम के प्रशिक्षुओं ने सीखे इन्वेस्टमेंट और मार्केट के गुण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा के बीएड और डी एल एड के प्रशिक्षुओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला मार्केट का एकलव्य स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम सेबी और एन डी एल आई के दारा हाइब्रिड माध्यम द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में निवेश के तीन एस और आई जैसे कमाई, मंहगाई, निवेश, स्टार्ट अर्ली, स्प्रेड, स्टे लॉन्ग पर विस्तार से। चर्चा की गई प्रशिक्षुओ के विचार पोलिंग के द्वारा जाने गए, शेयर बाजार, डी मैट अकाउंट, सेबी का सारथी एप आदि पर चर्चा शरद खन्ना द्वारा विस्तार से की गई।इस कार्यक्रम का फीडबैक भरने वालों को निशुल्क प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, कुंदन, ममता, पंकज, पवन, शिव, शशि, चिनिबास, प्यारी, आरती आदि उपस्थित थी यह कार्यक्रम वर्तमान समय मंहगाई और उसमे बचत कैसे की जाए कैसे प्रबंधन किया जाय क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इस दृष्टि से बहुत उपयोगी रहा।

## नेत्र चिकित्सक द्वारा स्कूली बच्चों का आंख जांच किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र चिकित्सक द्वारा आंख जांच किया गया। नेत्र चिकित्सक डॉ. शशि कुमार द्वारा राजकीय मध्य विद्यालय उपर तुरीयडीह में अध्ययनरत 29 छात्र छात्राओं का आंख जांच किया गया। आंख जांच के दौरान आंख से पानी गिरना, आंख में खुजली होना, कम दिखाई देना, आंख में जलन, दूर की वस्तु धुंधलापन दिखाई देना सहित आंख से सम्बंधित विभन्न तरह के बीमारियों का जांच कर इलाज किया गया। जांच के उपरांत सुबह शाम आंख को साफ पानी से धोकर गुलाब जल डालने के लिये बताया गया। साथ ही ताजा फल,हरा साग,अंडा और दूध का सेवन करने और विटामिनयुक्त भोजन करने का निर्देश दिया गया। तथा डॉक्टर के द्वारा आंखों की रोशनी का बचाव के लिये परामर्श देते हुए आंख में जलन, आंख से पानी आना जैसे बीमारियों के लिये निःशुल्क दवा दिया गया। साथ ही छात्र छात्राओं के बीच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करा कर सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रबंधन समिति की हुई बैठक, विद्यालय विकास पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में गुमला विभाग प्रमुख माननीय अखिलेश कुमार, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी सत्र 2025-26 के लिए बजट पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा गहन चिंतन-मंथन करते हुए सर्वसम्मत से बजट पास किया गया। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने मदवार एक-एक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ विद्यालय विकास एवं विस्तार पर सुझाव रखें, विद्यालय हित में कई अहम बिंदुओं को उन्होंने पास किया। इस बैठक पर विद्यालय में सुविधाओं के विकास एवं नामांकन वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। अंत में शांति मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद,उपाध्यक्ष अनूप देव पौराणिक, सचिव यदुवंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, सदस्य कन्हैया प्रसाद एवं लखन राम के साथ अन्य लोग उपस्थित थें।

## बारिश ओलावृष्टि और वज्रपात से हुए नुकसान के लिये अंचल अधिकारी ने जारी की सूचना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कूडू अंचल अधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु श्री मिश्रा ने एक सूचना जारी करते हुए सभी ग्रामीण जनता से अपील की है कि दिनांक 20 3.2025 से 21.03.2025 को हुए भारी वर्षा ओलावृष्टि एवं बज्रपात मे क्षति हुई किसी प्रकार की फसल एवं मकान से संबंधित आवेदन अंचल कार्यालय कुडू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि ससमय सभी लाभों को नियमानुसार मुआवजा का भुगतान की जा सके आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।जिसमे अंचल अधिकारी कुडू के नाम से आवेदन पत्र,लगान रसीद का फोटो कॉपी, आधार कार्ड का फोटो कॉपी, बैंक पासबुक का फोटो कॉपी,खेत में खड़ा होकर दो तीन एंगल से खिचा हुआ फोटो, मुखिया द्वारा अनुशंसा पत्र, यदि मकान क्षतिग्रस्त हुआ हो तो मकान का फोटो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है ताकि पीड़ित लोगों को उचित मुआवजा के लिए कोई परेशानी न हो।

## मैं अध्यक्ष बना तो समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों का विकास करूंगा : सुरेश चंद्र अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला मारवाड़ी सम्मेलन की एक बैठक जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ की अध्यक्षता में निर्माणाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। बैठक पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद का चुनाव सत्र 2025-27 के लिए दिनांक 13 अप्रैल 2025 को होना है। इस चुनाव पर दो प्रत्याशी बसंत कुमार मित्तल व सुरेश चंद्र अग्रवाल उम्मीदवार है। इस निमित्त सुरेश चंद्र अग्रवाल अपने सहयोगी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित पोद्दार,महामंत्री विनोद कुमार जैन,संयुक्त महामंत्री निर्भय शंकर हरित आदि इस बैठक पर उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, शिवप्रसाद राजगढ़िया, पवन पोद्दार, किशोर बंका ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने समाज की हो रहे उदासीनता पर चिंता जताते हुए कहा की समाज को ज्यादा से ज्यादा सशक्त बनाने की जरूरत है,जिससे कि अपना समाज हर क्षेत्र में अग्रसर नजर आए और लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद हो सके। ललित पोद्दार, विनोद जैन, शिवप्रसाद राजगढ़िया ने भी अपने-अपने विचारों को रखते हुए सशक्त समाज बनने पर जोर दिया। प्रत्याशी सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों से 13 अप्रैल को हो रहे प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव पर अपने पक्ष में वोट करने का आग्रह किया और अपने किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी एवं आश्वास्त किया कि हमारे कार्यकाल आने पर झारखंड प्रांत के मारवाड़ी सम्मेलन की देश में सामाजिक सेवा के कार्यो को लेकर अपनी एक अलग पहचान बनाएगी। और कहा कि मैं हर वक्त समाज के हर कोई के लिए फोन पर उपलब्ध रहूंगा और आवश्यकता पड़ने पर उक्त जगह पर पहुंचकर समस्याओं का निष्पादन करने का यथा प्रयास करूंगा। और उन्होंने आज शादी-विवाह पर हो रहे कई तरह के परेशानियों पर चिंता जताई। और कहा इसका हम सभी मिल बैठकर कोई ना कोई निष्कर्ष अवश्य निकालेंगे।

### प्राकृतिक आपदा से मची तबाही का कांग्रेस नेताओं ने लिया जायजा

## ग्रामीणों को दिया आश्वासन, सरकार से उचित पहल कराने की कही बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड में शुक्रवार की दोपहर आए प्राकृतिक आपदा आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से जमकर तबाही मची है। इस दौरान लोगों को खासा आर्थिक नुकसान उठाने पड़े है। मामले की जानकारी के उपरांत क्षेत्र के विधायक विक्सल कोंनगाड़ी के निर्देश पर शनिवार को उनके जिला प्रतिनिधि रावेल लकड़ा व अन्य कांग्रेसी नेताओं ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया। जोराम के अम्बापानी गांव के प्रमोद कुल्लू, हिरम कुल्लू, अमूस कुल्लू, मुकुट कुल्लू आदि के घरों में लगे एस्बेस्टस तक बर्फबारी में टूट गयी और घरों में पानी लबालब भर गया, जिससे पीड़ित ग्रामीणों के परिवार द्वारा घर से बाहर कर घर को रहने लायक बनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी-बारिश और ओलावृष्टि ने सबसे ज्यादा महुआ, आम और चिरौंजी जो सिमडेगा जिले का प्रमुख वनउपज है, को बरबाद करने का कार्य किया। महुआ के खोंच ओलावृष्टि के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ जिससे अब उसके फसल के बर्बाद होने की संभावना बढ़ गयी। वही खेतों में लगे मौसमी सब्जियों को भी खासा नुकसान पहुंचा है और टमाटर, बैगन, भिंडी, खीरा आदि की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इसके अलावा ठेठईटांगर के पश्चिमी क्षेत्र में भी बारिश और ओलावृष्टि ने ग्रामीणों को खासा नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है। समस्याओं से अवगत होने के उपरांत विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र में ओलावृष्टि से हुई तबाही को विधायक विक्सल कोंनगाड़ी के माध्यम से सरकार तक पहुंचाते हुए ग्रामीणों को राहत स्वरूप मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जल्द से जल्द आंकलन कराने और पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## लूटपाट के कांड में शामिल पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस ने आरोपियों को प्रेस के सामने प्रस्तुत कर बताया की सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा कोराम्बे जंगल मे हथियार के बल पर लूट कांड के पांच अपराधियों ने लूट कांड को अंजाम दिया था। जिस पर भुक्तभोगी के लिखित आवेदन पर सेन्हा थाना कांड संख्या 36/25 दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई किया गया था।उसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के बाला खटंगा निवासी अनिल कुजूर का 19 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुजूर, बसंत उरांव का 19 वर्षीय पुत्र पंकज उरांव, जितवाहन उरांव का 19 वर्षीय पुत्र विष्णुकांत उरांव, गम्हरिया निवासी स्व. विश्राम बाखला का 22 वर्षीय पुत्र विवेक बाखला और गुमला करमटोली निवासी मनोज चिक बड़ाइक का 24 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ उर्फ बादल चिक बड़ाइक को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से लूटा हुआ दो मोबाइल, चांदी का एक जोड़ा पायल, चांदी का एक चैन, पर्स, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड और 200 रुपैया नगद बरामद किया गया। साथ ही डकैती में प्रयुक्त तीन बाइक और एक देशी कट्टा तथा एक गोली बरामद किया गया सभी को गिरफ्तार करने के उपरांत मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर लोहरदगा जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन, एस आई पंकज यादव,एएसआइ असरफी बहेलिया, जमशेद खान और सशस्त्र बल तथा तकनीकी शाखा के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### बंधु तिर्की के आवास में दावत ए इफ्तार का हुआ आयोजन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)।** पूर्व शिक्षा मंत्री कांग्रेस उपाध्यक्ष बंधु तिर्की और कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की के दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित आवास पर दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया । इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश , गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, समाजसेवी डा असलम परवेज़, कांग्रेस नेता गुलाम जावेद, गुलाम गौस कुरैशी, फरहाद कुरैशी, बशीर, सद्दाम मिट्ठू, महबूब आलम, अकीलुर्हमान, मुस्तकीम आलम, छोटू, मासूक कुरैशी, बोलू, लाडले खान, परवेज़ कुरैशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विस में सैप जवानों को किया गया सम्मानित



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)।** झारखंड विधानसभा में कर्नल प्रवीण कुमार सैप 1 वाहिनी के कमांडेंट एवं नायब सूबेदार प्रकाश कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्पेशल ऑक्ज़लरी पुलिस वन वाहिनी के कंपनी द्वारा झारखंड विधान सभा परिसर के आंतरिक एवं वाह्य सुरक्षा के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मान गारद का कार्य कुशलता पूर्वक संपन्न किए जाने की सराहना करते हुए 22 मार्च 2025 को झारखंड विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किये। इस मौके पर कर्नल प्रवीण कुमार, नायब सूबेदार प्रकाश वर्मा, नायब सूबेदार अनिल कुमार, हवलदार दुंबी वोयपाई, हवलदार मनोज भेंगरा, हवलदार केश बहादुर थापा सहित पुलिस सीताराम सिंहस मनोज कुमार पांडे, रंजीत तिर्की , श्रवण कुमार, वीर बहादुर सिंह , राजीव कुमार, चामू उरांव, मनोज विधायक, मनोज तिर्की ,इंद्रजीत कुमार ,अमरेंद्र मणि सिंह ,बलविंदर सिंह, गिरिराज सिंह शेखावत, विदित नाथ पांडे शामिल हैं।

## पर्यावरणविद ने वृक्षों पर रक्षाबंधन कर मनाया विश्व वानिकी दिवस, कहा

# प्रकृति से केवल लेना ही नहीं देना भी सीखें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने शुक्रवार को जिले के छतरपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यायल के छात्राओं के साथ पौधरोपण कर विश्व वानिकी दिवस मनाया। विश्वव वानिकी दिवस कर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ कौशल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ चंदन का पौधा लगाकर व कन्या पूजन के उपरांत राष्ट्रीय गान के उदघोष के बीच किया। कस्तूरबा के छात्राओं को उन्होंने पर्यावरण धर्म की वृहद जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक भी किया। पर्यावरण धर्म की आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए डॉ कौशल ने कहा कि आज से पूरी दुनिया के वृक्षों में तेजी से नए पत्ते निकलने लगते हैं इसलिए आज का दिन वृक्षों को छठी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है । वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहां की लोग वनों की सुरक्षा और पौधा रोपण कर ही वानिकी दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपना कर्तव्य को समझें और किसी भी कीमत में वनों को आग से बचाए तभी इस दिवस को मनाने की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगने से वन्य प्राणियों की क्षति के साथ खनिज संपदा का भी



भारी नुकसान होता है। उन्होंने यह भी बताया को वनों में आग लगने से मिट्टी भी पक जाती है जिसपर नए पौधों का विकास उस गति से नहीं हो पाता है। पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण कोरोना से भी अधिक भयावह है। प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है। विश्व वानिकी दिवस पर उन्होंने ब्रह्माण्ड के सभी जीवों की रक्षा के लिए लोगों से पौधरोपण करने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता रीना कुमारी व संचालन प्रतिभा शर्मा ने की। धन्यवाद ज्ञापन श्यामंता कुमार सिंह ने किया। उक्त मौके पर वक्ताओं ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के लंबे अरसे से निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण कार्यों की सराहना की। विपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि लोग पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह देखभाल करें मौके पर शिक्षिका बेदीका तिवारी,गौरी तिवारी, राजेंद्र कुमार यादव, मुदित टेरेसा बारला, सत्य सिंह संतोष कुमार,समेत कई लोग शामिल थे।

## रुद्रप्रयाग में बच्चों ने संभाली मतदाता जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी

**रुद्रप्रयाग** : उत्तराखंड की लोक परंपरा फूल देई इस बार रुद्रप्रयाग में खास अंदाज में मनाई जा रही है। परंपरा निभाते हुए बच्चे घर-घर देहरी पर फूल बिखेर रहे हैं और साथ ही लोकतंत्र के महापर्व–मतदान–का अनूठा संदेश भी दे रहे हैं। जनपद के तीनों विकासखंडों में इन दिनों स्वीप कार्यक्रम के तहत 'फूल देई, वोट देई' अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। बच्चे फूलों के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए प्रेरित कर रहे हैं कि जैसे फूल देई में हर किसी की भागीदारी जरूरी होती है, वैसे ही मतदान भी सबकी जिम्मेदारी है। स्वीप के जिला समन्वयक वीके यादव ने बताया कि यह अभियान पूरे मार्च माह तक चलेगा।

# दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**लखनऊ** : भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम मित्र योजना के तहत लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1,000 एकड़ में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क की स्थापना के लिए शनिवार को लखनऊ में एक भव्य इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश वस्त्र परिधान नीति 2017 के अंतर्गत राज्य के वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही, पीएम मित्र पार्क के लिए 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू साइन किए गए। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर कहा कि यह पार्क उत्तर प्रदेश को



टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करेगा और 50,000 से अधिक नए रोजगार सृजित करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ में स्वीकृत इस परियोजना के लिए आयोजित इन्वेस्टर्स मीट यूपी के वस्त्र उद्योग को नई उंचाई पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के सूरत को टेक्सटाइल हब बनाया और अब इस विजन को देशभर में लागू करने के लिए सात पीएम मित्र पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक लखनऊ में है। यह देश का एकमात्र पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी में स्थापित हो रहा है। 1,000 एकड़ में बनने वाले इस पार्क के लिए डीपीआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## उड़ीसा : रत्नागिरी में मिला बौद्ध धर्म का प्राचीन खजाना

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर** : भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की टीम को उड़ीसा के रत्नागिरी गांव में खुदाई के दौरान महत्वपूर्ण बौद्ध अवशेष मिले हैं. ये खोजें भारत के प्राचीन बौद्ध इतिहास को समझने में अहम योगदान दे सकती हैं.खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध के तीन विशालकाय सिर मिले हैं, जो पत्थर से तराशे गए हैं.




इनकी बनावट बहुत ही उत्कृष्ट है और यह इस बात का प्रमाण है कि उस समय मूर्तिकला कितनी विकसित थी.कई छोटे और बड़े स्तूप भी खोजे गए हैं, जिन्हें ईंटों और पत्थरों से बनाया गया है. इनमें से कुछ स्तूपों में देवी-देवताओं की मूर्तियाँ भी उकेरी गई हैं, जो बौद्ध धर्म में समय के साथ हुए परिवर्तनों को दर्शाती हैं.खुदाई में संस्कृत भाषा में लिखे कई पत्थर पर लिखा लेख भी मिले हैं, जिससे तत्कालीन संस्कृति, भाषा और सामाजिक जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती है. खुदाई के दौरान मिले प्राचीन मिट्टी के बर्तनों से उस काल की जीवनशैली और खान-पान के बारे में जानकारी मिल सकती है.रत्नागिरी प्राचीन काल में एक महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थस्थल रहा होगा. खुदाई में मिले चैत्य (प्रार्थना स्थल) यह दर्शाते हैं कि यह स्थान किसी समय एक समृद्ध बौद्ध केंद्र था. माना जा रहा है कि यहां से बौद्ध धर्म दक्षिण भारत होते हुए अन्य दक्षिण एशियाई देशों तक पहुंचा था.एएसआई के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट प्रजनप्रति प्रधान और उनकी टीम दिसंबर 2024 से इस क्षेत्र में खुदाई कर रही है. यह खोज भारत के बौद्ध इतिहास को और अधिक स्पष्ट कर सकती है. खुदाई अभी जारी है और आगे और भी महत्वपूर्ण अवशेष मिलने की संभावना है.

# नागपुर दंगों में एक मकान और 62 गाड़ियों को हुआ था नुकसान, सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान

**एजेंसी**

**नागपुर :** 17 मार्च को नागपुर क्षेत्र में हुए दंगों के बाद सरकार ने पंचनामा और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पंचनामा रिपोर्ट के मुताबिक, दंगे में कुल 62 वाहनों को नुकसान हुआ था जिनमें 36 कारें, 22 दोपहिया वाहन, 2 क्रेन और 2 तीन पहिया वाहन शामिल हैं। इसके अलावा एक मकान को भी नुकसान पहुंचा था। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पंचनामा शुरू करने का आदेश दिया था, जिसके बाद नागपुर के जिलाधिकारी ने इस प्रक्रिया को लागू किया। नागपुर में जिला प्रशासन ने इसके साथ ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जिन लोगों के वाहनों का पूरी तरह से नुकसान हुआ है, उन्हें 50,000 का मुआवजा मिलेगा। इसके अलावा जिन गाड़ियों को कम नुकसान हुआ है, उनके लिए 10,000 का



मुआवजा निर्धारित किया गया है। जो लोग बीमा का लाभ उठा चुके हैं, उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाएगा। दंगे के दौरान जिनकी संपत्तियों को नुकसान हुआ, उनके पंचनामा की प्रक्रिया अब शुरू की जा चुकी है। प्रशासनिक कर्मचारी और अधिकारी घर-घर जाकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं और सभी का लेखा-जोखा तैयार कर रहे हैं। बता दें कि नागपुर में हिंसा इस अफवाह के बाद फैली कि औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाई गई थी।

हिंसा के इस मामले में अब तक कुल 105 लोग पकड़े गए हैं। पुलिस के मुताबिक, नागपुर हिंसा के सिलसिले में 10 किशोर भी हिरासत में लिए गए हैं। बता दें कि हिंसा के दौरान डीजीपी स्तर के 3 अधिकारियों सहित 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी एवं 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' की शहर इकाई प्रमुख फहीम खान और 5 अन्य के खिलाफ राजद्रोह और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

## तेजी से पिघल रहे हैं दुनिया के हिमनद, 49 वर्ष में खो चुके 9000 अरब टन बर्फ

**नई दिल्ली :** दुनिया के ग्लेशियर (हिमनद) बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। ताजा अध्ययन में सामने आया कि 2022 से 2024 के बीच, ग्लेशियरों ने अब तक की सबसे अधिक बर्फ खो दी है। इससे पानी की कमी, समुद्र के बढ़ते स्तर और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ रहा है। ग्लेशियरों के इस संकट की तरफ ध्यान खींचने के लिए शुक्रवार को पहली बार विश्व ग्लेशियर दिवस मनाया गया। इस मौके पर विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) और विश्व ग्लेशियर निगरानी सेवा (डब्ल्यूजीएमएस) की ओर से एक रिपोर्ट जारी कर चेताया गया है। डब्ल्यूजीएमएस की रिपोर्ट के अनुसार, 1975 से अब तक दुनियाभर के ग्लेशियर 9,000 अरब टन से अधिक बर्फ खो चुके हैं। यह इतनी बर्फ है कि इससे जर्मनी के ऊपर 25 मीटर मोटी बर्फ की चादर बिछ सकती है।

# अनेकता में एकता ही भारत की पहचान है : डिप्टी सीएम

**एजेंसी**

**रायपुर :** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर निवास कार्यालय में कहा कि, भारत में रहने वाले सभी एक है। अनेकता में एकता ही भारत की पहचान है। देश विविध संस्कृति और सभ्यता से मिलकर बना है। सभी की अपनी परंपराएं हैं और सब मिलकर ही देश बनता है, इसलिए एक भारत श्रेष्ठ भारत है। उप मुख्यमंत्री साव ने ग्रीष्मकाल में जल संकट पर कहा कि, समय के साथ जल की कीमत पूरी दुनिया को समझ में आ रहा है।



जल है तो कल है, ये केवल नारे नहीं है, यह हकीकत है। उन्होंने कहा कि, लगातार जल स्तर नीचे गिरते जा रहा है। ये सभी के लिए चिंता का विषय है। इससे बचने के लिए सबको समन्वित प्रयास करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि, अच्छी बारिश नहीं होने के कारण गांवों के तालाब नहीं भर रहे, बारिश का पानी धरती पर रुकना बेहद जरूरी है। साव ने कहा कि, गांवों के साथ शहरों में वर्षा जल को संरक्षित करने वॉटर हार्वेस्टिंग कराना चाहिए, ताकि जलस्तर बरकरार रहे, सबको नई सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री साव ने कहा कि, सरकार लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। सभी विभागों को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है। वहीं सरकार के साथ साथ हर नागरिक को भी इस दिशा में जागरूक होना पड़ेगा। आज जल संचय, जल संरक्षण, जल संवर्धन पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है।साव ने विधायकों के प्रशिक्षण पर कहा कि, यह विधानसभा की ओर से सभी विधायकों के लिए आयोजित किया गया है।

# डोगरा बटालियन का मनाया गया प्लेटिनम जुबली समारोह



**एजेंसी**

**देहरादून :** 14 डोगरा बटालियन का 75वां स्थापना दिवस है। 14 डोगरा बटालियन का गठन 1 जुलाई 1948 को जालंधर छावनी में किया गया था और इस बटालियन को अब तक सात बार यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही विशिष्ट कार्य करने वालों सैनिकों को सम्मानित किया गया। प्लेटिनम जुबली समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने डोगरा बटालियन को शुभकामनााएं दी। इस मौके पर उन्होंने और सेना डाक सेवा कोर ने संयुक्त रूप से 14 डोगरा बटालियन स्पेशल-डे कवर का विमोचन किया और बटालियन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कर्नल मयंक माथुर, कमांडिंग ऑफिसर ने भी राज्यपाल को सम्मान स्वरूप 14 डोगरा बटालियन का स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल ने सेवारत सैनिकों की प्रतिबद्धता, निस्वार्थ समर्पण और सेवा की सराहना की और पूर्व सैनिकों के योगदान की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में देहरादून में दूसरी बार तैनात यह बटालियन उत्तराखंड में तीन बार कार्यरत रही है, जिसमें अक्टूबर 2021 में नैनीताल जिले में बाढ़ राहत अभियान, ऑपरेशन राहत में भी बटालियन की सराहनीय भूमिका रही। समारोह में 14 डोगरा के 80 सेवानिवृत्त अधिकारी, 350 सेवानिवृत्त जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) और 500 सेवानिवृत्त अन्य ने भाग लिया। इस अवसर पर ले. जनरल अरविन्द दत्ता, ले. जनरल जसबीर सिंह, ले. जनरल एम एस डडवाल, मेजर जनरल संजय हुड्डा आदि मौजूद रहे।

## ऋषिकुल मैदान पर जन सेवा थीम की तैयारियां शुरू

**हरिद्वार** : जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर जन सेवा थीम पर 23 मार्च को ऋषिकुल मैदान में आयोजित होने वाले बहुद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों में किसी तरह की कोई कोताही न बरती जाए, पानी, बिजली, टॉयलेट, पार्किंग के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बाहर से आने वाले लाभार्थियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने पुलिस विभाग से रूट प्लान की जानकारी लेते हुए रूट प्लान के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न ब्लाकों से आने वाले लाभार्थियों के खान-पान के लिए पौष्टिक भोजन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए।

# सीखने से ही जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगी प्रभावी : मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**रायपुर :** हम सभी के बीच मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए और छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों में यह बात हमेशा से कायम है। छत्तीसगढ़ का विकास हमारा मूल उद्देश्य है और जनप्रतिनिधि के रूप में हमें प्रदेशवासियों के हित में सदैव समर्पित होकर काम करना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में आज शनिवार को आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा सीखते रहने की बात करते है और निश्चित रूप से सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। यहां कई ऐसे विधायक मौजूद है, जिनका जनप्रतिनिधि के रूप में लंबा अनुभव



है, लेकिन वे भी इस कार्यक्रम को लेकर बहुत अधिक उत्साहित है। श्री साय ने कहा कि आप सभी सदस्यों की मौजूदगी यह साबित करती है कि छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर आप कितने चिंतित भी है और उत्साहित भी है।साय ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में आमजनों से आपका व्यवहार सबसे बड़ी पूंजी है और यह लोगों के मन में आपके और संसदीय व्यवस्था के प्रति विश्वास को अधिक मजबूत करेगा।

विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को पाने में प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयोगी- मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम नवीन समाधानों को साझा करने का मजबूत मंच है और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को पाने में यह उपयोगी और सार्थक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की संकल्पना को स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि ई ऑफिस की व्यवस्था से प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता भी बड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हमें प्रदेश को आगे ले जाना है तो सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए समान रूप से तैयार रहना होगा। उन्होंने सार्वजनिक हित में तकनीक के सदुपयोग पर विशेष जोर दिया।